आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 28°C | 13°C |

इनसाइड न्यूज

वरिष्ठ अधिकारी स्वयं सड़क पर उतरें, महाकुंभ के चलते लग रहे जाम...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शनिवार 15 फरवरी, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 16, अंक: 124 | www.janexpresslive.com/epaper



मोदी मुझसे बेहतर नेगोशिएटर: ट्रंप 12

# यूपी अब बीमारू राज्य नहीं रहा: नितिन गडकरी

## नितिन गडकरी ने लखनऊ में 1028 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास

- राजनाथ सिंह और गडकरी की मौजूदगी में लखनऊ में 4 लेन के 2 फ्लाईओवर का हुआ उद्घाटन
- यूपी में रामराज्य स्थापित करने में सफल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ: गडकरी
- केंद्रीय परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गिनाईं विकास की उपलब्धियां
- देश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाले अग्रणी राज्यों में शामिल है यूपी- नितिन गडकरी
- लॉजिस्टिक लागत कम कर भारत को बनाएंगे आर्थिक महाशक्ति- नितिन गडकरी
- कुंभ मेले से यूपी की जीडीपी में 3 लाख करोड़ की बढ़ोतरी- नितिन गडकरी
- रक्षा मंत्री के मार्गदर्शन से लखनऊ और यूपी के विकास को मिली नई गति- सीएम योगी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश को भारत की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दे रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं रहा, बल्कि यह देश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाले अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यूपी में रामराज्य स्थापित करने में सफलता हासिल की है। नितिन गडकरी लखनऊ में आयोजित 1028 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे।




### उत्तर प्रदेश में हो रहा बुनियादी ढांचे का ऐतिहासिक विकास- गडकरी

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब तक 1.25 लाख करोड़ रुपये की सड़कों का निर्माण पूरा हो चुका है, 1 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं और 1 लाख करोड़ रुपये की योजनाएं पाइपलाइन में हैं। उन्होंने कहा कि कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे का निर्माण देश में पहली बार 'ऑटोमेटेड इंटेलिजेंट मशीन एंड गाइडेड कंस्ट्रक्शन' तकनीक से किया जा रहा है, जिससे सड़क की गुणवत्ता बेहतर होगी और 10 वर्षों तक उस पर कोई गड्ढा नहीं बनेगा। इसके अलावा, पूर्वांचल को औद्योगिक विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए वाराणसी से कोलकाता और गोरखपुर से सिलीगुड़ी तक 75,000 करोड़ रुपये की लागत से सड़कों का निर्माण प्रस्तावित है। गडकरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अनुरोध किया कि इन परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण और पर्यावरणीय स्वीकृतियों को शीघ्रता से पूरा किया जाए, जिससे इनका काम जल्द शुरू किया जा सके।

### इन प्रमुख परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण

- बसंतकुंज योजना के निकट नागरियाकला में 400 केएल एवं जी-20 रोड जनेश्वर मिश्र पार्क के निकट 20 केएल स्ट्रॉम ड्रेनेज हेतु फ्लड पम्पिंग स्टेशन
- बसंतकुंज योजना के सेक्टर-आई में 6 डीप नलकूप सीजी सिटी में हार्मनी पार्क म्यूजिकल एवं स्पोर्ट्स पार्क
- अहिमामऊ में कल्याण मंडप

### शिलान्यास होने वाली प्रमुख परियोजनाएं

- कबीरनगर-देवपुर पारा योजना में 1,032 ईडब्ल्यूएस आवास एवं सड़क
- गोमती पर कुकरैल नदी से बैकुंठ धाम तक 4 लेन ब्रिज
- सीजी सिटी योजना के दक्षिणी भाग में ग्रीन पार्क
- शहीद पथ से किसान पथ की ओर गोमती के एलएचएस तटबंध पर सड़क
- बसंतकुंज आवासीय योजना में बरीकला बैरल के पास 400 केएल क्षमता का फ्लड पंपिंग स्टेशन
- गोमती पर पक्के पुल के पास बंधों पर 4 लेन आर्च सेतु एवं पहुंच मार्ग
- माल-दुबग्गा मार्ग (17 किमी) का सुदृढ़ीकरण
- नगराम-निगोहा मार्ग के चैनेज 20 से 29.750 तक का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण
- कुर्री-सुदौली मार्ग (लंबाई-5.730 किमी) का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण

### सर्विस रोड के निर्माण हेतु 45 करोड़ स्वीकृत


रक्षा मंत्री ने कहा कि लखनऊ में यातायात सुगमता के लिए कई फ्लाईओवर और हाईवे बनाए जा रहे हैं। पॉलिटेक्निक चौराहे से मुंशी पुलिया तक 170 करोड़ रुपये की लागत से बने चार लेन फ्लाईओवर और इंदिरा नगर से खुर्रमनगर तक 270 करोड़ रुपये की लागत से बने फ्लाईओवर का लोकार्पण किया गया। इसके अतिरिक्त, अमर शहीद पथ के पास सर्विस रोड के निर्माण हेतु 45 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ के रेलवे नेटवर्क को और अधिक उन्नत किया जा रहा है। गोमतीनगर रेलवे टर्मिनस, आलमनगर सैटेलाइट स्टेशन, ऐशबाग और बादशाहनगर रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण कार्य पूर्ण हो चुके हैं। ट्रांसपोर्ट नगर और उत्तरेठिया स्टेशन का उच्चीकरण भी किया जा रहा है। हवाई सेवाओं को भी विस्तार देने के लिए लखनऊ एयरपोर्ट का विस्तार किया जा रहा है। ताकि, अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की सुविधा और बेहतर हो सके।

### 1.25 लाख करोड़ रुपये की सड़कों का काम पूरा

नितिन गडकरी ने कहा कि यूपी में अब तक 1.25 लाख करोड़ रुपये की सड़कों का काम पूरा हो चुका है। एक लाख करोड़ की परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। कहा कि कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे का निर्माण देश में पहली बार ऑटोमेटेड इंटेलिजेंट मशीन एंड गाइडेड कंस्ट्रक्शन तकनीक से किया जा रहा है। कहा कि इससे गुणवत्ता बेहतर होगी। 10 वर्षों तक उसमें कोई गड्ढा नहीं होगा। इसके अलावा, पूर्वांचल को औद्योगिक विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए वाराणसी से कोलकाता और गोरखपुर से सिलीगुड़ी तक 75,000 करोड़ रुपये की लागत से सड़कों का निर्माण प्रस्तावित है।

### किसानों को बनाया जा रहा ऊर्जा और ईंधन दाता

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय देशों में लॉजिस्टिक लागत 12 फीसदी और चीन में आठ फीसदी है। जबकि, भारत में यह पहले 16 फीसदी थी। मोदी सरकार ने इसे घटाकर नौ फीसदी तक लाने का लक्ष्य रखा है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को डेढ़ गुना बढ़ावा मिलेगा। करोड़ों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर खुलेंगे। उन्होंने बताया कि सरकार बायोफ्यूल, एथेनॉल, इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों को बढ़ावा दे रही है। इससे किसानों को न केवल अन्नदाता, बल्कि ऊर्जा और ईंधन दाता भी बनाया जा रहा है।



### कुंभ मेले से यूपी की जीडीपी में 3 लाख करोड़ की बढ़ोतरी- गडकरी

गडकरी ने बताया कि प्रयागराज में हुए कुंभ मेले से राज्य की अर्थव्यवस्था को जबरदस्त फायदा हुआ। इस आयोजन से उत्तर प्रदेश की जीडीपी में 3 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। पर्यटन एक ऐसा क्षेत्र है, जो कम लागत में ज्यादा रोजगार उत्पन्न करता है। होटल, टैक्सी, रेस्टोरेंट, छोटे व्यवसाय और स्थानीय कारीगरों को इसका सीधा लाभ मिला। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर और पर्यटन की वृद्धि उत्तर प्रदेश को आर्थिक रूप से और सशक्त बनाएगी। गडकरी ने कहा कि केंद्र सरकार की नई इन्वेस्टमेंट पॉलिसी के तहत एनएचएआई के बांड्स को स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध किया गया, जिससे हजारों करोड़ रुपये की पूंजी जुटाई गई। इससे स्पष्ट होता है कि देश में पैसों की कमी नहीं है, बल्कि सही नीति और पारदर्शिता से विकास को गति दी जा सकती है।

संबंधित खबर पेज 03 पर




### उत्तर प्रदेश में धार्मिक पर्यटन में वृद्धि हुई-रक्षा मंत्री



रक्षा मंत्री ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के विकास के बाद उत्तर प्रदेश में धार्मिक पर्यटन में वृद्धि हुई है। लखनऊ में रियल एस्टेट, होटल इंडस्ट्री और चिकित्सा क्षेत्र में भी नए निवेश देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने नितिन गडकरी से लखनऊ में और अधिक सड़क और इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए अनुरोध किया। जिन्हें केंद्रीय मंत्री ने स्वीकृति दे दी।

# मदरसों के नाम पर सरकारी धन का बंदरबांट, आजमगढ़ में 11 पर केस

- एसआईटी की जांच में 219 मदरसे ऐसे जो अस्तित्व में ही नहीं
- जांच में 313 मदरसे ऐसे मिले जो मानकों पर नहीं उतरे खरे

**संतोष कुमार दीक्षित**

**राज्य मुख्यालय।** मदरसे संचालन के नाम पर फर्जीवाड़ा कर वर्षों से सरकारी धन का बंदरबांट कर रहे आरोपितों पर अब प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। आजमगढ़ जिले में संचालित मिले अस्तित्वहीन मदरसा संचालकों पर कार्रवाई शुरू हो गई है। मामले में 6 फरवरी को ईओडब्ल्यू के निरीक्षक कुंवर ब्रम्ह प्रकाश सिंह की शिकायत पर कंधरापुर थाने में पहला मुकदमा दर्ज किया गया था। मदरसा प्रबंधक रुमाना बानो पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। जांच के दौरान आजमगढ़ जिले में मदरसा पोर्टल पर 313 मदरसे ऐसे मिले जो मानक के अनुरूप संचालित नहीं थे। मामले में जब एसआईटी ने जांच की 219 मदरसे अस्तित्व में ही नहीं हैं, लेकिन इनके नाम पर सरकारी मद से धन पहुंच रहा था।



### 2009 में मदरसों में गड़बड़ी का मामला आया था सामने

यहां बताना जरूरी है कि साल 2009-10 के बीच मदरसों को बिना भौतिक सत्यापन के मान्यता और अनुदान देने का मामला सामने आया था। इसके बाद साल 2017 में इसकी शिकायत प्रदेश सरकार से की गई थी जिसके बाद योगी सरकार ने जांच के आदेश दिए थे और पड़ताल के दौरान 387 मदरसे वैध मिले थे जबकि 313 मदरसों में गड़बड़ियों की बात सामने आई थी। इसके बाद मामले की जांच शासन ने एसआईटी टीम को दी थी।

### मदरसे की जगह शटरनुमा दुकानें संचालित

एसआईटी ने जब अपनी जांच पड़ताल आगे बढ़ाई तो देखा कि मदरसा प्रबंधकों की ओर से मदरसा पोर्टल पर दर्ज कराए गए डाटा के आधार वाली जगह पर मदरसे की जगह शटरनुमा दुकानें संचालित मिलीं। वहीं कई पतों पर मदरसे ही गायब थे।

### भ्रष्टाचार पर वार, तीन पीसीएस अफसरों पर कार्रवाई

जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलते हुए योगी सरकार ने कुशीनगर में जमीन घोटाले में दोषी पाए गए अफसर गणेश प्रसाद सिंह को बर्खास्त कर दिया है, जबकि दो अन्य अफसरों पर निलंबन की कार्रवाई की गई है। गणेश प्रसाद जौनपुर के जिला राजस्व अधिकारी थे। इसी दौरान सड़क निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण के दौरान सांठगांठ करके करोड़ों रुपये का घोटाला किया था। इसकी शिकायत शासन तक पहुंची थी जिसके बाद जांच पड़ताल की गई और सामने आया कि बदलापुर, मछलीशहर, मड़ियाहूं और सदर तहसील क्षेत्रों में अधिग्रहित की गई जमीन में करोड़ों रुपए की गड़बड़ी की गई थी। शासन ने सख्ती बरतते हुए गणेश प्रसाद की सेवाएं समाप्त कर दीं। वहीं बरेली में तैनात एडीएम आशीष कुमार और मऊ में तैनात एडीएम मदन कुमार की सितारगंज हाइवे में भूमि अधिग्रहण घोटाले में संलिप्तता पर का दोषी पाया था जिसके बाद दोनों पीसीएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया।

### शासन के निर्देश पर मदरसों पर कार्रवाई

जांच के बाद एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी, जिसमें 219 ऐसे मदरसे मिले थे जो अस्तित्व में ही नहीं थे। प्रकरण में आरोपितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए थे, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई थी। मगर अब आरोपितों पर केस दर्ज होने शुरू हो गए हैं। मामले में छह फरवरी को पहला मुकदमा कंधरापुर थाने में दर्ज हुआ था। आठ फरवरी को आठ मुकदमे दर्ज हुए। जिसमें रौनापार थाना में तीन मुकदमे, सिधारी थाना में चार और बिलरियागंज थाने में एक मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# संभल हिंसा के आरोपी का पुलिस ने लगाया पोस्टर

## पोस्टर में कहा गया है कि जो भी व्यक्ति इस व्यक्ति के बारे में जानकारी देगा, उसे नकद इनाम मिलेगा

- पुलिस ने यह भी कहा कि सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी
- एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई के अनुसार उनके पास और भी चेहरे हैं और इन सभी पोस्टरों को शहर के मुख्य चौराहों पर लगाया जाएगा
- 24 नवंबर 2024 को संभल में स्थानीय शाही जामा मस्जिद के निरीक्षण के लिए अदालत के आदेश के बाद भड़की हिंसा में पांच लोग मारे गए थे

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

संभल में पुलिस ने गुरुवार को एक व्यक्ति के कई पोस्टर लगाए, जिसमें उसे पिछले साल नवंबर में शहर में भड़की हिंसा का आरोपी बताया गया है और कहा गया है कि जो भी व्यक्ति इस व्यक्ति के बारे में जानकारी देगा, उसे नकद इनाम मिलेगा। पुलिस ने यह भी कहा कि सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। 24 नवंबर 2024 को संभल में स्थानीय शाही जामा मस्जिद के निरीक्षण के लिए अदालत के आदेश के बाद भड़की




हिंसा में पांच लोग मारे गए थे। मामले में पुलिस ने आरोपी का पोस्टर लगाया है। संभल हिंसा मामले में पुलिस द्वारा एकमात्र आरोपी का पोस्टर लगाने का यह पहला मामला है। संभल के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कृष्ण कुमार बिश्नोई के अनुसार उनके पास और भी चेहरे हैं और इन सभी पोस्टरों को शहर के मुख्य चौराहों पर लगाया जाएगा, जिसमें अपील की जाएगी कि स्थानीय निवासी उन्हें गिरफ्तार करने में पुलिस की मदद करें।

### कोर्ट ने दिया था सर्वेक्षण का आदेश

पिछले साल 24 नवंबर को संभल में स्थानीय शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के लिए अदालत के आदेश के बाद भड़की हिंसा में पांच लोग मारे गए थे। सर्वेक्षण का आदेश तब दिया गया जब एक पुजारी और छह अन्य लोगों ने दीवानी मुकदमा दायर कर दावा किया कि मस्जिद की जगह पर कभी मंदिर हुआ करता था।

### इशारा करते हुए दिखाई दे रहा है कि लोग उसके पीछे आएं

जिला पुलिस द्वारा स्थानीय मीडिया को जारी किए गए एक वीडियो में, पोस्टर में आरोपी कथित तौर पर लोगों को इशारा करते हुए दिखाई दे रहा है कि वे उसके पीछे आएं, क्योंकि 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद की ओर भीड़ बढ़ रही थी।

### पुलिस ने अब तक इस मामले में 76 आरोपियों को गिरफ्तार किया

संभल पुलिस ने अब तक इस मामले में 76 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें चार महिलाएं भी शामिल हैं, जिन्होंने कथित तौर पर अपने घरों की छतों से पुलिस पर पथराव किया था। जेल में बंद सभी लोगों को अब तक जमानत नहीं दी गई है।

# महाकुंभ में भगदड़ क्या साजिश थी, पुलिस के हाथ खाली

## अभी तक इस दावे का समर्थन करने के लिए पुलिस को कोई ठोस सबूत नहीं मिला है

- 29 जनवरी की भगदड़ में कम से कम 30 लोगों की जान चली गई थी
- अधिकारियों के अनुसार पुलिस कुंभ क्षेत्र से प्राप्त तस्वीरों और वीडियो का विश्लेषण कर रही है
- भगदड़ से पहले किसी भी तरह की गड़बड़ी के संकेतों पर कड़ी निगरानी रख रही है

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

पिछले महीने महाकुंभ में हुई भगदड़ के दो सप्ताह से अधिक समय बाद भी यूपी पुलिस अभी भी इस बात की जांच कर रही है कि क्या यह एक ÷साजिश÷ थी। लेकिन अभी तक इस दावे का समर्थन करने के लिए कोई ठोस सबूत नहीं मिला है। हादसे में कम से कम 30 लोगों की जान चली गई थी। 29 जनवरी की भगदड़ के सिलसिले में अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।



अधिकारियों के अनुसार पुलिस कुंभ क्षेत्र से प्राप्त तस्वीरों और वीडियो का विश्लेषण कर रही है और भगदड़ से पहले किसी भी तरह की गड़बड़ी के संकेतों पर कड़ी निगरानी रख रही है। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने घटनास्थल पर श्रद्धालुओं की गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए कई बार घटना की फुटेज देखी। कुंभ प्रशासन ने भगदड़ वाली जगह समेत पूरे इलाके में कैमरे लगाए हैं। अधिकारी ऑनलाइन सामने आई घटना की तस्वीरों और वीडियो की भी जांच कर रहे हैं। जांच की निगरानी कर रही पुलिस ने अभी तक कुछ भी नहीं कहा है, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि भगदड़ को भड़काने वाले किसी भी व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की तलाश भी नहीं कर रहे हैं।

### भगदड़ के लिए जिम्मेदार किसी व्यक्ति या समूह की पहचान नहीं हो सकी है

सूत्रों ने बताया कि जांचकर्ताओं को अभी तक किसी साजिश का ठोस सबूत नहीं मिला है, तथा भगदड़ के लिए जिम्मेदार किसी व्यक्ति या समूह की पहचान नहीं हो सकी है। डीआइजी (कुंभ) वैभव कृष्ण ने पूछताछ जारी होने की पुष्टि की है।

### तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने भगदड़ की जांच शुरू की

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश हर्ष कुमार की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने भगदड़ की जांच शुरू कर दी है। टीम ने घटनास्थल का दौरा किया है और अधिकारियों से जानकारी जुटाई है। अन्य सदस्य पूर्व डीजीपी वीके गुप्ता और सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डीके सिंह हैं। आयोग जांच के हिस्से के रूप में घटनास्थल के वीडियो फुटेज की भी जांच करेगा।

### एक महीने के भीतर रिपोर्ट सौंपनी है

आयोग को भगदड़ के कारणों और परिस्थितियों की जांच करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सिफारिशें देने का भी काम सौंपा गया है। आयोग को अपने गठन के एक महीने के भीतर रिपोर्ट सौंपनी है।

### एक अन्य घटना की भी जांच कर रही

पुलिस महाकुंभ नगर के झूंसी इलाके में हुई एक अन्य घटना की भी जांच कर रही है। झूंसी इलाका उस जगह से करीब दो किलोमीटर दूर है जहां भगदड़ मची थी। जांच टीम इलाके की तस्वीरें और वीडियो भी खंगाल रही है। इस मामले में अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। डीआईजी कृष्णा के अनुसार घटना की जांच अभी जारी है। भगदड़ बुधवार को लगभग 1÷30 बजे घटित हुई, जब 29 जनवरी को भीड़ संगम नोज की ओर बढ़ रही थी।

### सीएम योगी ने दावा किया कि भगदड़ के पीछे एक षड्यंत्र था


घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया कि भगदड़ के पीछे एक ÷षड्यंत्र÷ था और सरकार द्वारा गठित जांच आयोग और पुलिस की जांच में पहचान होने के बाद जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बृजवासियों को दानव बताए जाने पर धीरेंद्र शास्त्री का विरोध, लोग बोले, मांफी मांगें

**जन एक्सप्रेस। वृंदावन**

प्रेमानंद महाराज की पद यात्रा में शामिल बैंड बाजों की ध्वनि व ज्वलनशील पटाखों का विरोध कर रहे कॉलौनी वासियों को बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा दानव बताए जाने का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ के तत्त्वाधान में परशुराम पार्क में एकत्रित हुए विभिन्न संगठनों के लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि प्रेमानंद महाराज स्वयं बृजवासियों का आदर करते हैं, लेकिन धीरेंद्र शास्त्री ने प्रेमानंद महाराज का सहारा लेकर बृजवासियों को अपमानित किया है। जबकि उन्हें यही नहीं मालूम कि बृजवासियों ने प्रेमानंद महाराज की पदयात्रा का विरोध नहीं किया है, बल्कि उन्होंने यात्रा शामिल होने वाले बैंड बाजों और पटाखों का विरोध किया है।

# महाकुंभ में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा पहुंचा 50 करोड़ के पार



**जन एक्सप्रेस। महाकुंभ नगर**

गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती का तट विश्व के सबसे बड़े मानव समागम का साक्षी बन गया है। त्रिवेणी में पर 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। श्रद्धालुओं के आने का क्रम लगातार जारी है। तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर बीते 13 जनवरी से आयोजित हो रहा दिव्य-भव्य धार्मिक, सांस्कृतिक समागम महाकुंभ अब इतिहास रच चुका है। यहां अबतक 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम की है। 50 करोड़ से अधिक की यह संख्या किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या सामाजिक आयोजन में मानव इतिहास की अबतक की सबसे बड़ी सहभागिता बन चुकी है। इस विराट समागम का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि दुनिया में केवल भारत और चीन की जनसंख्या ही यहां आने वाले लोगों की संख्या से अधिक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के सुव्यवस्थित प्रयासों से भारत की इस प्राचीन परंपरा ने अपनी दिव्यता और भव्यता से पूरी दुनिया को मुग्ध कर दिया है।

# मेला क्षेत्र का भ्रमण कर डीएम-एसपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



प्रयागराज महाकुंभ मेला 2025 के दृष्टिगत जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। शुक्रवार को भी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने मेला क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही ड्यूटि में तैनात अधिकारियों व पुलिसकर्मियों को श्रद्धालुओं से विनम्रतापूर्वक व्यवहार करते हुए मेले को सकुशल सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।

शुक्रवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने प्रयागराज महाकुंभ मेला 2025 के दृष्टिगत रामघाट व निर्मोही अखाडा का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान डीएम व एसपी ने सड़क पर अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटवाने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया। साथ ही मेला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने मेला क्षेत्र में ड्यूटि में लगे अधिकारियों व पुलिसकर्मियों को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि धर्मनगरी आने वाले श्रद्धालुओं से विनम्रतापूर्वक व्यवहार करते हुए मेले को सकुशल सम्पन्न कराए। प्रातः कालीन भ्रमण के बाद डीएम व एसपी ने एक बार फिर यातायात व्यवस्था का जायजा लेने के लिए बेड़पुलिया से कर्वी तक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि रात्रि में निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति होनी चाहिए। साथ ही सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंदाकिनी नदी में बैरिकेडिंग के साथ पोस्टर लगवाएं, जिससे श्रद्धालु अंदर न जाने पाए। इसके अलावा यातायात पुलिस कर्मी इस बात का ख्याल रखें कि सड़क की पटरी पर वाहन न खडे हों। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका कर्वी लालजी यादव, सीतापुर चैकी प्रभारी अनिल गुप्ता, पीआरओ प्रदीप पाल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### ड्रोन कैमरों से की जा रही निगरानी

चित्रकूट। प्रयागराज महाकुंभ मेला 2025 व शब-ए-बारात त्यौहार के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन द्वारा शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत रामघाट, निर्मोही अखाड़ा, यूपीटी तिराहा, बेडीपुलिया, टैम्पो स्टैण्ड, यूपी-एमपी बॉर्डर, धनुष चैराहा, पटेल तिराहा, बस स्टैण्ड सहित भीड़-भाड़ वाले महत्वपूर्ण स्थानों की ड्रोन कैमरे से निगरानी की गयी।

### हमलावरों ने युवक पर कुल्हाड़ी से किया जानलेवा हमला पहुंचा अस्पताल

जन एक्सप्रेस/उरई। डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जैसारी कला में गांव के ही दो दबंग दो लोगों ने युवक पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर लहूलुहान कर दिया। जिसे गम्भीर हालत में उठाकर उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जैसारी कला निवासी जयनारायण सिंह ने बताया कि उसका छोटा भाई कौशल यादव घर में मौजूद था। आरोप लगाया कि तभी गांव के ही निवासी दबंग नरेश और राम अवतार ने मोबाइल फोन कर उसके भाई कौशल को घर के बाहर बुलाया और बंधक बनाने लगे। इस दौरान उसने बचाओ करते हुए तो चीखना चिल्लाना शुरू कर दिया। चीखने चिल्लाने पर हमलावरों ने गाली गलौज करते हुए उस पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिससे वह लहूलुहान होकर वह गिर गया। वहीं शोरगुल सुनकर गांव के लोग ललकार लगाते हुए मौके पर पहुंचे तो हमलावर मौके से फरार हो गए। बड़ा भाई जयनारायण सिंह ने घायल अवस्था में अपने छोटे भाई को घर लाया। बताया कि कुछ दिन से किसी बात को लेकर भाई से तनाव चल रहा था। मामले में इंस्पेक्टर शशिकांत चौहान ने बताया कि तहरीर मिली है। मेडिकल परीक्षण व जांच के बाद कार्रवाई होगी।

## एसपी ने परेड की सलामी लेकर किया पुलिस लाइन्स का निरीक्षण



जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन्स में साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। साथ ही पुलिस लाइन्स परिसर का भी निरीक्षण किया तथा सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस लाइन्स में परेड निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को टर्न आउट चेक किया। साथ ही परेड ग्राउण्ड में उपस्थित सभी टोलियों की ड्रिल देखी एवं आवश्यक सुधार के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने परिवहन शाखा जाकर थानों से आयी समस्त चार पहिया वाहनों, 112 पीआरवी वाहनों तथा अन्य वाहनों का निरीक्षण कर प्रभारी परिवहन शाखा को मरम्मत के लिए निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस लाइन्स परिसर का भ्रमण कर आरक्षी बैरिक, सीपीसी कैंटीन, भोजनालय का निरीक्षण किया तथा क्वार्टर गार्द का निरीक्षण कर सलामी ली। साथ ही आदेश-कक्ष में पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम किया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रदीप पाल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### आमने-सामने बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

जन एक्सप्रेस/माधौगढ। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा बंगरा में रेढर तिराहे पर दो बाइकों में जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों बाइकों पर सवार तीन लोगों में एक की मौत हो गई जबकि दो लोगों का इलाज चल रहा है। माधौगढ कोतवाली क्षेत्र के कस्बा बंगरा निवासी राहुल राठौर 30 वर्ष बाइक सवार होकर खेतो से अपने घर जा रहा था। तभी जालौन कोतवाली क्षेत्र के गांव उरगांव निवासी कुअर सिंह कुशवाहा 68 वर्ष अपने छोटे भाई बब्बू कुशवाहा 55 के साथ बाइक से माधौगढ किसी काम से जा रहा था। इस दौरान दोनों बाइकों की बंगरा में रेढर तिराहे पर जोर भिड़न्त हो गई। जिसमें दोनों बाइकों पर सवार तीनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना से वहां अफरातफरी मच गई और मौजूद लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों लोगों को उठाकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद डाक्टरों ने राहुल राठौर को मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और परिजनों को घटना की खबर दी। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और वह रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल घटना के बाद से मृतक की मां निर्मला पत्नी रुवी पुत्री अन्नवी 3 व अनन्या 2 वर्ष का रो रोकर बुरा हाल है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव

जन एक्सप्रेस/उरई। कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला राजेंद्र नगर में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने पूरे मामले को संज्ञान में लेते हुए बारीकी से जांच पड़ताल शुरू कर दी। शहर के मुहल्ला राजेंद्र नगर में बालकिशुन प्रजापति 28 वर्ष अपनी पत्नी रानी प्रजापति के साथ धीरेंद्र के मकान में किराए पर रहता था। बताया गया है कि वह कोई काम नहीं करता था, बल्कि उसकी पत्नी रानी घरों में खाना बनाने का काम करती थी। उससे जो पैसे मिलते थे तो झगड़ा करके बालकिशुन छीन लेता था और दिन भर शराब पीता रहता था। गुरुवार की शाम को पत्नी काम पर गई थी, और जब वह शाम को घर लौटी तो उसका पति उसे बेसुध हालत में पड़ा हुआ मिला,और उसके मुंह से झाग निकल रहा था। इसके बाद वह मकान मालिक के साथ इलाज के लिए मेडिकल कालेज लेकर पहुंची जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने जानकारी लेते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल घटना को लेकर पुलिस हर पहलू पर जमीनी स्तर से जांच पड़ताल करने में लग गई है।

### ट्रैक्टर से टकराकर नाले में गिरा डंपर, चालक की मौत खलासी घायल

जन एक्सप्रेस/उरई। डकोर कोतवाली क्षेत्र में बालू से लदा डंपर महिला को टक्कर मारने के बाद ट्रेक्टर ट्राली से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर बेड़ियां बाबा मंदिर के पास नाला में जा गिरा। जिसमें चालक की मौत हो गई, जबकि परिचालक को गम्भीर हालत में उठाकर उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

तेज रफ्तार ओवरलोड मोरंग भरे डंपर ने चिकासी गांव में महिला सोमवती को घायल कर दिया, और मौके से भागने के प्रयास में उसने मुहाना गांव के पास किराना का सामान लेकर आ रहे ट्रैक्टर को टक्कर मारी जिससे ट्रैक्टर सड़क किनारे पलट गया, और मुहाना निवासी चालक जहर सिंह घायल हो गया। तभी आगे जाकर तेज रफ्तार डंपर बेड़िया बाबा मंदिर के पास बना नाला पुल में अनियंत्रित होकर गिर गया। जिससे मैनपुरी के उदयपुर गांब निवासी डंपर चालक प्रवीण की मौके पर मौत हो गई, जबकि हेल्पर सुल्तानपुर निवासी विशांशु उर्फ मनु गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए एंबुलेंस की सहायता से घायल को उठाकर उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। वहीं पुलिस ने चालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## वृद्ध आश्रम से 30 श्रद्धालुओं को प्रयागराज महाकुंभ स्नान हेतु रवाना किया

जन एक्सप्रेस | उरई



समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम से लगभग 30 बुजुर्गों को प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए बस द्वारा रवाना किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने बस को हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया।वृद्ध आश्रम के बुजुर्ग श्रद्धालु महाकुंभ में पवित्र स्नान करने और धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने के लिए बेहद उत्साहित थे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने बुजुर्गों का स्वागत करते हुए उन्हें माला पहनाई और उनके मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी। इस यात्रा के दौरान बुजुर्गों के लिए सुरक्षा, चिकित्सा, भोजन और अन्य आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा।समाज कल्याण विभाग की ओर से यह पहल बुजुर्गों को धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से की गई है, ताकि वे अपने जीवन के इस पड़ाव पर मानसिक और आत्मिक शांति प्राप्त कर सकें। महाकुंभ का आयोजन बुजुर्ग श्रद्धालुओं के लिए एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक यात्रा के रूप में यादगार रहेगा। इस अवसर पर ज्वांइट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## बच्चों को बांटे जूते और स्वेटर, अपार आई.डी. के कार्य में सुधार लाएं पहाड़ी विकासखंड के शिक्षक- बीएसए

जन एक्सप्रेस | पहाड़ी, चित्रकूट



प्राथमिक विद्यालय देवल के वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं को स्वेटर, जूते-मोजे का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। वार्षिकोत्सव में शिव तांडव अनु पाण्डेय व खुशी और श्रीराम स्तुति रश्मि, शालिनी, शान्ती शिवम, कमलाकांत, पियूष द्वारा प्रस्तुत की गई।

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी वीके शर्मा ने कहा कि सिर्फ 10 प्रतिशत ऐसे शिक्षक है, जो अपना कार्य नहीं करना चाहते हैं। अच्छे शिक्षको को सम्मान व खराब की बुराई होनी चाहिए। पहाडी ब्लॉक अपार आईडी में पीछे है। चित्रकूट को प्रदेश में दूसरा स्थान मऊ, रामनगर, मानिकपुर ब्लॉक की वजह से मिला है। सभी को शासकीय कार्य भी करने पडते है वही शिक्षक हर जगह है, लेकिन तीन ब्लॉक आगे है। सिर्फ पहाड़ी की बात करें तो समस्या गिना देते हैं। इस पर सुधार की जरूरत है। शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि हमेशा सकारात्मक व दोनों पक्षों को लेकर शिक्षक को चलना चाहिए तथा इमानदारी से विद्यालय जाकर अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करते हुए आर्दश बने तथा अपने विद्यालय को आर्दश बनाये। इस दौरान बच्चों को जूता एवं स्वेटर वितरण करके उत्साहवर्धन किया गया। प्रा.वि. देवल के प्रधानाध्यापक रामभूषण पाण्डेय ने कहा कि यह विद्यालय सन 1938 से चल रहा है। विद्यालय में कुछ 156 छात्र है। जिसमें 80 बालिका व 76 बालक पंजीकृत है। जिन्हें जूता-मोजा व स्वेटर वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अरुण कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी सहित शिक्षक अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस | उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक की गई, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड में जनपद शीर्ष स्थान होने पर समस्त अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि जनपद को शीर्ष स्थान पर काबिज रखने के लिए इसी प्रकार अपने कार्यों का निर्वहन करें, और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित करें। उन्होंने भू राजस्व, परिवहन, स्टांप, वन, आबकारी, खनिज, नगर निकाय, वाणिज्य कर, मंडी, विद्युत सहित अन्य विभागों के अधिकारियों से उनके निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप राजस्व वसूली की स्थिति की समीक्षा की।विभिन्न विभागों से प्राप्त होने वाले राजस्व की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से वाणिज्य कर, विधुत और आबकारी विभाग के अधिकारियों को राजस्व वसूली के प्रगति लक्ष्य के सापेक्ष कम होने पर, प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्टांप क्रापवंचन में प्रभावी कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने खनन और परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि वे सक्रिय रहते हुए प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाएं। अवैध परिवहन, बिना रॉयल्टी के चलने वाले वाहन, बिना नंबर प्लेट के वाहन और ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रवर्तन संबंधी कार्यवाही की योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए और धर-पकड़ अभियान चलाकर लोकेशन माफियाओं के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कर जेल भेजा जाए।जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों और तहसीलदारों को 5 वर्ष और 3 वर्ष पुराने राजस्व वादों व अन्य वादों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सरकारी भूमि, तालाब, चारागाह, सरकारी संपत्तियों पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कड़ा अभियान चलाने का निर्देश दिए। अवैध अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त होते ही तत्काल कार्रवाई की जाए, यह सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जनपद के विकास कार्यों को गति देने और शासन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी विभाग अपने कार्यों में पारदर्शिता और तत्परता दिखाएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, समस्त उप जिलाधकारी, तहसीलदार व सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## प्री-ट्रायल बैठक में सुलह-समझौते के आधार पर वाद निस्तारण पर दिया जोर

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी आठ मार्च को जनपद न्यायालय चित्रकूट में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। जिसके सफल आयोजन के लिए शुक्रवार को परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार यादव की अध्यक्षता में प्री-ट्रायल बैठक का आयोजन किया गया। साथ ही बाल अपचारियों के हितार्थ बनी समिति द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि शुक्रवार को हुई प्री-ट्रायल बैठक में परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार यादव ने राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए वैवाहिक एवं भरण पोषण वादों से सम्बन्धित पक्षकारों व उनके अधिवक्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में वादों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराने के लिए विशेष बल दिया। इस मौके पर अधिवक्ता वाई के शेख, अनिल कुमार श्रीवास्तव, प्रणव त्रिपाठी, गिरीशचन्द्र मिश्रा, शिवशरण, काउंसलर राधा देवी आदि मौजूद रहे। सचिव ने बताया कि बाल अपचारियों के हितार्थ बनी समिति द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) चित्रकूट का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान समिति के पदाधिकारियों ने बाल अपचारियों को आयु वर्ग के अनुसार कमरों का वर्गीकरण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने पौध रोपण भी किया। इस मौके पर समिति के पदाधिकारी परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार यादव, विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रेनू मिश्रा, संस्था प्रभारी वीर सिंह, परामर्शदाता दीपक शर्मा, विद्युत प्रशिक्षक लवकुश कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## 10 लाख लोगों के निशुल्क नेत्र परीक्षण के लिए किया गया विजन केयर प्रोजेक्ट का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

संत रणछोड़ दास महराज द्वारा संस्थापित श्री स्दगुरू नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड में शुक्रवार को श्रीमद् राजचंद्र लव एंड केयर ट्रस्ट और सर्वमंगल फैमिली ट्रस्ट के सहयोग से 'विजन केयर' प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया गया। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से 10 लाख लोगों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया जाएगा। साथ ही दो लाख लोगों को चश्मों का वितरण किया जाएगा।

श्रीमद् राजचंद्र लव एंड केयर ट्रस्ट के प्रोग्राम डायरेक्टर उज्जल भट्टाचार्य ने बताया कि नेत्र जांच केंद्रों में नेत्र जांच शिविरों को अधिक सुगम और व्यापक बनाने के लिए श्रीमद् राजचंद्र लव एंड केयर ट्रस्ट एवं सर्वमंगल फैमिली ट्रस्ट द्वारा यह प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। साथ ही ट्रस्ट द्वारा सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय को विशेष वाहनों की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक यह सेवा पहुँच सके और ज्यादा से ज्यादा लोगों की आंखों की जांच हो सके तथा जिन नेत्र रोगियों को चश्मे की आवश्यकता है, उन्हें चश्मा मिल सके। सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के सीईओ डॉ इलेश जैन ने



श्रीमद् राजचंद्र लव एंड केयर ट्रस्ट एवं सर्वमंगल फैमिली ट्रस्ट को सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के साथ मिलकर इस कार्य में सहयोग प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि नेत्र रोगियों का बेहतर से बेहतर ईलाज करना और सुविधा प्रदान करना हमारा उद्देश्य है। अगर इस मानव सेवा में कोई सहभागिता करता है, तो वह वास्तव में अद्वितीय है। इस मौके पर सद्गुरु परिवार के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### पीड़ित महिला ने सीओ को दिया शिकायती पत्र

जन एक्सप्रेस/कदौरा। थाना क्षेत्र के ग्राम मरगायां निवासी पीड़िता अंजली तिवारी ने सीओ कालपी को प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि शुक्रवार को थाना कदौरा से उसे पुलिस अधीक्षक को दिए गए एक प्रार्थना पत्र के संबंध में बुलाया गया था। इसी सिलसिले में वह सुबह करीब 11 बजे मरगायां से नाका रोड पर वाहन का इंतजार कर रही थी। तभी उसका जेठ जयप्रकाश तिवारी एक अज्ञात व्यक्ति के साथ बाइक से आया और गाड़ी रोककर उसे गालियां देने लगा। जब पीड़िता ने गाली देने से मना किया तो आरोपी ने उसे गांव छोड़कर भाग जाने की धमकी दी बल्कि, न भागने में तेजाब से जलाने की धमकी दी है। बताया कि जब उसने शोर मचाया तो गांव के कुछ लोगों ने ललकारा, जिसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। वहीं प्रभारी निरीक्षक प्रभात सिंह ने कहा की अभी उन्हें तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलते ही जांच कर कार्यवाही की जायगी।

## आरोहणम यूथ फेडरेशन ने विज्ञान फाउंडेशन व चाइल्डफंड के साथ किया स्पोर्ट्स इंवेट का आयोजन

जन एक्सप्रेस | बरगढ़, चित्रकूट



राजकीय इंटर कॉलेज बरगढ़ में आरोहणम यूथ फेडरेशन ने विज्ञान फाउंडेशन एवं चाइल्डफंड के सहयोग से युवाओं के नेतृत्व कौशल विकास के लिए दो दिवसीय स्पोर्ट्स इवेंट आयोजन किया गया। जिसमें बरगढ़ क्षेत्र के 11 ग्राम पंचायत के 200 छात्र-छात्राओं और महिलाओं ने प्रतिभाग किया। स्पोर्ट इवेंट में कबड्डी, खा-खो, साईकिल रेस, क्रिकेट, दौड़ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

राजकीय इंटर कॉलिज बरगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाते हुए युवाओं को प्रोत्साहित किया। कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को बेहतर अवसर दें तथा उनके शिक्षा व स्वास्थ्य की चिंता करें। कहा कि बच्चे में जो कौशल है, उसके अनुसार उनको आगे बढ़ाएं। खण्ड विकास अधिकारी मऊ ओमप्रकाश यादव ने कहा कि पाठा क्षेत्र के युवाओं को अपनी अपने प्रतिभाओं को निखारने के लिए ऐसे अवसरों का फायदा उठाना चाहिए। साथ ही अपनी शिक्षा पर भी ध्यान देते हुए अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करें। आरोहणम युवा समूह ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करके सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक किया। विज्ञान फाउंडेशन के परियोजना प्रबंधक आशीष कुमार ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताया। इस दौरान हुई कॉलिज में कबड्डी, खो-खो, दौड़, लम्बी कूद सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विजेता छात्र-छात्राओं व महिलाओं को आरोहणम यूथ फेडरेशन द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया।

इस मौके पर वनाधिकारी राजेंद्र नेगी, बरगढ़ थाना प्रभारी पंकज तिवारी, जिला प्रोवेशन विभाग से सौरभ, राजकीय इंटर कॉलेज के प्राचार्य वीके सोनी, आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को

# जिला जज की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



मा0 उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में 08 मार्च 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, समस्त सिविल जज(व0 श्रेणी), समस्त अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेटगण, समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटगण, समस्त सिविल जज (क0 श्रेणी) के न्यायालयों में लम्बित मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण की रुप-रेखा तय किये जाने हेतु बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आहूत की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता मा0 जनपद न्यायाधीश राजकुमार सिंह द्वारा की गयी। मा0 जनपद न्यायाधीश द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, जिससे अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सकेबैठक में पिछले लोक अदालत की सफलता को दोहराने व उसे और सफल बनाने के लिए उठाये जाने वाले कदमों पर विचार-विमर्श किया गया जिसमें सभी ने अपने-अपने सुझाव साझा कियेबैठक में अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य के द्वारा मा0 उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिये गये निर्देशों के प्रकाश में न्यायिक अधिकारियों को कार्य करने के लिए प्रेरित किया गयाइस बैठक में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पवन कुमार सिंह उपस्थित रहे।

## आबकारी नीति व ई-लॉटरी की प्रक्रिया के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिला आबकारी अधिकारी रवीन्द्र प्रताप सिंह ने आबकारी नीति वर्ष 2025-26 के क्रियान्वयन के बारे में बताया है कि जनपद रायबरेली में ई-लॉटरी की प्रक्रिया से सम्बन्धित समस्त जानकारी उपलब्ध कराने तथा इस प्रक्रिया के आवेदकों को आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है जिला आबकारी अधिकारी ने कंट्रोल रूम में तैनात कार्मिकों के बारे में बताया है कि आबकारी निरीक्षक आनन्द कुमार पाठक मो0नं0 9454466275 एवं रूपेन्द्र कुमार निर्मल मो0नं0 9454466274, प्रधान आबकारी सिपाही महेन्द्र प्रताप मो0नं0 9454465978 तथा आबकारी सिपाही सुरेन्द्र कुमार यादव मो0नं0 6393314402 की नियुक्ति की गयी है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त मोबाइल नम्बर 24×7 कार्यरत रहेंगे। उन्होंने कहा कि आबकारी नीति एवं व्यवस्थापन से सम्बन्धित समस्त सूचना इन मोबाइल नम्बरों पर कॉल करें वालों को उपलब्ध कराई जायेगी।

## डीएम-एसपी ने अंतर जनपदीय (महिला/पुरुष) एथलेटिक्स एवं साइक्लिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित




**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

लखनऊ जोन की 27वीं अंतर जनपदीय (महिला/पुरुष) एथलेटिक्स एवं साइक्लिंग प्रतियोगिता का तीन दिवसीय आयोजन दिनांक 12 फरवरी से 14 फरवरी 2025 तक पुलिस लाइन ग्राउंड में कराया गया, उक्त कार्यक्रम का जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह की उपस्थिति में पुलिस लाइन ग्राउंड में समापन किया गया जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले विजेता खिलाड़ियों को प्रथम व द्वितीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। इस अवसर पर, उन्होंने प्रतिभागियों की प्रतिभा और मेहनत की प्रशंसा की और उन्हें आगे भी ऐसी ही उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सेवारत एवं पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों की समस्याओं के समाधान को लेकर बैठक सत्रह को

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद के सेवारत एवं पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के लिए 17 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभागार में अपराह्न 04 बजे एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी।इसकी जानकारी जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने दी।बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व करेंगे।इस दौरान सैनिकों एवं उनके परिवारों की समस्याओं जैसे भूमि विवाद,पुलिस सुरक्षा,बैंक ऋण,पेंशन,शिक्षा,चिकित्सा आर्थिक अनुदान तथा अन्य शिकायतों के निस्तारण पर विचार किया जाएगा। बैठक का उद्देश्य सेवारत एवं पूर्व सैनिकों को प्रशासनिक सहायता प्रदान करना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।

### इन समस्याओं का होगा समाधान

सैनिकों और उनके आश्रितों की भूमि संबंधी समस्याओं जैसे नामांतरण,कब्जा,विवादित संपत्ति आदि का समाधान किया जाएगा। यदि किसी सैनिक या उनके परिवार को सुरक्षा संबंधी चिंता है,तो इस पर संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित किया जाएगा।सैनिकों को मिलने वाले विशेष बैंक ऋण,उनकी स्वीकृति और ऋण संबंधी अन्य समस्याओं को सुना जाएगा।पूर्व सैनिकों,वीर नारियों या उनके आश्रितों की पेंशन संबंधी अड़चनों को दूर किया जाएगा।सैनिकों के बच्चों को मिलने वाली छात्रवृत्ति एवं अन्य शैक्षिक सुविधाओं से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा।पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों की चिकित्सा सुविधाओं से जुड़ी दिक्कतों पर चर्चा होगी।जिन सैनिकों को सरकार द्वारा आर्थिक सहायता दी जाती है,उनकी किसी भी प्रकार की लंबित सहायता राशि संबंधी शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा।बैठक में सैनिकों से प्राप्त अन्य प्रकार की समस्याओं पर भी विचार कर उचित समाधान निकाला जाएगा।जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने जनपद के सभी सेवारत एवं भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों से अपील की है कि वे इस बैठक में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं को रखें।ताकि उचित समाधान सम्यक प्रकार से किया जा सके।और प्रशासन इस बैठक के माध्यम से सैनिकों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा।

## अनियंत्रित कंटेनर पलटा, टला बड़ा हादसा

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

गुरुवार रात करीब दस बजे बाजार शुक्ल कस्बे के इन्हौना रोड स्थित होटल के पास एक अनियंत्रित कंटेनर पलट गया।इस हादसे में चालक और खलासी बाल-बाल बच गए।लेकिन कंटेनर की टक्कर से बिजली का पोल और एक पेड़ क्षतिग्रस्त हो गया।हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची।और आवागमन सुचारु कराने का प्रयास किया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कंटेनर में शराब की खाली बोतलें लदी हुई थीं।दुर्घटना के बाद चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए।घटना के कारण सड़क पर कुछ देर तक यातायात प्रभावित रहा।लेकिन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित कर लिया।स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क पर तेज रफ्तार और अनियंत्रित वाहन चलाने से इस तरह की घटनाएं आए दिन हो रही हैं। पुलिस अब कंटेनर के मालिक और चालक की तलाश कर रही है।

# पुलवामा हमले में शहीद जवानों को एनएसपीएस त्रिपुला में दी गई श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में जम्मू कश्मीर के पुलवामा में हुए आत्मघाती हमले को काले दिन के रूप में याद किया गया। हमले में शहीद 40 जवानों को प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों के साथ भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की प्रजापति ने बताया कि 14 फरवरी 2019 को, जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों को ले जाने वाले सी0आर0पी0एफ0 के वाहनों के काफिले पर हुए आत्मघाती हमले में 40 भारतीय सुरक्षा कर्मियों की जान गयी थी। यह हमला जम्मू और कश्मीर के पुलवामा ज़िले में अवन्तिपोरा के निकट लेथपोरा इलाके में हुआ था। जम्मू-कश्मीर में उग्रवाद के सबसे घातक हमलों में से एक इस घटना को हम %काला दिन% भी कहते है। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों द्वारा किए गये इस हमले में शहीद हुए जवानों का बलिदान व्यर्थ नही गया, हमले के बाद भारत ने बालाकोट में सर्जिकल स्ट्राइक कर आतंकी ठिकानों को नष्ट किया।

इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, पिंकी जायसवाल, अजय राज सिंह, कामरान, अभिषेक भारद्वाज, गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपा राज में युवा बेरोजगार निराश किसान परेशान हताश-इं.वीरेन्द्र यादव

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र बछरावा के चन्दापुर एवं विधानसभा क्षेत्र ऊँचाहार के नवाबगंज गाँवों में पीडीए चर्चा कार्यक्रमों को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष इं.वीरेन्द्र यादव ने कहा किमहिलाओं,युवाओं,छात्रों,किसानों, मज़दूरों की भलाई के लिए समाजवादी पार्टी सरकार में अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित हुई थी छात्र छात्राओं को उचित शिक्षा हेतु लैपटॉप,कन्याविद्याधन,बेरोज़गारी भत्ता,किसान बीमा दुर्घटना,किसानों के कर्ज माफ़ी,महिलाओं को पेंशन आदि योजनाएँ अखिलेश यादव की सरकार में मिल रही थी परन्तु जनहित की योजनाओं को बीजेपी सरकार ने बंद कर दिया है ,बीजेपी की योगी सरकार में युवा,छात्र, किसान व मज़दूर हतास एवं निराश है युवा अपने भविष्य के प्रति चिंतित एवं दुःखी हैंबछरावा विधायक श्याम सुंदर भारती ने कहा कि बछरावा क्षेत्र में बिजली,चिकित्सा,सड़क एवं ग्रामीण विकास का कार्य पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सरकार में हुआ परन्तु जन विरोधी बीजेपी सरकार ने विकास कार्यों को बंद कर दिया।विधायक राहुल लोधी ने हरचंदपुर में पीडीए चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा के नेता एवं सरकारी अधिकारी हरचंदपुर क्षेत्र में विकास कार्यों में सरकारी धन की लूट कर हैं पीडीए चर्चा कार्यक्रमों को वरिष्ठ नेताओं ने सम्बोधित करते हुए कहाकिपिछड़ों,दलितों,अल्पसंख्यकों की एकता ही देश में जातीय जनगणना,एवं बाबा साहब के मिशन को बढ़ाते हुए बीजेपी की डबल इंजन की सरकार को सत्ता से बाहर करेगी।कार्यक्रमों में वरिष्ठ नेता शिवमूर्ति सिंह राना,आरपी यादव,राजेश मौर्या,राजेंद्र यादव,नीलेश यादव,शशिकांत शर्मा ,रामसनेही,कमलाकर विक्रमादित्य आदि ने संबोधित कर जातीय जनगणना,संख्या के अनुसार आरक्षण, बेरोज़गारी एवं रायबरेली जनपद के बाधित विकास पर चर्चा की गयी।इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सरकार द्वारा सलोन को जनपद रायबरेली से जोड़ने एवं उनके द्वारा किए जनकल्याणकारी कार्यों को याद किया गया।सभी ने पीडीए की एकजुटता पर बल दिया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग एवं महिलाएँ उपस्थित रही।

## डीएम की अध्यक्षता में निकायों के अवस्थापना विकास निधि के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों के सम्बन्ध में बैठक संपन्न

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में 15वे वित्त आयोग/अवस्थापना विकास निधि के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों को लेकर नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अध्यक्षों एवं अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुईबैठक में जिलाधिकारी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 15 वें वित्त आयोग में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष प्रस्तुत नगर-निकाय वार कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए सभी अधिशासी अधिकारियों को लोकहित/जनोपयोगी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने अधिशासी अधिकारियों को नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत के उपयोगार्थ क्रय की जाने वाली सामग्री यथा - कूडादान, कूड़ागाड़ी व स्ट्रीट लाइट आदि की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी के क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था सुदृढ़ रहे, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में संचालित गौशालाओं में यदि कोई कार्य कराया जाना आवश्यक है तो उसको प्राथमिकता से कराया

# मिशन वात्सल्य योजना के प्रभावी कियान्वयन हेतु बाल कल्याण संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने बताया कि शुक्रवार को मिशनवात्सल्य योजना के प्रभावी कियान्वयन हेतु विकास खण्ड स्तर पर ब्लॉक बाल कल्याण संरक्षण समिति की बैठक विकास खण्ड जगदीशपुर में संपन्न हुई। बैठक में अजय कुमार संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई के द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के दृष्टिगत महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं जैसे स्पॉन्सरशिप योजना मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना,कन्या सुमंगला योजना के बारे विस्तार उपस्थित लोगों को जानकारी दी गयी।इसके अतिरिक्त मिशन शक्ति अभियान के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं व पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना में पेंशन का लाभ ले रही महिलाओं को उनकी फैमिली आईडी बनाये जाने को लेकर जानकारी साझा की गई। तथा विकास खण्ड संग्रामपुर पर लम्बित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना,मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य व पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना के अन्तर्गत आवेदनों पत्रों को सत्यापित कर जनपदस्तर पर भेजने हेतु खण्ड विकास अधिकारी जगदीशपुर से अनुरोध किया गया।इसके उपरान्त बैठक में खण्ड विकास अधिकारी जगदीशपुर के द्वारा बाल संरक्षण के विभिन्न बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि विकास खण्ड के सभी 06-14 आयु वर्ष तक के बच्चों की शिक्षा व पोषण पर विशेष ध्यान देते हुए उनके सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जाए।एवं उन्हें सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जाय।तथा विभिन्न योजनाओं के लम्बित समस्त आवेदनों को समयान्तर्गत सत्यापन कर जनपद स्तर पर प्रेषित करने की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी जगदीशपुर,बाल विकास परियोजना अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक पंचायत अधिकारी,जिला बाल संरक्षण इकाई अमेठी के संरक्षण अधिकारी अजय कुमार उपस्थित रहें।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि 10.03.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 01602025 दिनांक:- 13.02.2025 |
| 2 | निविदा सख्या | 1. 39-Sr-DEN-VI-LKO-2024-25 2. 40-Sr-DEN-VI-LKO-2024-25 |
| 3 | कार्य का नाम | 1. वरि. मण्डल इंजीनियर- षष्ठम, लखनऊ के अन्तर्गत LC संख्या 46, 50, 51 और 58 पर जल भराव को रोकने के लिए जोड़ों की ग्राउटिंग और आरसीसी बॉक्स सतह उपचार के साथ रिसाव उपचार का प्रावधान और LC संख्या 3, 18, 21 और 25 पर जल भराव को रोकने के लिए जोड़ों की ग्राउटिंग और आरसीसी बॉक्स सतह उपचार के साथ रिसाव उपचार का प्रावधान का कार्य। 2. वरि. मण्डल इंजीनियर- षष्ठम, लखनऊ के अन्तर्गत बीघापुर (बीक्यूपी) और कुंडाहरनामगंज (केएचएनएम) स्टेशन कॉलोनियों में पुराने, जीर्ण-शीर्ण स्टील ओवरहेड वाटर टैंक के स्थान पर दो आरसीसी ओवरहेड वाटर टैंक (बीक्यूपी और केएचएनएम में प्रत्येक के लिए 2,25,000 लीटर क्षमता) का निर्माण, साथ ही अन्य सहायक कार्य (जैसे- प्लंबिंग पाइप और बोर और पंप के साथ पंप हाउस, आदि) का कार्य। |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. Rs. 1,86,99,872.97 2. Rs. 1,84,60,813.24 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. Rs. 2,43,500.00 2. Rs. 2,42,300.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | 1. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। 2. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से दस माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 24.02.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 10.03.2025 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 502/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## मा0 उद्यान मंत्री व डीएम-एसपी ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आयोजन में शामिल होकर नव वैवाहिक जोड़े को दिया आशीर्वाद

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 329 जोड़ों का विवाह सकुशल संपन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत विकास खण्ड खीरों के बसिगवां मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस भव्य आयोजन का शुभारंभ प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात मा0 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इससे पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया इसके पश्चात पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी जोड़ों को सात फेरे दिलाए और विवाह की पूरी रस्में निभाई। इस सामूहिक विवाह समारोह में जिले के विभिन्न विकास खण्डों के 329 जोड़ों ने भाग लिया, जिसमें विकास खण्ड बछरावां 103, हरचंदपुर 42, सतावं 17, खीरों 14, लालगंज 09, सरेनी 06, महराजगंज 54, शिवगढ़ 67, न0प0 बछरावां 01, न0प0 शिवगढ़ 16 जोड़े सम्मिलित रहेसामूहिक विवाह में मा0 मंत्री , जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और सभी नव दंपतियों को नए वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी तथा प्रत्येक जोड़ो को वस्त्र, आभूषण (चांदी की पायल, बिछिया) स्टील डिनर सेट, प्रेशर कुकर, वैनिटी किट, दीवार घड़ी, ट्रॉली बैग उपहार स्वरूप प्रदान किए




गए इस अवसर पर मा0 मंत्री जी ने वर-वधुओं को आशीर्वचन देते हुए कहा कि आज आप अपनी जिंदगी की नई शुरूआत करने जा रहे हैं, जिसके लिए आप सभी को बधाई व शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि ऐसे गरीब व निर्धन परिवार जो शादी विवाह समारोह में होने वाले व्यय को वहन करने में सक्षम नहीं हैं, उनका भी विवाह समारोह सम्मानपूर्वक, परम्परागत व धार्मिक रीति-रिवाज से सम्पन्न हो सके, इसलिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को प्रारंभ किया गया है, जिसके क्रम में आज यहां भव्य आयोजन किया गया है, इस आयोजन में 329 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया है जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि आज के इस आयोजन में 329 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया है, यह शासन की प्राथमिकता की महत्वपूर्ण योजना है, इस योजना के तहत प्रति जोड़ों के लिए 51000 की धनराशि अनुमन्य है, जिसके अंतर्गत 35000 रुपए कन्या के खाते में हस्तांतरित किए जाते हैं, 10000 रूपए से नव विवाहित जोड़ों को घरेलू व व्यक्तिगत रूप से प्रयोग करने हेतु सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान की जाती है तथा 6000 रूपए कार्यक्रम आयोजन एवं अन्य व्यवस्था पर व्यय किए जाते हैं इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, डीसी मनरेगा रविशंकर पाण्डेय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।

▶ शेष पेज 10 पर...


# शहर में चल रही पुलिस भर्ती में हुई धांधली डीसीपी साउथ ने जांच कमेटी की गठित





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में चल रही उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती के फिजिकल टेस्ट में धांधली का मामला सामने आया है। भर्ती के संदर्भ में आरोप लगाते हुए एक गोपनीय शिकायत की गई है। आप है कि रुपए लेकर अंदर हाइट युवक को भी फिजिकली फिट करार दे दिया गया। मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस भर्ती प्रभारी डीसीपी साउथ में जांच बैठा दी है। जांच के लिए कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर शिकायत पर आगे के एक्शन लिये जाएगे। पुलिस भर्ती में पहली बार इतना बड़ा मामला सामने आया है। जब किसी अंदर हाइट युवक को फिजिकली फिट करने का आरोप लगा है। सूत्रों के मुताबिक शहर की 37वीं बटालियन पीएसी मैं पुलिस भारती का फिजिकल टेस्ट चल रहा है। यहां पर महिला और पुरुष दोनों अच्यर्थियों का फिजिकल टेस्ट और दौड़ कराई जा रही है। भारती में शामिल होने आए एक अच्यर्थी ने मामले में गंभीर आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत की है। आप है कि शिवम नाम के एक लड़के ने अंदर हाइट होने के बाद भी 1.20 लाख रुपए देकर खुद को फिजिकली फिट कर लिया है। भारती में शामिल पुलिस अफसर पर गंभीर आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती के फिजिकल टेस्ट में धांधली का आरोप लगाया है। शिकायत सामने आने के बाद पुलिस भर्ती के प्रभारी डीसीपी साउथ आशीष श्रीवास्तव ने एडीसीपी क्राइम अंजलि विश्वकर्मा की अध्यक्षता में एक जांच कमेटी गठित की है। इस जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रभारी डीसीपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि शिकायत का संज्ञान लेते हुए जांच बैठा दी गई है मामले की जांच एडीसीपी क्राइम अंजलि विश्वकर्मा को दी गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जीटी रोड पर सड़क हादसा एक की मौत, 6 घायल





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

**बिठूर।** बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जीटी रोड मंधना फ्लाईओवर पर शुक्रवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार करने ई रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ई रिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि इसमें बैठे छह लोग घायल हो गए। दो की हालत गंभीर बनी हुई है ई रिक्शा में टमाटर भी लदा हुआ था, हादसे के बाद जीटी रोड पर चारों तरफ टमाटर फैल गए। सूचना पर पहुंचे ग्रामीण और पुलिस कर्मियों ने घायलों को हैलेट अस्पताल में एडमिट कराया। कर सवार को संभाल से प्रयागराज कुंभ नहाने के लिए जा रहे थे।

सूत्रों के मुताबिक संभल के हल्लू सराय में रहने वाले नरेश अपनी पत्नी गुड़िया बेटी कशिश वह परिवार के आदित्य, शालू नैना के साथ प्रयागराज में कुंभ स्थान के लिए जा रहे थे। कार उनका ड्राइवर हर्ष चल रहा था। जीटी रोड फ्लाईओवर मंधना में कार मैं आगे चल रहे टमाटर से लदे ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ई-रिक्शा पलट गया और इसमें सवार टमाटर बेचने के लिए मंडी लिए जा रहे मानपुर चौबेपुर के रहने वाले व्यापारी मुन्नीलाल कश्यप उम्र 60 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अन्य व्यापारी सुमित और ई रिक्शा चालक बुरी तरह घायल हो गया है। कार चला हर्ष गंभीर रूप से घायल है, जबकि अन्य कार सवारों को मामूली चोटे आई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज करने के लिए हैलेट अस्पताल भिजवाया है। हादसे में ई रिक्शा के साथ ही कार भी क्षतिग्रस्त हो गई है। संभल के रहने वाले कार सवार नरेश ने बताया कि वह परिवार समेत महाकुंभ के चलते संगम में स्नान करने जा रहे थे, लेकिन हादसे में उनका ड्राइवर और परिवार के लोग घायल हो गए हैं। अब कब जाना मुश्किल है। मामले में एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडे ने बताया कि मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

कार को भी क्रेन की मदद से हाईवे से हटवा दिया गया है।

मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर मामले में रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# आयकर के साथ ही जीएसटी की भी चोरी, फाड़ देते थे लेन-देन का कागज



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर में पांच साल बाद फिर से आयकर विभाग की जांच के दायरे में आए एसएनके ब्रांड पानमसाला समूह के यहां जांच में पता चला है कि आयकर के साथ ही जीएसटी की भी बड़े पैमाने पर चोरी की जा रही थी। लेन-देन कच्चे पर्चे पर हो रहा था और बाद में इन्हें फाड़ दिया जाता था। हालांकि सप्लायरों को अलग-अलग इनका ब्योरा छिपाकर रखने के निर्देश भी थे, ताकि कारोबार में कोई गड़बड़ी न मिले।

दो दिन से चल रही जांच में पता चला है कि ई-वे बिलों का दुरुपयोग किया जा रहा था। एक ई-वे बिल का उपयोग चार-चार बार किया जा रहा था। समूह सालों से इस तरह से कारोबार कर रहा है। कई सौ करोड़ की जीएसटी चोरी के दस्तावेज मिलने का अनुमान है। 2018-19 में एसएनके ब्रांड लांच हुआ। शहर स्थित कंपनी पहले एजे सुगंधी नाम से संचालित थी। 11 जून 2021 को ग्रीन्सवर्थ इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बनाई गई। इस कंपनी का टर्नओवर 2021-22 में 90 करोड़ से ज्यादा रहा। वर्ष 2022-23 में टर्नओवर 125 करोड़ से ज्यादा और 2023-24 में 115 करोड़ से ज्यादा रहा है। चालू वित्तीय वर्ष (2024-25) में 55 करोड़ से ज्यादा का टर्नओवर हो चुका है। इसके अलावा समूह ने एक जुलाई 2023 को गोल्ड बॉल फूड स्लाइन प्राइवेट लिमिटेड नाम से एक कंपनी बनाई। यह तंबाकू का कारोबार करती है। 2023-24 में इस कंपनी ने 18 करोड़ के करीब कारोबार किया। इन कंपनियों का कारोबार तो एक नंबर में दिखाया जा रहा था, लेकिन जांच में इससे कहीं ज्यादा दो नंबर में कारोबार संचालित होता मिला है। एक सप्लायर ने साल भर का जितना टर्नओवर दिखाया, उससे कहीं ज्यादा मौके पर अफसरों को मिला है। इससे जांच का दायरा और बढ़ गया है।

पानमसाला के साथ ही समूह का रियल इस्टेट में बड़ा कारोबार दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद में है। तमाम प्रोजेक्ट चल रहे हैं। समूह और सप्लायरों की कमाई इसमें लगाई जा रही थी। जांच में विभाग को तंबाकू, सुपाड़ी, सुगंध और ट्रांसपोर्टर का गहरा गठजोड़ मिला है। सूत्रों ने बताया कि कानपुर के बिठूर, स्वरूपनगर आदि में बनने वाले बड़े रियल इस्टेट प्रोजेक्टों में धन लगाया गया है। इसके अलावा दिल्ली, नोएडा में बन रहे बड़े मॉल, रिसॉर्ट को काली कमाई से खरीदा गया है, या फिर उनमें रुपये लगाए गए हैं। अफसरों ने दिल्ली से फॉरेंसिक विशेषज्ञों को मोबाइल, लैपटॉप, कंप्यूटरों का डाटा क्लोन तैयार करने के लिए बुलाया था। दरअसल कारोबारियों, सप्लायरों और एजेंसी संचालकों के बीच जो भी बातचीत होती या लेन-देन का ब्योरा भेजा जाता था, उसे डिलीट कर दिया जाता था। जब विशेषज्ञों ने समूह के जुड़े लोगों से मिले मोबाइल फोनों से डाटा रिकवर करना शुरू किया तो कर चोरी का राज खुलता चला गया। समूह के यहां जांच में बोगस फर्मों और एलएलपी के जरिए अरबों के लेन-देन का खुलासा हुआ। पांच साल पहले जब आयकर विभाग ने छापा मारा था, तब 115 बोगस फर्मों के जरिए 80 करोड़ रुपये की खाद फर्जी तरीके से खरीदी गई। सूत्रों ने बताया कि अब तक की जांच में पता चला है कि बोगस कंपनियों की काली कमाई को सफेद करने के लिए अलग-अलग कंपनियों के जरिये लोन लेना दिखाया जा रहा था। डाटा एनालिसिस में पता चला कि ये फर्म और एलएलपी कानपुर, दिल्ली में बनाई गईं। बोगस फर्म के निदेशक के रूप में कंपनी कर्मचारियों और घरेलू नौकरों के नाम दर्ज हैं।

> **पांच साल बाद फिर आयकर की कार्रवाई**
>
> सूत्रों ने बताया कि समूह पर बीते कुछ सालों में डीजीजीआई, सीजीएसटी, एसजीएसटी ने छापा मारा और बड़े पैमाने पर कर चोरी पकड़ी। ये ऐसा पहला समूह है, जिस पर आयकर विभाग ने पांच साल बाद ही कार्रवाई कर दी। शहर में अब तक इतनी कम अवधि में दूसरी बार कार्रवाई किसी अन्य कारोबारी या समूह पर नहीं की गई। सूत्रों ने बताया कि जांच के दौरान अन्य ब्रांड भी विभाग के रडार पर आ गए हैं। यहां से अन्य सप्लायरों की बड़ी चेन मिली है।

# कल्याणपुर ब्लॉक में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम हुआ आयोजित

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



ब्लाक संसाधन केन्द्र, कल्याणपुर में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन बीते दिन शुक्रवार को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती अनुराधा अवस्थी ब्लाक प्रमुख कल्यानपुर ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में विकासखण्ड के विद्यालयों के निपुण बच्चों को पाठ्?य सामग्री पुरस्कार स्वरूप तथा प्रमाणपत्र दिये गये एवं मण्डल विजेता अनुप्रिया यादव को पुरस्कृत किया गया। निपुण विद्यालयों के अध्यापकों को सम्मनित किया गया। कार्यक्रम का सबोधन करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ0 अनिल सिंह द्वारा ब्लाक को निपुण ब्लाक बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में 30 निपुण विद्यालय के छात्रों तथा अध्यापको, 10 आगनबाडी केन्द्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जय कुमार सिंह चन्देल, आशुतोष निगम, डॉ0 प्रिया आनंद, देवेश कटियार, लाल सिंह प्रशान्त सिंह, माधुरी दीक्षित, धनंजय कुमार, अवधेश शर्मा, रिचा सिंह, अमिता मिश्रा, प्रीति शुक्ला, बृजनंदन, रामू, अभिषेक, उत्कर्ष, मनोज आदि मौजूद रहे।

# एएसआई कॉन में कॉलेज के रेजीडेंट को मिले आठ अवार्ड



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

स्टेम सेल थेरेपी और दूसरे शोधों ने जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज का परचम लहरा दिया है। एसोसिएशन सर्जंस ऑफ इंडिया की दिसंबर में आगरा में हुई कॉन्फ्रेंस में यह शोध पत्र प्रस्तुत किए गए थे। इनका परिणाम अब आया है। मेडिकल कॉलेज के चार रेजीडेंट डॉक्टरों ने विभिन्न श्रेणियों में आठ अवार्ड जीते हैं। एएसआई कॉन के आर्गेनाइजिंग चेयरमैन रहे डॉ. एसके मिश्रा ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में देश भर के मेडिकल कॉलेजों के रेजीडेंट डॉक्टरों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए थे। इनमें जीएसवीएम ने बाजी मारी है।

सर्जरी विभाग की सीनियर रेजीडेंट डॉ. यामिनी राणा को सबसे अधिक चार अवार्ड मिले हैं। उनका शोध मुख्य रूप से स्टेम सेल थेरेपी और डायबिटीज पर रहा है। इसके अलावा डॉ. आयुष्य गुप्ता को दो अवार्ड मिले हैं। डॉ. अंशिका वर्मा को एक अवार्ड मिला है। इन तीनों रेजीडेंट डॉक्टरों के गाइड मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय काला रहे हैं। इसके अलावा डॉ. आंचल गुप्ता को एक अवार्ड मिला है। डॉ. आंचल गुप्ता के गाइड डॉ. जीडी यादव रहे हैं।


## जीएसवीएम में पढ़ाई और शोध कार्यों का स्तर अच्छा

रेजीडेंट डॉक्टरों को शोध पत्र, फ्री पेपर, पोस्टर आदि श्रेणी में अवार्ड मिले। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. काला और सीनियर सर्जन डॉ. यादव ने बताया कि कॉन्फ्रेंस 11 से 14 दिसंबर तक चली थी। इसमें देश के सभी मेडिकल कॉलेज के रेजीडेंट ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। जीएसवीएम के खाते में सबसे अधिक अवार्ड आए हैं। यह गर्व का विषय है। साथ ही इससे साबित हुआ है कि जीएसवीएम में पढ़ाई और शोध कार्यों का स्तर बहुत अच्छा है। खासतौर पर स्टेम सेल थेरेपी के प्रयोग की पहल को देश और विदेश में मान्यता और महत्व दिया जा रहा है।

> **डॉक्टर और उनके शोधपत्र**
>
> **डॉ. यामिनी राणा**
> बेस्ट रिसर्च पेपर प्रथम अवार्ड- स्टेम सेल और डायबिटीज
> पोस्टर अवार्ड प्रथम अवार्ड- स्टेम सेल और डायबिटीज
> पोस्टर अवार्ड द्वितीय अवार्ड लेप्रोस्कोपिक विधि से पित्त की थैली का इलाज
> फ्री पेपर द्वितीय अवार्ड- स्टेम सेल और डायबिटीज
>
> **डॉ. आयुष्य गुप्ता**
> बेस्ट रिसर्च पेपर प्रथम अवार्ड- मोटापा और बेरियाट्रिक सर्जरी
> बेस्ट पोस्टर प्रथम अवार्ड- बर्जर डिजीज: नसों की खराबी में स्टेम सेल थेरेपी
>
> **डॉ. आंचल अग्रवाल**
> डॉ. सी पालानीवेलू बेस्ट पीजी पेपर अवार्ड प्रथम अवार्ड- न्यूरो बीमारियों में स्टेम सेल थेरेपी
>
> **डॉ. अंशिका राजन वर्मा**
> फ्री पेपर तृतीय अवार्ड- नेक्रोटाइजिंग फेसाइटिस, इसमें अंग पर काले धब्बे पड़ते हैं, अंग काटने की नौबत आती है।

# बिधनू में विवादित जमीन की पैमाइश करने गई राजस्व टीम पर हुआ हमला

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



बिधनू थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक विवादित जमीन की पैमाइश के दौरान दबंगों ने राज्यों से टीम पर फायरिंग कर दी। घटना बिधनू के दुर्जनपुर में हुई जहां कानून को वीरेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में छह सदस्य राजस्व टीम 24 बीघा विवादित जमीन की पैमाइश करने गई थी। यह जमीन पिछले 3 वर्षों से विवाद का विषय बनी हुई है। एक पक्ष में जम्मू गांव के जगदेव परिहार, अनुराग, रामप्रताप परिहार, और कृष्ण गोपाल परिहार है, जबकि दूसरे पक्ष में दुर्जनपुर गांव के एडवोकेट विशाल वर्मा और सागर परमार शामिल है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज करा रखे हैं। राजस्व की टीम बिना पुलिस बल के साथ पैमाइश करने पहुंची थी। जैसे ही टीम ने पैमाइश शुरू की, दबंगों ने फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें टीम के सदस्यों को भाग कर अपनी जान बचाने पड़ी। पीड़ित पक्ष ने पहले बिधनू थाने में शिकायत की और फिर उच्च अधिकारियों से संपर्क किया।

बिधनू थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह के अनुसार तीन नाम जड़ और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है और जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

# ईएनटी फाउंडेशन ने तैयार की है 500 रोगियों की केस स्टडी




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

प्रदूषण के तत्व रोगी के शरीर में एलर्जी बढ़ा रहे हैं। इससे लोगों की खांसी दो-तीन महीने में भी ठीक नहीं हो रही है। नाक, गले के बाद ब्रोंकाइटिस और फेफड़ों में संक्रमण उतर रहा है। खांसी की समस्या से जूझ रहे पांच सौ रोगियों के एलर्जी टेस्ट में यह पता चला है। ईएनटी फाउंडेशन ने ऐसे पांच सौ रोगियों की केस स्टडी तैयार की है। एलर्जी से रोगियों को मानसिक तनाव हो रहा है। मस्तिष्क की वीगस नर्व सक्रिय होने से खांसी की जटिलता और बढ़ जाती है।

फाउंडेशन के निदेशक डॉ. देवेंद्र लालचंदानी ने बताया कि धूल-धुआं और विभिन्न फूलों के परागकण से एलर्जी होती है। इसके साथ ही फलों, सब्जियों आदि में इस्तेमाल होने वाले केमिकल भी दिक्कत करते हैं। एलर्जी रोगी की नाक से गले में बढ़ती है। इसके बाद सांस की नली से फेफड़ों में आ जाती है। इससे रोगियों को खांसी बहुत लंबे समय तक चलती है। कुछ रोगियों की खांसी में खून भी आ सकती है। डायबिटीज, बीपी समेत जिन रोगों से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कम होती है, उन्हें दिक्कत अधिक हो रही है।

40 फीसदी को नाक और गले की एलर्जी

उन्होंने बताया कि एलर्जी टेस्ट में उन तत्वों का पता चल जाता है, जिससे व्यक्ति को एलर्जी होती है। इससे बचाव के लिए वैक्सीन बनवा ली जाती है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के सीनियर फिजीशियन डॉ. जेएस कुशवाहा ने बताया कि ओपीडी में आने वाले औसत तीन सौ रोगियों में 40 फीसदी को नाक और गले की एलर्जी निकल रही है। रोगियों को सूखी खांसी आती है, कुछ फेफड़ों में कफ भी जम जाता है। इनमें 10 फीसदी रोगियों को लंबे समय तक खांसी बनी रहती है। अस्थमा जैसे लक्षण आ जाते हैं।

> **ऐसे करें बचाव**
>
> मौसम के बदलाव में मास्क लगाकर बाहर निकलें।
> सर्द-गर्म से बचें, एक्सपोजर न होने दें।
> जुकाम, खांसी, वायरल संक्रमण के रोगी से दूर रहें।
> भाप लें, नैबुलाइजर का इस्तेमाल करें।
> फ्लु की वैक्सीन लगवा लें।
> इम्युनोथेरेपी करवाएं।

# मंत्री नितिन गडकरी ने किया सचेंडी अंडरपास का उद्घाटन




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर में सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को सचेंडी अंडरपास का उद्घाटन किया। उन्होंने अहिरवा एयरपोर्ट से ही वर्चुअल उद्घाटन किया, जिसका लाइव टेलीकास्ट अंडरपास में किया गया। ग्रामीणों और वाहन चालकों ने इस अंडरपास के बनने से बहुत राहत मिलने की बात कही। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अमन रोहिल्ला ने बताया कि यह अंडरपास 22 करोड़ रुपये से बनवाया गया है। यह 30 मीटर चौड़ा और साढ़े पांच मीटर ऊंचा है, जिससे ट्रक, ट्राला आदि आसानी से मुड़कर निकाल सकेंगे।

# जापानी तकनीक का भारतीय खेती में करें समावेश

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



कानपुर में चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के शाकभाजी विभाग में सोमवार को जापानी तकनीक से मॉडल फार्म तैयार करने पर संवाद कार्यक्रम हुआ। अध्यक्षता कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने की। इसमें जापानी तकनीक का भारतीय खेती में समावेश करने व कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर चर्चा हुई।

विशेष सचिव कृषि ओपी वर्मा ने कहा कि मॉडल फार्म प्रोजेक्ट की सफलता के लिए जापानी प्रतिनिधि एवं विवि के कृषि वैज्ञानिकों के मध्य नियमित संवाद जारी रहना चाहिए। इससे कृषि की नई तकनीकों को खेतों तक पहुंचाया जा सकेगा। कृषि वानिकी एवं मत्स्य मंत्रालय जापान सरकार के प्रतिनिधि मित्सुओ सिमाड़ा ने बताया कि मॉडल फार्म प्रोजेक्ट के तहत जापानी कंपनी उत्तर प्रदेश में निवेश करेगी व तकनीकी प्रदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

चेरी टमाटर की खेती करने की दी जानकारी

मेबीऑल कंपनी जापान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. हिरोशी योशिओका ने आईमैक फिल्म फार्मिंग तकनीक से जल संवर्धन की तुलना में 75 फीसदी तक पानी की बचत करके चेरी टमाटर की खेती करने की जानकारी दी। कार्यक्रम में नोडॉका सकी, फ्यूकी वाटानेब, सतोशी नेगामी, डॉ. कोजी इसीकावा, अजुसा मिशिमा, डॉ. सुशील आदि ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में करीब 150 किसानों के साथ-साथ 30 शोध छात्र-छात्राओं ने भी हिस्सा लिया।

# पुलवामा के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बिठूर । 14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में आत्मघाती हमलावरों की कार ने सी आर पी जवानों के काफिले में टक्कर मारकर 40 जवानों को शहीद कर दिया था। उन जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए बीते दिन शुक्रवार को बिठूर चुंगीघर में लक्ष्मीबाई प्रतिमा के समक्ष पुलवामा शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर 2 मिनट का मौन रखा व कैंडिल जलाकर शहीदों को याद किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए रिषभ श्रीवास्तव जी व सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने पुलवामा की घटना को सभी के समक्ष रखा तथा भारत माता की जय, शहीदों की जय वंदेमातरम के नारों से कार्यक्रम स्थल गूंज गया। इस अवसर पर नकुल जी, संजय जी, अभय जी सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे जिन्होंने नम आंखों से शहीदों को नमन किया।

# पान मसाला और इत्र कारोबारियों पर छापे में अब तक 2000 करोड़ की कर चोरी मिली

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** एसएनके ब्रांड का पान मसाला बनाने वाले समूह, कन्नौज के इत्र कारोबारी और सप्लायरों के प्रतिष्ठानों पर आयकर की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। कानपुर में अब तक की सबसे बड़ी कर चोरी पकड़ी गई है। दो हजार करोड़ रुपये की कर चोरी के दस्तावेज आयकर अफसरों को मिले हैं। 20 करोड़ के गहने और 11 करोड़ की नकदी भी जब्त की गई है। 30-40 बोगस फर्मों और लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप (एलएलपी) कंपनियों के जरिए 700 करोड़ रुपये की काली कमाई को एक नंबर में बनाया गया और संपत्तियों में निवेश किया गया। समूह की ओर से दिल्ली, नोएडा और कानपुर में प्लॉट, फैक्टरी, मॉल, रिसॉर्ट या तो खरीदे जा रहे हैं या बनवाए जा रहे हैं। समूह का कारोबार दो नंबर (नकद) में सबसे ज्यादा मिला है। इसमें सप्लायरों की मुख्य भूमिका है। उनके पास ही लेनदेन का लेखा-जोखा रखने वाले 5,000 से ज्यादा दस्तावेज मिले हैं। आयकर विभाग की जांच लगातार दूसरे दिन सभी प्रतिष्ठानों पर जारी है। आयकर विभाग के अफसरों ने एसएनके पान मसाला समूह और सप्लायरों पर मंगलवार को देशव्यापी छापा मारा था।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **05/03/2025** को **15.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 01502025 dated 13.02.2025 |
| 2. | निविदा संख्या | 38-Sr.DEN-II-LKO/2024-2025 |
| 3. | कार्य का नाम | वरि. मंडल इंजिनियर- द्वितीय, उत्तर रेलवे, के अधिकार क्षेत्र में ANT BOY, KEH, MBDP और JNH पर RGM साइडिंग और CHH पर ट्रैक मशीन साइडिंग की व्यवस्था। |
| 4. | अनुमानित लागत | Rs. 2,72,16,396.83 |
| 5. | धरोहर राशि | Rs. 2,86,100.00 |
| 6. | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह |
| 7. | निविदा डालने का प्रारंभ | 21.02.2025 |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 07.03.2025 को 15:00 बजे |
| 9. | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट-:1 निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 513/25

पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# राहुल गांधी का कन्फ्यूजन कांग्रेस को डुबा देगा ?

**आम आदमी पार्टी के सभी बड़े नेताओं को चुनाव हरवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर राहुल गांधी ने अपनी ताकत को साबित कर दिया लेकिन यहां एक बार फिर से वही सवाल खड़ा हो रहा है कि अगर राहुल गांधी आखिरी समय तक कंफ्यूज नहीं रहते और उन्होंने कुछ महीने पहले ही दिल्ली प्रदेश कांग्रेस को अपने इरादे बता दिए होते तो शायद पार्टी ज्यादा बेहतर तरीके से चुनाव लड़ पाती और 2015 एवं 2020 के विधानसभा चुनाव में जीरो सीट हासिल करने वाली कांग्रेस पार्टी को इस बार भी जीरो के आंकड़े पर ही संतोष नहीं करना पड़ता।**

*एक स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र के लिए सत्तारूढ़ राजनीतिक दल के साथ ही मजबूत विपक्षी दल भी बहुत जरूरी माना जाता है। लोकतांत्रिक शासन प्रणाली का यह मूल सिद्धांत माना जाता है कि जितनी मजबूत सरकार हो, उतना ही मजबूत विपक्ष भी होना चाहिए।लोकतंत्र में जनता की इच्छा सर्वोपरि होती है।जनता किसी राजनीतिक दल को बहुमत देकर सरकार चलाने का मौका देती है तो किसी राजनीतिक दल को विपक्ष में बैठाकर सरकार पर निगरानी बनाए रखने की जिम्मेदारी देती है। इसलिए यह तो स्वाभाविक है कि सरकार चलाने वाले राजनीतिक दल या गठबंधन के पास सदन में ज्यादा संख्या होती है। लेकिन जनता विपक्ष से यह उम्मीद भी करती है कि सदन में कम संख्या होने के बावजूद विपक्षी राजनीतिक दल या गठबंधन सरकार के गलत कामों की पोल लगातार खोलते रहे। स्वाभाविक तौर पर, राजनीति के मैदान में उतरने का अंतिम लक्ष्य बहुमत हासिल कर सत्ता प्राप्त करना ही होता है। लेकिन कई बार ऐसा लगता है कि इस देश के सबसे बड़े विपक्षी राजनीति दल कांग्रेस के नेता राहुल गांधी महत्वपूर्ण अवसरों पर अक्सर कन्फ्यूज होते नजर आते हैं। उनके कन्फ्यूजन का नुकसान हर बार कांग्रेस को चुनावी हार के रूप में उठाना पड़ता है। लेकिन लगातार हार मिलने के बावजूद भी राहुल गांधी के रवैये में फिलहाल तो कोई सुधार होता, नजर नहीं आ रहा है। हाल ही में, दिल्ली में हुआ विधानसभा चुनाव राहुल गांधी के इस कन्फ्यूजन का सबसे ताजा उदाहरण है। राहुल गांधी अंतिम समय तक यह फैसला नहीं कर पा रहे थे कि अरविंद केजरीवाल साथी है या विरोधी ? कांग्रेस को बचाने के लिए दिल्ली में चुनाव लड़े या फिर इंडिया गठबंधन को बचाने के लिए केजरीवाल और उनकी पार्टी के खिलाफ मजबूती से चुनाव नहीं लड़े ? उन्होंने कभी अजय माकन को केजरीवाल के ऊपर सीधा हमला करने की अनुमति दे दी तो कभी उनकी प्रेस कांफ्रेंस को ही रद्द करवा दिया। जबकि शुरुआती दौर में राहुल गांधी ने स्वयं दिल्ली के सीलमपुर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल, दोनों पर एक ही सुर में तीखा निशाना साधा था। सीलमपुर की रैली में अरविंद केजरीवाल पर तीखा राजनीतिक हमला बोलने के बाद अचानक से राहुल गांधी कुछ दिनों के लिए शांत हो गए। ऐसी खबरें निकलकर सामने आने लगी कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, महाराष्ट्र के दिग्गज नेता शरद पवार और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के कहने पर ना केवल उन्होंने अजय माकन की प्रेस कॉन्फ्रेंस को रद्द करवा दिया बल्कि स्वयं भी दिल्ली के चुनाव प्रचार अभियान से बाहर होकर बैठ गए। लेकिन इंडिया गठबंधन के साथियों द्वारा एक-एक करके दिल्ली के विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल को समर्थन दिए जाने की सार्वजनिक घोषणा करने के बाद राहुल गांधी ने अपने आप को आहत महसूस किया और उसके बाद एक बार फिर से उन्होंने दिल्ली कांग्रेस के नेताओं को चुनावी अभियान में जोर-शोर से जुड़ने का निर्देश दे दिया। इतना ही नहीं राहुल गांधी स्वयं, अरविंद केजरीवाल की नई दिल्ली विधानसभा में चुनाव प्रचार करने के लिए पहुंच गए। जहां से उन्होंने दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित को उम्मीदवार बनाया था। कांग्रेस का उम्मीदवार भले ही चुनाव में जीत हासिल न कर पाए।*

## एक्सप्रेस आलेख

**दलबदलुओं में 6 भाजपा के चुनाव चिह्न व 3 आप के चुनाव चिह्न पर जीते। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल के मुकाबले भाजपा ने किसी स्थानीय नेता की बजाय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि पर चुनाव लड़ा और जीता। दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के बाद भाजपा कार्यकर्ता उत्साह से लबरेज हैं। चुनाव नतीजे के बाद भाजपा ने राजस्थान में कैबिनेट मंत्री डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा व हरियाणा में कैबिनेट मंत्री अनिल विज को उनके पार्टी विरोधी बयानों पर कारण बताओ नोटिस जारी कर यह जता दिया कि भाजपा में अनुशासन की लक्ष्मण रेखा पार करने का किसी को भी अधिकार नहीं है। चाहे वह कितना ही बड़ा नेता क्यों ना हो।**



रमेश सर्राफ धमोरा

**इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के लिए भाजपा ने चुनावों के दौरान आम आदमी पार्टी की आपदा पार्टी वाली छवि बना दी थी। पार्टी के बड़े नेता अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया सत्येंद्र जैन, संजय सिंह को भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल जाने को भाजपा ने बड़ा मुद्दा बना कर दिल्ली की जनता को आम आदमी पार्टी की वास्तविकता से रूबरू करवाया।**

# दिल्ली जीतकर भाजपा ने दिखाई धमक

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बड़ी जीत हासिल कर अपनी धमक दिखायी है। 1998 में भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव हार गई थी। उसके बाद इस बार के चुनाव में भाजपा जीत कर अपनी सरकार बनाने वाली है। लगातार छह बार विधानसभा चुनाव हारने से भाजपा के लिए इस बार के दिल्ली विधानसभा के चुनाव बड़ी प्रतिष्ठा के सवाल बने हुए थे। इसीलिए भाजपा ने दिल्ली विधानसभा के चुनाव में जीत हासिल करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया। इस बार भाजपा ने दिल्ली में मुख्यमंत्री रहे अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया सहित आम आदमी पार्टी के कई दिग्गज नेताओं को हराकर अपनी पुरानी हार का बदला ले लिया है। पिछले लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने करीब 30 विपक्षी दलों को साथ लेकर भाजपा के खिलाफ मजबूत इंडी गठबंधन बनाया था। जिसमें शामिल सभी विपक्षी दलों ने ज्यादातर सीटों पर एक साथ मिलकर चुनाव लड़कर भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को 293 लोकसभा सीटें मिली। वहीं इंडी गठबंधन ने 236 सीटें जीती। कांग्रेस 53 सीटों से बढ़कर 99 सीटों पर पहुंच गई। इसी तरह समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में 5 सीटों से बढ़ कर 37 सीटों पर पहुंच गई। लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को पूरा भरोसा था कि उनकी पार्टी की सरकार बनेगी। इसलिए कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से इतर विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी से समझौता नहीं कर अकेले चुनाव मैदान में उतरी। हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 48 सीटें जीत कर कांग्रेस को करारी शिकस्त दी। हरियाणा में जीत से देशभर में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं का मनोबल भी बढ़ा। भाजपा ने हरियाणा में जहां लगातार तीसरी बार सरकार बनायी, अब तक की सबसे अधिक 48 सीटें जीत कर यह दिखा दिया कि लोकसभा चुनाव में पार्टी को उम्मीदों से कहीं कम सीटें मिलने से कार्यकर्ता निराश नहीं हैं। उसके बाद महाराष्ट्र व झारखंड विधानसभा के चुनाव संपन्न हुए। महाराष्ट्र में भाजपा ने अब तक की सबसे अधिक सीटें जीतकर नया रिकॉर्ड बनाया। झारखंड में भाजपा चुनाव हार गई मगर महाराष्ट्र में भाजपा की बड़ी जीत में झारखंड की हार दब



**कई राज्यों के विधानसभा चुनाव में लगातार जीतने से जहां भाजपा नेताओं का मनोबल बढ़ा हुआ है। वहीं, इंडी गठबंधन में आपसी आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। यदि विपक्षी दलों में खींचतान बढ़ती है तो आगे आने वाले विधानसभा चुनावों में उसका फायदा भी भाजपा को ही मिलना सुनिश्चित लग रहा है।**

कर रह गई। महाराष्ट्र में भाजपा ने अकेले 132 सीटें जीती जो अब तक की सबसे अधिक थी। वहीं, भाजपा के सहयोगी शिवसेना व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने भी करीब 100 सीटें जीतकर महाराष्ट्र में कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद चंद्र पवार व शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे को मात्र 46 सीटों पर समेट दिया। हरियाणा व महाराष्ट्र चुनाव भाजपा के लिए नई संजीवनी साबित हुए। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन महाराष्ट्र में महज 17 सीटें ही जीत पाया था। मगर विधानसभा चुनाव में मिली बंपर जीत ने लोकसभा चुनाव की हार को भुला दिया। हाल ही में दिल्ली विधानसभा के चुनाव में भी भाजपा ने पहली बार 48 सीटें जीतकर इतिहास रच दिया। दिल्ली विधानसभा में भाजपा पिछले 26 वर्षों से सत्ता से बाहर थी। दिल्ली में 1998, 2003 व 2008 में लगातार तीन बार कांग्रेस की सरकार बनी थी। वहीं, 2013, 2015 व 2020 में लगातार तीन बार आम आदमी पार्टी की सरकार बनी थी। 2015 में महज 3 सीट व 2020 में मात्र 8 सीट जीतने वाली भाजपा ने इस बार 48 सीट जीतकर अपनी ताकत का अहसास करवाया है। हालांकि 2014, 2019 व 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा दिल्ली की सभी 7 सीटे जीतकर हैट्रिक बना चुकी है। मगर विधानसभा चुनाव में लगातार 6 बार सत्ता से बाहर रहने के कारण भाजपा इस बार हर हाल में दिल्ली में सरकार बनाना चाहती थी। इसके लिए भाजपा के सभी नेता व कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। यदि भाजपा इस बार भी दिल्ली में चुनाव हार जाती तो आगे आने वाले बिहार, असम विधानसभा के चुनाव में उसे नुकसान उठाना पड़ सकता था। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 48 सीटों के साथ 45.56 प्रतिशत वोट हासिल किए। दिल्ली में यह भाजपा का अब तक का सर्वोच्च चुनावी आंकड़ा है। पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में जहां भाजपा की 40 सीट बढ़ गई हैं, वहीं उसका वोट प्रतिशत भी 7.38 प्रतिशत बढ़ा है। भाजपा को कुल 46 लाख 23 हजार 110 वोट मिले हैं। वहीं, आम आदमी पार्टी महज 22 सीटों पर सिमट गई। उसे 43.57 प्रतिशत मत मिले हैं। जो पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में 10 प्रतिशत कम हैं। आम आदमी पार्टी को 41 लाख 33 हजार 898 वोट मिले हैं। इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के लिए भाजपा ने चुनावों के दौरान आम आदमी पार्टी की आपदा पार्टी वाली छवि बना दी थी। पार्टी के बड़े नेता अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया सत्येंद्र जैन, संजय सिंह को भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल जाने को भाजपा ने बड़ा मुद्दा बना कर दिल्ली की जनता को आम आदमी पार्टी की वास्तविकता से रूबरू करवाया। इसके साथ ही अरविंद केजरीवाल द्वारा मुख्यमंत्री आवास में करवाए गए कार्यों को भाजपा ने शीशमहल कहकर प्रचारित किया। जिससे दिल्ली के आम मतदाताओं को लगने लगा कि जिस पार्टी को वह अपनी हमदर्द पार्टी मानकर लगातार तीन बार से चुनाव जीतवा रहा है, उस पार्टी के नेता भी अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं की तरह भ्रष्टाचार करने लगे हैं। मतदाताओं की यह सोच आम आदमी पार्टी के खिलाफ गई और उसे चुनाव में करारी पराजय झेलनी पड़ी। दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार मतदाताओं ने दलबदलुओं को भी उनकी औकात दिखा दी।

## एक्सप्रेस कविता

*है दुनिया बड़ी दिलरुबा जानते हैं*
*मोहब्बत को हम खुदा जानते हैं।*
*बहाव में हम भी बह जा रहे हैं*
*है तिनके का सहारा जानते हैं।*
*संबंधों में विश्वास कायम रखिये*
*बहुत कीमती है वफा जानते हैं।*

*बनाएंगे इसे ही हमवार यकीनन*
*मुखालिफ अभी है हवा जानते हैं।*
*नाकाम जो है हम मोहब्बत में*
*बेवफा जो हैं वो सब जानते हैं।*
*संजीव हम हैं गुनहगार ए उल्फत*
*हम ही को मिलेगी सजा जानते हैं।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*ज्ञान का दीप जलाकर अपने जीवन को सुमार्ग पर ले जाएं और समाज को शिक्षित बनने में अपना योगदान दें*

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | तृतीया 23:52 तक |
| नक्षत्रः | उत्तराफाल्गुनी 25:39 |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शनिवार |
| योगः | सुकर्मा, 07:32 |
| सूर्योदयः | 07:00 |
| सूर्यास्तः | 18:10 |
| चंद्रमाः | कन्या राशि में |
| राहुकालः | 09:47-11:11 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:13-12:57 |

## जन एक्सप्रेस

**पद की है तलाश !**

*अवसर रहे निहार ।*
*पद की है तलाश ।।*
*ना रहना है आम ।*
*बन ही जाना खास ।।*
*गुणा भाग में माहिर ।*
*जा रहा संदेश ।।*
*पर पहले टटोलना ।*
*बढ़े ना कलेश ।।*
*दिख जाए पर जल्द ।*
*नया कुछ अवतार ।।*
*मनोरंजन की थोड़ी थोड़ी ।*
*बहती रहे बयार ।।*
*फैसला तो मान्य है ।*
*पर कसक है बाकी ।।*
*ना आई पर काम ।*
*कोई भी चालाकी ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# ब्रेन फंक्शन को प्रभावित कर सकता है ब्रेन फ्लू

**शरीर** को स्वस्थ बनाने के लिए आपको डाइट पर पूरा फोकस करना होता है। संतुलित और पौष्टिक डाइट से आपके शरीर को एनर्जी मिलती है और आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर होती है। लेकिन, आज के समय में अनियमित खानपान की वजह से लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसमें फ्लू और वायरल एन्सेफलाइटिस यानी ब्रेन फ्लू होने का भी जोखिम बढ़ सकता है। ब्रेन फ्लू एक ऐसी ही गंभीर समस्या है, जो मस्तिष्क की कॉग्नेटिव फंक्शन को कमजोर कर सकती है। इससे व्यक्ति के सोचने, समझने और किसी चीज को सीखने के क्षमता प्रभावित होती है। ब्रेन फ्लू को मेडिकल भाषा में वायरल एन्सेफलाइटिस भी कहा जाता है। यह वायरस के कारण होने वाला इंफेक्शन है, जो शरीर के अन्य कार्यों के साथ ही ब्रेन को भी प्रभावित कर सकता है।



**किसी चीज पर फोकस करने में परेशानी होना:** ब्रेन इंफेक्शन ब्रेन के फंक्शन को धीमा कर सकता है, जिससे व्यक्ति को ध्यान केंद्रित करने में परेशानी होती है। ऐसे में व्यक्ति को ऑफिस के काम के दौरान बार-बार ध्यान भटकना और चीजों को समझने में मुश्किल हो सकती है।

**किसी विषय पर निर्णय लेने में समस्या:** ब्रेन फ्लू के कारण लॉजिकल और एनालिटिक क्षमता प्रभावित हो सकती है, जिससे व्यक्ति सही निर्णय नहीं ले पाता है। इससे व्यक्ति के ऑफिस के काम में परेशानी हो सकती है। साथ ही, लाइफस्टाइल भी प्रभावित हो सकती है।

**चीजों को याद रखना मुश्किल:** इस इंफेक्शन में ब्रेन का हिप्पोकैम्पस हिस्सा को प्रभावित हो सकता है, यह हिस्सा व्यक्ति की याददाश्त को नियंत्रित करता है। इस हिस्से में परेशानी से व्यक्ति को चीजे याद रखने में परेशानी होती है। साथ ही, व्यक्ति कुछ दिनों पहले की चीजों को भी याद नहीं रख पाता है।

**चीजों को समझने में समस्या होना:** इस संक्रमण से मस्तिष्क में सूजन हो आ सकती है, जिससे सोचने और समस्याओं का समाधान निकालने की क्षमता कमजोर हो जाती है। किसी भी तरह के संक्रमण से बचने के लिए आप डाइट और लाइफस्टाइल में जरूरी बदलाव कर सकते हैं। डॉक्टर्स के मुताबिक अगर इस संक्रमण का समय पर इलाज नहीं किया जाए, तो यह ब्रेन के परमानेंट रूप से प्रभावित कर सकता है। साथ ही, यह न्यूरोलॉजिकल समस्याओं का कारण भी बन सकता है। यदि आपको, मस्तिष्क से जुड़े किसी तरह के लक्षण दिखाई दे तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और उनके द्वारा बताए टेस्ट को सही समय पर कराएं।

## एक्सप्रेस विशेष



पंकज जायसवाल

**कांग्रेस के बजट कार्यालय के जनवरी 2025 के पूर्वानुमानों के अनुसार, सरकार वित्तीय वर्ष 2025 में अंतरराष्ट्रीय सहायता कार्यक्रमों पर लगभग 58.4 बिलियन डॉलर खर्च करने की राह पर है। लेकिन, वित्तीय वर्ष के शुरू होने में बमुश्किल तीन महीने रह गए हैं।**

# यूएसएआईडी का दुरुपयोग

**देखिए, यूएसएआईडी किसी कारणयाकार्यके लिए सिर्फ चेक लिखकर नहीं चला जाता है। यह जमीन पर राज्य के कर्मियों, अनुबंध श्रमिकों और गैर-सरकारी संगठनों (हृत्रह्र) के संयोजन को नियुक्त करता है। उनमें से कुछ पूर्णकालिक कार्यकर्ता के रूप में काम करते हैं, लेकिन संघीय विशेषाधिकारों के बिना। और वे स्थायी सिविल सेवा पेशेवरों और विदेश सेवा अधिकारियों की तुलना में बहुत अधिक संख्या में हैं।**

**मानवता** की आड़ में वामपंथी पारिस्थितिकी तंत्र, जिसमें डीप स्टेट ताकतें और यूएसएआईडी का हिस्सा शामिल है, स्वार्थी कारणों और दुनिया को अपने हिसाब से चलाने की इच्छा के लिए कई देशों की राजनीतिक प्रणालियों और संस्कृतियों को नष्ट कर रहा है। शाहीनबाग, किसान आंदोलन, बांग्लादेश हिंदू नरसंहार, कश्मीर नरसंहार, मुंबई आतंकवादी हमला, नक्सलवाद और आतंकवाद की गतिविधियाँ, शहरी नक्सलियों के भारत विरोधी आख्यान जैसे कई भारत विरोधी प्रदर्शन, सभी वामपंथी पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा वित्तपोषण की ओर इशारा करते हैं, जिनमें से एक यूएसएआईडी है।डोनाल्ड ट्रम्प और एलोन मस्क ने मानवता के लिए जोखिम देखा और यूएसएआईडी को बंद कर दिया।विदेशी सहायता रोकने और इसके वितरण के प्रभारी प्रमुख एजेंसी को बंद करने के ट्रम्प प्रशासन के हालिया कदमों ने संघीय खर्च में विवाद के अपेक्षाकृत मामूली लेकिन लंबे समय से चले आ रहे स्रोत पर ध्यान केंद्रित किया है। इन कदमों ने दुनियाभर के मानवीय संगठनों और सरकारों के बीच अस्पष्टता पैदा कर दी है कि कौन-से कार्यक्रम जारी रह सकते हैं और कौन-से नहीं। स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता और जल जैसी अनेक मानवीय सहायता जारी रखी जानी चाहिए और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प निःस्संदेह मानवता-विरोधी वामपंथी समूहों को हटाने के बाद ये सहायता शुरू करेंगे। भारत तथा अन्य विकासशील और अविकसित देशों में मानवता विरोधी कार्रवाइयों के लिए मानवता विरोधियों के वित्तपोषण का किस प्रकार दोहन किया जा रहा है?

**कुछ उदाहरण-**

यूएसएआईडी, जिसपर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना हो रही है, उसे अमेरिका के सभी अंतरराष्ट्रीय व्यय का आधे से अधिक फंड प्राप्त होता है। खतरे के संकेतों के बावजूद, यूएसएआईडी ने पाकिस्तान स्थित फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन को वित्तपोषित किया, जो हाफिज सईद के लश्कर-ए-तैयबा का मुखौटा है। इस तथ्य के बावजूद कि अमेरिकी सरकार ने एफआईएफ और एलईटी पर प्रतिबंध लगा दिया है, उन्हें यूएसएआईडी से वित्त पोषण प्राप्त हुआ। फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन और एलईटी मुंबई में 26/11 के हमलों के लिए जिम्मेदार थे, जिसमें 166 लोग मारे गए थे।पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा बेरहमी से मारे गए 166 व्यक्तियों में छह अमेरिकी भी थे। एफआईएफ को यूएसएआईडी का पैसा हेल्पिंग हैंड फॉर रिलीफ एंड डवलपमेंट के माध्यम से भेजा गया था, जो मिशिगन में स्थापित एक मुस्लिम गैर-लाभकारी संस्था है, जिसका दक्षिण एशिया में सक्रिय आतंकवादी समूहों से संबंध है। ट्रम्प ने यूएसएआईडी पर नकेल कसते हुए इसे डीपस्टेट करार दिया है। एक्स पर एक पोस्ट में, ट्रम्प से जुड़े एक अकाउंट ने दावा किया कि जॉर्ज सोरोस ने यूएसएआईडी से 260,000,000.00 प्राप्त किए और इस पैसे का इस्तेमाल श्रीलंका, बांग्लादेश, यूक्रेन, सीरिया, ईरान, पाकिस्तान, भारत, यूके और अमेरिका में अराजकता फैलाने, सरकार बदलने और व्यक्तिगत लाभ के लिए किया। उनकी टिप्पणी अमेरिकी विदेशी सहायता की बढ़ती जांच में शामिल है, खासकर तब से जब ट्रम्प प्रशासन ने यूएसएआईडी के बजट को फ्रीज कर दिया है। डॉज के सीईओ एलन मस्क ने ट्रम्प की सरकार का समर्थन किया है, जो वामपंथ यूएसआईडी की वित्तीय सहायता पर जोर देते हैं, जिसे वे विवादास्पद उपक्रम बताते हैं। मस्क की भागीदारी और समर्थन ने शासन परिवर्तन और राजनीतिक प्रभाव के लिए विदेशी सहायता के उपयोग के बारे में रिपब्लिकन की चिंताओंको बढ़ा दिया है। मस्क ने एक्स स्पेसेस की बातचीत में कहा कि उन्होंने ट्रम्प के साथ यूएसएआईडी के बारे में बात की और [राष्ट्रपति] सहमत हुए कि हमें इसे बंद कर देना चाहिए, ट्रम्प द्वारा यूएसएआईडी के बारे में संवाददाताओं से कहने के बाद, इसे कट्टरपंथी पागलों के एक समूह द्वारा चलाया जा रहा है, और हम उन्हें बाहर निकाल रहे हैं, और फिर हम [इसके भविष्य के बारे में] कोई निर्णय लेंगे। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि यूएसएआईडी द्वारा वित्तपोषित एनजीओ ने सरकार की अग्निवीर परियोजना का विरोध किया, जाति जनगणना को बढ़ावा दिया और देश में नक्सलवाद का समर्थन किया। अमेरिकी विदेशी सहायता पारंपरिक रूपसे विकास के बजाय राजनीतिक शक्ति पर केंद्रित रही है। यूएसएआईडी द्वारा वित्तपोषित कार्यक्रमों ने बार-बार प्राप्तकर्ता देशों को अमेरिका के अनुकूल नीतियों को अपनाने, अमेरिकी फर्मों के पक्ष में बाजार सुधारों को लागू करने और सैन्य प्रभुत्व के लिए रणनीतिक आधार के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित किया है। सहायता स्वयं कभी-कभी सच्ची आत्मनिर्भरता बनाने के बजायअल्पकालिक उपायों को प्राथमिकता देती है, जिससे कई विकासशील देश आर्थिक सशक्तीकरण की बजाय निर्भरता के चक्र में फंस जाते हैं।

# मछली व्यापारी से मारपीट कर लूटी नकदी, रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



> अंबर सिंह ने बताया कि मछली व्यापारी कोतवाली आया था। तहरीर के आधार पर पुलिस जांच में जुट गई है। व्यापारी ने एक आरोपी को भी पहचानने की बात कही है, तलाश की जा रही है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।
> **सदर कोतवाल अंबर सिंह।**

**लखीमपुर खीरी।** महेवागंज कस्बे से मछली बेचकर गुरुवार की शाम वापस घर जा रहे एक व्यापारी को बाइक सवार तीन युवकों ने पीछा कर रास्ते में रोक लिया।उसकी पिटाई कर सात हजार से अधिक रुपये लूटकर भाग निकले। बदमाशों की पिटाई से घायल युवक जब महेवागंज चौकी पहुंचा तो पुलिस ने घटना रामापुर चौकी क्षेत्र की बताकर उसे वापस भेज दिया।वह जब रामापुर गया तो उसे महेवागंज चौकी भेजा गया। पीड़ित सुबह कोतवाली सदर पहुंचा और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थाना शारदा नगर के ग्राम मटेही निवासी खूबचंद्र ने बताया कि वह मछली का व्यापार करता है। शारदानगर से मछली खरीदकर सदर कोतवाली स्थित महेवागंज की बाजार आकर बिक्री करता है। गुरुवार को भी वह मछली बेचने महेवागंज कस्बे में आया था।शाम को मछली बेचकर अपने घर वापस जा रहा था। इसी दौरान पीछा कर रहे बाइक सवार तीन लोगों ने उसे ग्राम रड़हापुरवा के पास रोक लिया। आरोप है कि तीनों ने मिलकर उसकी पिटाई की।साथ ही जेब में रखे सात हजार से ज्यादा रुपये की नकदी लूट ली। उसने एक बदमाश को पहचान लिया। पहचान लेने की बात कहने पर गुस्साए तीनों बदमाशों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी और रुपये लेकर भाग निकले। बदमाशों की पिटाई से उसके सिर में चोट आई हैं। बदमाशों के जाने के बाद पीड़ित व्यापारी ने घटना की सूचना अपने परिवार वालों को दी। मौके पर परिवार के लोग भी पहुंच गए। इसके बाद पीड़ित व्यापारी परिजनों के साथ महेवागंज चौकी पहुंचा और पूरी बात बताई। इस पर पुलिस ने घटनास्थल रामापुर पुलिस चौकी क्षेत्र का बताया और उसे रामापुर भेज दिया।
वह जब रामापुर गया तो पुलिस ने उसे वापस महेवागंज चौकी पर भेज दिया।
वह दोनों पुलिस चौकियों के बीच कई चक्कर लगाता रहा, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। चौकी पुलिस ने उसे सीमा विवाद में उलझाए रखा।
सुबह पीड़ित कोतवाली पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। कोतवाली जांच में जुट गई है।

# महिला बैरक, किशोर बैरक सहित अन्य बैरकों का निरीक्षण कर बन्दियों से वार्ता की गयी




जन एक्सप्रेस । सीतापुर

उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्राप्त निर्देश के अनुपालन में मा.जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर श्री कुलदीप सक्सेना की अध्यक्षता में आज सी मैप लखनऊ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में बन्दियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला कारागार सीतापुर में निरुद्ध महिला एवं पुरुष बन्दियों को सूखे फूलों से धूपबत्ती व अगरबत्ती बनाये जाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम सी मैप लखनऊ के कुशल प्रशिक्षकों द्वारा आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर श्री कुलदीप सक्सेना, श्री ज्ञान प्रकाश तृतीय, अपर जिला जज प्रथम, श्री भगीरथ वर्मा, अपर जिला जज, श्री नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, अपर जिला जज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री गौरव प्रकाश, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्र व जेल अधीक्षक, श्री सुरेश कुमार सिंह, डिप्टी जेलर एवं अन्य जिला कारागार का स्टाफ मौजूद रहा। उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री आर. के. श्रीवास्तव, प्रधान वैज्ञानिक, श्री मनोज कुमार यादव, श्री रवि कुमार शुक्ला व श्री चन्द्र प्रकाश, सीमैप लखनऊ द्वारा महिला एवं पुरुष बन्दियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम में श्री बृजेन्द्र अवस्थी चीफ, लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम व श्री सुजीत बाजपेई डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल व श्री अंकुर वर्मा, असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम सीतापुर तथा नैमिषारण्य मिश्रिख सीतापुर से श्री मुन्ना लाल आचार्य जी, भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भूपेन्द्र दीक्षित ने किया। मा. जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री कुलदीप सक्सेना के निर्देश के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर के तत्वाधान में आज जिला कारागार सीतापुर का निरीक्षण किया गया। जनपद न्यायाधीश श्री कुलदीप सक्सेना, द्वारा जिला कारागार सीतापुर में महिला बैरक, किशोर बैरक सहित अन्य बैरकों का निरीक्षण कर बन्दियों से वार्ता की गयी। वार्तालाप के दौरान किसी भी बन्दी द्वारा निःशुल्क विधिक सेवा दिये जाने की प्रार्थना, आग्रह नही किया गया और न ही कोई अन्य समस्या बन्दियों द्वारा बताई गयी। मा.जनपद न्यायाधीश द्वारा जिला कारागार में स्थित अस्पताल तथा पाकशाला का भी निरीक्षण किया गया। सभी व्यवस्था दुरुस्त पाई गयी तथा जिला कारागार सीतापुर स्थापित लीगल एड क्लीनिक का भी निरीक्षण किया गया। मा. जनपद न्यायाधीश द्वारा ऐसे विचाराधीन बन्दियों से भी वार्ता की गयी जो आधे से अधिक सजा को भुगत चुके है। सुकन्या शांता बनाम भारत संघ एवं अन्य में दिए गए निर्देशों के अनुरूप कोई जातीय आधार पर भेदभाव से संबंधित मामला संज्ञान में नही आया।

## ब्राह्मण वेलफेयर महासभा के जिला मीडिया प्रभारी बने संतोष मिश्रा

जन एक्सप्रेस । बहराइच। ब्राह्मण वेलफेयर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद मोहन मिश्र के द्वारा जनपद बहराइच के विकास खंड नवाबगंज (नई बाजार बाबागंज) निवासी संतोष कुमार मिश्रा को ब्राह्मण वेलफेयर महासभा उत्तर प्रदेश का जनपद बहराइच का जिला मीडिया प्रभारी का नवीन दायित्व प्रदान किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी संतोष कुमार मिश्रा की लगातार सामाजिक कार्यो मे सक्रियता, समाज के प्रति निष्ठा तथा रुचि को देखकर उन्हे पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पूर्व संगठन द्वारा संतोष मिश्रा को नवाबगंज ब्लॉक मीडिया प्रभारी का दायित्व सौपा गया था लेकिन संगठन व ब्राह्मण समाज के प्रति उनकी निष्ठा को देखते हुए संगठन प्रदेश अध्यक्ष द्वारा संतोष मिश्रा को बहराइच जिला मीडिया प्रभारी का नवीन दायित्व सौंपा गया है। ब्राह्मण वेलफेयर महासभा राष्ट्रीय स्तर का संपूर्ण भारत मे कार्य करने वाला गैर राजनीतिक सामाजिक संगठन है जो ब्राह्मण समाज के लोगो मे राष्ट्रवाद की भावना पैदा करना, सर्वांगीण विकास, नशामुक्ति, उत्थान एवं कल्याण आदि उद्देश्यों पर कार्य करता है। संतोष मिश्रा को महासभा का बहराइच जिला मीडिया प्रभारी बनाये जाने पर विनोद गिरि, जीतेन्द्र शर्मा, अरविन्द वर्मा, वैभव सिंह, कौशलेन्द्र पाण्डेय, शुभम त्रिपाठी, नीरज मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, बद्री सिंह, सजल मिश्रा, धीरेन्द्र शर्मा, अमित त्रिपाठी, राजकुमार शर्मा, संतोष शुक्ला, आनंद भूषण मिश्रा, अरुण कुमार सिंह, ज्ञानेंद्र शुक्ला, सूरज कुमार आदि लोगो ने हर्ष व्यक्त किया है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### साइकिल सवार की ट्रैक्टर की टक्कर से चली गई जान परिवार में मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी। कोतवाली क्षेत्र के गांव इंद्रानगर उमरिया निवासी 40 वर्षीय मूलचंद गुरुवार की रात करीब रात आठ बजे कस्बा अमीरनगर से अपने घर साइकिल से वापस आ रहा था। परसपुर-मथना मार्ग पर पहुंचते ही पीछे से तेज रफ्तार बिना लाइट के आ रहे ट्रैक्टर ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी मोहम्मदी भेजा, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक मूल चंद की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह चार भाइयों में सबसे बड़ा था। वह मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। वह अपने पीछे एक पुत्र, एक पुत्री व पत्नी को छोड़ गया। शुक्रवार की सुबह ग्राम पंचायत उमरिया के पूर्व प्रधान संदीप सिंह मृतक के घर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की।

### बाबा वाहिनी की मासिक बैठक हुई सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। शुक्रवार को समाजवादी पार्टी की बाबा वहिनी की मासिक बैठक समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर हुई जिसकी अध्यक्षता बाबा वाहिनी के जिला अध्यक्ष राघवेंद्र गौतम ने की जिसमें मुख्य अतीत के रूप में जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव राष्ट्रीय सचिव अंबेडकर वाहिनी विजेंद्र भारती उपस्थित रहे बाबा वाहिनी में जिला सचिव अनुपम भारती सद्दाम हुसैन विधानसभा महासचिव श्रीनगर फुरकान विधानसभा उपाध्यक्ष श्रीनगर कादर खान आदि पदाधिकारी नियुक्त किए गए बैठक में आनंद चौधरी जिला महासचिव प्रमोद कुमार अध्यक्ष श्रीनगर टीटू गौतम दिलशाद तौफीक सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पुलवामा शहीद दिवस पर शहीद हुए वीर जवानों को दी गयी विनम्र श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सीबीएसई बोर्ड में आज पुलवामा शहीद दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जम्मू कश्मीर के पुलवामा में आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद सिंह चौहान ने कहा, आज हम उन वीर जवानों को याद करते हैं जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना मातृभूमि की रक्षा की। उनकी शहादत को हम कभी नहीं भूलेंगे। हमें अपने जवानों की शहादत पर गर्व होना चाहिए। हमें उनकी शहादत से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने देश की सेवा करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए और शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य आचार्य बहनें और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे और उन्होंने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड, गोला गोकर्णनाथ में स्थापत्य एवं वास्तु कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी। स्थित बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड में आचार्य श्री सुशील बलूनी जी द्वारा 15 फरवरी से 21 फरवरी 2025 तक सप्त दिवसीय स्थापत्य एवं वास्तु कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस आध्यात्मिक एवं ज्ञानवर्धक कथा में वास्तु विज्ञान, स्थापत्य, पंचमहाभूत, संख्या ज्योतिष व नक्षत्र आधारित प्राकृतिक कृषि से जुडे महत्वपूर्ण व गूढ़ विषयों पर ज्ञान चर्चा व जानकारियां साझा की जाएंगी। जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, भाग्य वर्धन की कला, सामाजिक समरसता, अनुशासन व स्वस्थ रहना और समृद्धि लाना आवश्यक है। यह सप्त दिवसीय सत्संग ज्ञान चर्चा आपके जीवन को सुदृढ़ बनाने में अत्यंत सहायक होंगी। यह कथा प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। यूनिट हेड जितेन्द्र सिंह जादौन जी ने सभी किसान भाइयों एवं श्रद्धालुजनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस पावन आयोजन में सहभागिता करें और स्थापत्य एवं वास्तु ज्ञान का लाभ उठाकर अपने जीवन को सफल एवं मंगलमय बनाएं।

### प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी। नगर पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन के तहत शुक्रवार को एसडीएम/अधिशासी अधिकारी राजीव निगम की अध्यक्षता में एक दिवसीय क्षमता संवर्धन एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ। राजीव निगम ने कहा कि नगर को कचरा मुक्त एवं स्वच्छ बनाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। नगर पंचायत के सभी सफाई कर्मचारी और अधिक मेहनत करें तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। स्वच्छ भारत मिशन की टीम ने सफाई कर्मचारियों को नगर की सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने, कार्य के दौरान सुरक्षा एवं प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया। सूखे एवं गीले कचरा के उचित निस्तारण से होने वाले लाभ, कंपोस्ट खाद एवं रिसाइकलिंग के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में स्वच्छता कार्य में सजग रहने वाले सफाई कर्मचारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।इस दौरान अखिलेश कुमार, सुरेंद्र सिंह, गुलशन कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

### ईटहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बंद होने की जांच के दिए आदेश

जन एक्सप्रेस । बहराइच। जिले के शिवपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आने वाला इटहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लंबे समय से बंद पड़ा है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इलाज के अभाव में लोग मजबूरी में निजी झोलाछाप डॉक्टरों के पास जाने को विवश हैं। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता राम फेरन पांडेय द्वारा इस मुद्दे को उठाते हुए देवीपाटन मंडल के कमिश्नर को शिकायत प्रेषित की गई थी। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को पत्र भेजकर पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। शिकायत के अनुसार ईटहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी बहराइच में सम्बद्ध हैं और वहीं कार्यरत हैं, जबकि उनका वेतन ईटहा केंद्र से जारी किया जा रहा है। इससे केंद्र पूरी तरह से निष्क्रिय हो चुका है और ग्रामीणों को इलाज के लिए सरकारी सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। कमिश्नर ने इस मामले में सात दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिये है।

# अतिक्रमण की चपेट में रुपईडीहा नगर पंचायत

- कई बार बात करो हटाने के दिए गए निर्देश फिर भी सड़कों पर जमे हैं ठेला दुकानदार

जन एक्सप्रेस । बहराइच



**रुपईडीहा।** नगर पंचायत रुपईडीहा बाजार अतिक्रमण का शिकार है। इससे नेपाल से आने वाले ग्राहकों व यात्रियों को भारी संकटों का सामना करना पड़ रहा है। एक दूसरे की होड़ में अगल बगल के दुकानदारों ने अपने अपने फड़ें 10 से 15 हजार रुपये प्रतिमाह तक किराए पर दे रखीं हैं। इससे रुपईडीहा बाजार सुबह 9 से शाम 5 बजे तक जाम रहता है।
लगभग आधा दर्जन समाचार पत्रों में खबर छपने के बाद आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा के ईओ रंग बहादुर सिंह व तत्कालीन उपजिलाधिकारी नानपारा अश्विनी पांडेय से की गई जनशिकायतों के बाद गत 7 जनवरी को तत्कालीन एसडीएम अश्विनी पांडेय, ईओ रंग बहादुर सिंह, तहसीलदार अजय यादव व स्थानीय पुलिस ने बाजार में पहुंच कर रेलवे स्टेशन मार्ग से आंशिक कब्जा हटवाने का बेमन से प्रयास किया। इक्का दुक्का टिनें उजाड़ी गईं। मुख्य अतिक्रमण कारी ठेले लेकर भाग गए। नालियों के दोनो ओर का अतिक्रमण नही हटा। स्थिति उससे भी बदतर हो गयी। आजाद रोड व नेपालगंज रोड के चौराहे पर आर्यावर्त बैंक के वाहन खड़े हो जाते हैं। कोने पर दुकानों का भारी अतिक्रमण है। जिससे आएदिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। पचासों रोडवेज की बसें नित्य इस मार्ग से आती व जाती हैं। इनमें दिल्ली, हरिद्वार, जयपुर, शिमला, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी व लखनऊ आदि के लिए बसों का आना जाना लगा रहता है। इन बसों को डिपो से सेंट्रल बैंक चौराहे पर पहुंचने में मात्र 3 सौ मीटर का रास्ता आधा से पौन घंटे में तय करना पड़ रहा है। और तो और एनएच 927 पर एसएसबी कैम्प से लेकर चकियारोड चौराहे तक दोनो ओर सड़क भारी अतिक्रमण का शिकार है। यह रोड भारत नेपाल के बीच जीवन रेखा का काम करती है। नेपाली नागरिकों का दिन रात आना जाना लगा रहता है। नेपाल से लखनऊ जाने वाली एम्बुलेंस तड़पते मरीजों को लिए खड़ी रहती है। परंतु अतिक्रमण को लेकर जिम्मेदार आंखे बंद किये हुए हैं। पुलिस प्रशासन का कहना है कि इसके लिए ईओ व तहसील प्रशासन जिम्मेदार है। ये लोग मदद मांगे तो हमलोग मदद देने के लिए भी तैयार हैं। कस्बा वासियों ने संबंधित अधिकारियों से अतिक्रमण हटवाने की मांग की है।

## 3 लाख से अधिक की दवाइयां पुलिस ने की बरामद



जन एक्सप्रेस । बहराइच

**रुपईडीहा।** तस्करी कर कस्टम कर की चोरी से डंप की गई 3 लाख 15 हजार रुपयों की दवाएं बरामद की गई हैं। पड़ोसी नेपाली शहर नेपालगंज रिक्शा स्टैंड के पास ये बरामदगी की गई है। पड़ोसी नेपाली जिला बांके के एसपी तुल बहादुर कार्की ने जानकारी देते हुए बताया कि विशेष सूचना के आधार पर नेपालगंज स्थित पुलिस कार्यालय के इंचार्ज अरुण बम को जवानों के साथ भेजा गया था। इंस्पेक्टर बम ने 36 प्रकार की दवाइयां बरामद की। दुकान चलाने वाले नेपालगंज उप महानगर पालिका वार्ड नं 1 निवासी संजीव गुप्ता को नियंत्रण में ले लिया गया है। एसपी ने यह भी बताया कि बरामद दवाएं नेपाली जिला सल्यान, सुर्खेत, जाजरकोट, जुम्ला व हुमला जिलों में भेजी जाती थी। इसीलिए दवाओं का भंडारण किया गया था


# प्रभारी मंत्री ने सैम बच्चों को वितरित की पोषण किट लाभार्थियों को वितरित किए स्वीकृति पत्र व चेक




जन एक्सप्रेस । सीतापुर

जनपद के एक दिवसीय भ्रमण पर आये मा.राज्यमंत्री संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन, जनपद के प्रभारी मंत्री श्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बाल विकास परियोजना शहर और खैराबाद के सैम बच्चों को पोषण किट का वितरण की। अति कुपोषित बच्चों के पोषण स्तर में सुधार करते हुए उन्हें कुपोषण मुक्त किए जाने के उद्देश्य से वितरित की गयी पोषण किट में प्रोटीन पाउडर, चिक्की, शहद, आदि के साथ-साथ आवश्यक दवाइयां यथा एलबेंडाजोल, मल्टीविटामिन सीरप, पेरासिटामोल सीरप, आयरन व फोलिक एसिड सीरप, बच्चों के लिए विटामिन ए सीरप, एमोक्सिलिन, फोलिक एसिड टेबलेट भी सम्मिलित किया गया है। प्रभारी मंत्री जी द्वारा सैम बच्चों के माता को बच्चों के खान-पान के संबंध में बताया गया। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा जो मोटे अनाजों के प्रयोग पर जोर दिया जा रहा है, इसका सेवन करें तथा फास्ट फूड खाने से बच्चों को बचाएं। वर्तमान मौसम के अनुसार पालक आदि हरी सब्जियां खिलाएं तथा खाने को लोहे की कढ़ाई में पकाएं बच्चों के आसपास साफ सफाई का जरूर ध्यान रखें। माननीय प्रभारी मंत्री ने जनपद के 19 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में नवनिर्मित कंगारू मदर केयर वार्ड का वर्चुअल लोकार्पण किया। इसके साथ ही जनपद के विभिन्न विकास खंडों के 52 गांवों में ग्राम पंचायत स्तर पर बनायी गयी हाईटेक लाइब्रेरी का भी वर्चुअल लोकार्पण किया। माननीय प्रभारी मंत्री जी ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत 1 लाभार्थी को शादी अनुदान योजना के अंतर्गत रु. एक लाख एक हजार की अनुदान राशि का चेक भी वितरित किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के अंतर्गत तीन लाभार्थियों लक्ष्मी देवी, ध्रुव कुमार एवं गुनीराम को स्वीकृत धनराशि का चेक भी वितरित किया।

## योग से स्वस्थ रहता है शरीर व मस्तिष्क: प्रोफेसर उस्मान



जन एक्सप्रेस । बहराइच

शहर के किसान पीजी कॉलेज में बीएड विभाग की ओर से एक दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य प्रशिक्षिका योग शिक्षिका सविता वर्मा रहीं। कार्यक्रम को प्रारंभ करते हुए विभाग के प्रोफेसर डॉ. मोहम्मद उस्मान ने कहा कि मानसिक और शारीरिक फिटनेस किसी भी व्यक्ति के लिए उतना ही जरूरी है जितना जीने के लिए प्राण वायु। और यह फिटनेस योगासन से ही संभव है। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षिका ने विभिन्न आसनों को करके दिखाया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को योग का प्रभावी अच्यास कराया अंत में विभाग प्रभारी ने अपने उद्बोधन में योग को वैदिक शिक्षा से जोड़ते हुए इसे शिक्षा के प्रमुख संसाधन के रूप में अपने की बात कही उन्होंने यह भी कहा की योग से मन की विकृतियों को दूर किया जा सकता है साथ ही साथ नवीन ज्ञान की प्राप्ति के लिए प्रभावी शारीरिक संरचना को भी सुनिश्चित किया जा सकता है इस अवसर पर विभाग के अन्य प्राध्यापक भी उपस्थित रहे।

# फावड़े से हमलाकर मां को मार डाला



जन एक्सप्रेस । सीतापुर




नशे के आदी एक पुत्र ने फावड़े से हमला कर अपनी मां को मौत के घाट उतार दिया और भाग निकला। शहर कोतवाली इलाके के मोहल्ला पूर्णागिरी नगर में बृहस्पतिवार दोपहर हुई इस वारदात से सनसनी फैल गई।
पुलिस के मुताबिक आरोपी नशे का आदी था, अक्सर वह अपनी मां से शराब के लिए पैसे मांगता था और झगड़ता था। पुलिस ने केस दर्ज उसे हिरासत में ले लिया है। श्यामनाथ से रेलवे क्रॉसिंग जाने वाले मार्ग पर स्थित मोहल्ला पूर्णागिरी नगर निवासी ऊषादेवी (50) अपने पुत्र विपिन अवस्थी और बहू के साथ रहती थीं। उनके पति का निधन हो चुका है और मोहल्ले में ही उनका एक और पुराना मकान है, जिसमें ऊषा का छोटा बेटा कपिल अकेले रहता है। विपिन के मुताबिक बृहस्पतिवार को कपिल से मिलने के लिए ऊषादेवी उसके घर गईं थीं। किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और कपिल ने फावड़े से ऊषादेवी पर हमला कर दिया। कई वार करने के बाद मां की गर्दन में फावड़ा फंसा छोड़कर आरोपी भाग गया। शोर सुनकर मोहल्ले वालों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर सीओ सिटी अमन सिंह, एएसपी उत्तरी प्रकाश पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर जाकर साक्ष्य जुटाए।
मोहल्लेवासियों ने बताया कि कपिल मां से शराब पीने के लिए आए दिन पैसा मांगता था। कई बार इसको लेकर झगड़ा भी हुआ। एएसपी प्रकाश कुमार ने बताया कि दोपहर बृहस्पतिवार करीब साढ़े तीन बजे की घटना है। मृतका के बड़े पुत्र विपिन ने अपने छोटे भाई पर हत्या का आरोप लगाया है।

# 12 घंटे बाद लापता बच्ची ढाबे पर मिली

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

थाना फरधान क्षेत्र में एक गांव से गुरुवार शाम से लापता हुई आठ साल की बच्ची को पुलिस ने शुक्रवार सुबह सकुशल बरामद कर लिया। बच्ची को पड़ोस का ही एक युवक टॉफी दिलाने के बहाने बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया था। युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया है।
थाना फरधान क्षेत्र की रहने वाली आठ वर्षीय बच्ची बृहस्पतिवार शाम अपने घर के बाहर खेल रही थी। तभी पड़ोस में रहने वाला युवक उसे टॉफी दिलाने के बहाने अपने साथ लेकर चला गया। कुछ देर बाद जब परिजन ने बच्ची को नहीं देखा तो उसकी तलाश शुरू की। गांव में उसका कहीं पता नहीं चला। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। इसी बीच कुछ लोगों ने बताया कि बच्ची को गांव का ही युवक अपने साथ ले गया है। इस पर पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में बच्ची की तलाश शुरू कर दी। रात भर कई जगहों पर बच्ची को ढूंढा गया, पर उसका कहीं पता नहीं चला।
शुक्रवार सुबह थाना फूलबेहड़ क्षेत्र में अंदेश नगर फॉर्म के पास स्थित एक ढाबे पर बच्ची मिल गई। वहीं पर आरोपी भी मिला, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया। सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी ने बताया कि बच्ची सकुशल है। उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। आरोपी युवक से पूछताछ की जा रही है।

## शाहजहांपुर में हुए हादसे में जिले के दो परिवारों की खुशियां बर्बाद

जन एक्सप्रेस । सीतापुर। गांव के कई लोग अक्सर रोजगार के सिलसिले में हरियाणा जाते थे। किसी को क्या पता था कि कुछ लोगों का यह आखिरी सफर होगा। लवकुश ही अपनी गाड़ी से अक्सर हरियाणा ले जाता था। उसी की बदौलत लोगों के घरों के चूल्हे जल रहे थे। भगवान ने उसे भी छीन लिया। शाहजहांपुर के कलान इलाके में बुधवार रात ट्रक व टाटा मैजिक की टक्कर में चार लोगों मौत की खबर जब महोली व पिसावां इलाके में पहुंची तो सभी बदहवास हो गए। अपनों का हाल जानने के लिए लोग देर रात ही घटनास्थल की ओर रवाना हो गए। हादसे में मरने वालों में दो लोग महोली के फरखपुर के हैं। जबकि महोली व पिसावां इलाके के 12 लोग घायल हुए हैं।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **सिंगल पैकेट पद्धति** से ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **07.03.2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुवल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे, यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा फार्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉज़िट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | निविदा सूचना संख्या | | 01702025 दिनांक 13.02.2025 |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | 1 | वरि० मण्डल इंजीनियर-तृतीय/उ०रे०/लख० के कार्य क्षेत्र में ज़ाफरगंज, खलीसपुर, व्यासनगर, मगरवारा, ज़फराबाद तथा शाहगंज में आर०जी०एम० साइडिंग का प्रावधान। |
| 2 | अनुमानित लागत | 1 | रू० 4,84,90,901.00 |
| 3 | धरोहर राशि | 1 | रू० 3,92,500.00 |
| 4 | कार्य की समापन अवधि | क्रम सं० 01 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह (12) माह। |
| 5 | निविदा डालने का प्रारंभ | क्रम सं० 01 के लिए | 21.02.2025 |
| 6 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्रम सं० 01 के लिए | 07.03.2025 15:00 बजे |
| 7 | वेबसाईट | | www.ireps.gov.in |

नोटः- 1. तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे सम्बन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ०रे० नयी दिल्ली का पत्र सं० 74-W/O/Pt.XXV/WA/Loose दिनाँक 07.04.2015. 505/2025

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# महाकुम्भ ने बढ़ा दी गोरखनाथ मेले की रौनक, एक माह बाद भी श्रद्धालुओं का रेला

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर।**



मकर संक्रांति पर्व पर शुरू होकर महाशिव रात्रि तक चलने वाले गोरखनाथ के खिचड़ी मेले की रौनक महाकुंभ (Maha Kumbh Mela 2025) ने बढ़ा दी है। कोई प्रयागराज से पवित्र स्नान करके गुरु गोरक्षनाथ बाबा का दर्शन करने पहुंच रहा है। तो कोई यहां से दर्शन पूजन करके प्रस्थान कर रहा है। मंदिर परिसर में लगे मेले में श्रद्धालुओं का रेला लगा हुआ है। इससे दुकानदार काफी खुश हैं। उनका कहना है कि इस बार मौसम ने भी अच्छा साथ दिया। धूप खिलने से गोरखपुर और आसपास के लोग भी मेले में पहुंच रहे हैं।

सोनौली हाइवे पर धर्मशाला बाजार से आगे बढ़ने पर गोरखनाथ ओवरब्रिज के पास रेलवे सुरक्षा बल रिजर्व लाइंस के परिसर में बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की बसें खड़ी हो रही हैं। शुक्रवार की दोपहर एक बजे राजस्थान, बिहार और नेपाल से आए श्रद्धालुओं की एक दर्जन से अधिक बसें खड़ी मिली। उन बसों में सवार होकर आने वाले कुछ श्रद्धालु गोरखनाथ मंदिर दर्शन करने चले गए। तो कुछ वहां से लौटकर भोजन करने के बाद अगले पड़ाव की ओर रवाना होने की तैयारी में जुटे रहे।

नेपाल राष्ट्र की बस के सामने खड़े गोरखनाथ बाबा के जयकारे लगा रहे चुल्हाई चौरसिया, सीताराम, हरखशाह, सूरज चौधरी ने बताया कि उन लोगों ने 90 यात्रियों संग नेपाल के गुजरा एक, परसवा, रोतहट से अपनी यात्रा की शुरूआत पांच दिनों पूर्व की। रक्सौल बार्डर होते हुए भारत में आए।

काशी विश्वनाथ का दर्शन करने के बाद प्रयागराज महाकुंभ में पवित्र स्नान करके शुक्रवार की सुबह आठ बजे गोरखपुर पहुंचे। बाबा गोरखनाथ का आशीर्वाद लेकर अब अयोध्या धाम जा रहे हैं। वहां से अपने गांव लौट जाएंगे। तभी चालक ने हार्न बजा दिया। लोग बिना समय गवाएं बसों में सवार होकर चले गए।

परिसर के एक कोने में आम के पेड़ नीचे गैस चूल्हे पर बड़ा सा भगौना चढ़ाकर सब्जी पक रही थी। बगल में ही त्रिलोक राम चौधरी, राजू सिंह, निंबाराम 60 लोगों के खाने के लिए भोजन पकाने में व्यस्त थे। वहीं बिछी एक बड़ी कालीन पर एक तरफ महिलाएं और दूसरी ओर पुरुष आराम की मुद्रा में मिले।

आसपास घूमते देखकर लेटे हुए प्रेमदास शास्त्री ने बताया कि वह लोग राजस्थान के जोधपुर, असिया तहसील से आए हैं। राजस्थान से चलकर पहले अयोध्या पहुंचे। प्रभु श्रीराम का दर्शन करने बाद यहां आए हैं। गोरक्षनाथ बाबा का दर्शन करेंगे। मेले में खरीदारी करेंगे। इसके बाद प्रयागराज चले जाएंगे। उनके साथ जमुना देवी, शांति, खंभा देवी, कमला इत्यादि महिलाएं भी हैं।

सभी संगम में नहाने के पहले गोरखनाथ की पूजा करने का संकल्प लेकर घर से निकली हैं। बिहार के बरौली की रहने वाली सुमन देवी ने बताया कि वह पहली बार गोरखपुर आईं हैं। मेले में सस्ता और अच्छा सामान मिलने पर उन्होंने खूब खरीदारी की। उनके साथ गांव और आसपास के 50 लोग बस से पहले प्रयागराज, वाराणसी और अयोध्या से दर्शन पूजन करके लौटे हैं। यहां से बिहार चले जाएंगे।

मेले में टेडी बियर की दुकान लगाने वाले बस्ती के रामकरन ने बताया कि इस साल मौसम ने अच्छा साथ दिया है। इसलिए सबकी दुकानदारी खूब चमक रही है। मेले में स्थानीय लोगों के ज्यादा बाहरी ग्राहक आ रहे हैं। इस वजह से व्यवसाय अच्छा हो रहा है। खजला, सजावट, क्राकरी सहित अन्य सामान बेचने वाले दुकानदारों ने बताया कि महाकुंभ में जाने वाले अधिकांश लोग यहां आ रहे हैं। अलग अलग प्रदेशों से आने वाले लोगों की संख्या अधिक है। श्रद्धालु राज बछार ने कहा कि हम लोगों ने काफी सुना है कि नेपाल की राजा की खिचड़ी गोरखनाथ बाबा को चढ़ाई जाती है। यह परंपरा कई साल से चली आ रही है। महाकुंभ के बहाने अब जाकर हमको यहां आने का मौका मिला है।

# गोरखपुर वासियों को नहीं सता पाया जाड़ा पर सताएगी गर्मी, यहां का तापमान कर देगा हैरान

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



जाड़े का मौसम सिमट चला है। गर्मी के मौसम का तेवर अभी से दिखने लगा है। चढ़ते तापमान पर तेज पछुआ हवा लगाम लगाने का प्रयास कर रही पर सफल नहीं हो पा रही। गुरुवार को अधिकतम तापमान का 25 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान का 12 डिग्री से ऊपर रिकार्ड होना इसका प्रमाण है।

वायुमंडल के रुख और अपने अध्ययन के आधार पर मौसम विज्ञानी कैलाश पांडेय गर्मी के मौसम में भीषण गर्मी पड़ने का पूर्वानुमान जता रहे हैं। उनका कहना है कि जाड़े के मौसम ने पूर्वानुमान के मुताबिक नहीं सताया लेकिन गर्मी सताएगी। शहर सहित समूचे पूर्वी उत्तर प्रदेश का ताप बढ़ाएगी।

मौसम विज्ञानी ने बताया कि जाड़े के मौसम के प्रतिनिधि महीने दिसंबर व जनवरी का तापमान सामान्य के करीब रहा। ऐसे में भीषण ठंड का अहसास इस बार कम ही बार हुआ। दिसंबर में अधिकतम तापमान सामान्य से मामूली अधिक रिकार्ड हुआ और न्यूनतम तापमान सामान्य से मामूली कम। ऐसे में दिन सामान्य से अधिक गर्म रहा और रात सामान्य से अधिक ठंडी। जबकि जनवरी में अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहा और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक।

ऐसे में जनवरी के दिन अपेक्षाकृत ठंडे रहे और रात अपेक्षाकृत गर्म। मौसम विज्ञानी के अनुसार यह वायुमंडलीय परिस्थितियां जलवायु परिवर्तन के चलते देखने को मिल रही हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते वातावरण लगातार गर्म हो रहा है।

इस आधार पर कहा जा सकता है कि इस बार मार्च, अप्रैल और मई में अपेक्षाकृत अधिक गर्मी पड़ेगी। दिन की गर्मी तो सताएगी ही, रात को भी राहत नहीं मिलेगी। कैलाश पांडेय ने बताया कि अगले चार से पांच दिन में शहर का तापमान 25 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकार्ड होगा। न्यूनतम तापमान भी 14 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचेगा। ऐसे में दिन प्रति दिन गर्मी का सिलसिला बढ़ेगा।

आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज चर्म रोग विभाग के अध्यक्ष डा. यतेंद्र चाहर ने बताया कि अब कम उम्र में ही चेहरे पर झुर्रियां पड़ रही हैं, चेहरे की चमक गायब हो रही है। खान पान ठीक रखने से चेहरा भी चमकता है। इसके लिए एंटीआक्सीडेंट युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करें इसके साथ ही विटामिन सी से भरपूर फल खाएं। संतरा, नीबू और कीवी में विटामिन सी अच्छी मात्रा में होता है। इससे त्वचा में कोलाजेन का उत्पादन बढ़ता है और झुर्रियां नहीं पड़ती हैं।

# गोरखपुर में 22 एजेंटों के पास विदेश भेजने का रजिस्ट्रेशन, अन्य कबूतरबाज, रहे सर्तक

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर में विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले कबूतरबाजों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करने जा रही है। सक्रिय टीम ईगल ने रजिस्टर्ड 22 एजेंटों की सूची तैयार की है। इसके अलावा फर्जी तरीके से कार्यालय खोलकर ठगी करने वालों की पहचान कर पुलिस कार्रवाई करेगी। साथ ही उनकी हिस्ट्रीशीट खोलेगी और गैंग्स्टर एक्ट के तहत गिरोहबंद कर उनकी संपत्ति जब्त करेगी। रोजगार की तलाश में विदेश जाने वाले युवाओं को ठगने वाले कबूतरबाजों के विरुद्ध पुलिस कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है। सक्रिय %टीम ईगल% रजिस्टर्ड 22 एजेंटों की सूची तैयार की है। इसके अलावा फर्जी तरीके से कार्यालय खोलकर ठगी करने वालों की पहचान कर पुलिस कार्रवाई करेगी। इसके अलावा उनकी हिस्ट्रीशीट खोलेगी और गैंग्स्टर एक्ट के तहत गिरोहबंद कर उनकी संपती जब्त करेगी।

पूर्वांचल के युवा विदेश में नौकरी पाने के लिए एजेंटों और प्लेसमेंट कंपनियों पर निर्भर रहते हैं। लेकिन कई बार उन्हें फर्जी एजेंटों के जाल में फंसाकर टूरिस्ट वीजा पर विदेश भेज दिया जाता है, जहां वे कई तरह की परेशानियों में फंस जाते हैं। कुछ को बंधक बना लिया जाता है, तो कुछ को साइबर फ्राड जैसे गैरकानूनी धंधों में जबरन धकेल दिया जाता है।

ऐसी घटनाओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए डीआइजी के निर्देश पर ईगल सेल को पुनः सक्रिय किया गया। नोडल बने एसपी सिटी के निर्देश पर जिले के रजिस्टर्ड एजेंटों की सूची तैयार की गई। इसके बाद फर्जी सेंटरों की जांच छापेमारी की योजना तैयार की गई है। इसके अलावा यदि किसी को युवा को विदेश भेजने के नाम पर ठगा गया है, तो वह ईगल सेल से संपर्क कर कबूतरबाज के विरुद्ध शिकायत कर सकता है।

रजनीश कुमार मल्ल का कूड़ाघाट में, दिग्विजय सिंह का बलदेव प्लाजा के पीछे, मनीष सिंह का सिंघड़िया मार्ग पर, विनोद कुमार गुप्ता का सिंदुली-बिंदुली में, सरीता सिंह का रामनगर कड़जहां, अजय कुमार का अशोक गैस गोदाम के पास, ओम कुमार का जंगल चौरी में, संतोष सिंह का इंजीनियरिंग कालेज के पास, रूपेश कुमार मिश्रा का कबीरनगर सिंघड़िया, सविता नंद सिंह का महदेवा झारखंडी, शबनम जाहीद अली दिव्यनगर महादेव झारखंडी, जितेन्द्र यादव मेडिकल कालेज मार्ग शाहपुर पूर्वी, सविता देवी का जानकी मंदिर के पास, अमीत कुमार लक्ष्मण यादव का नेवादा शाहपुर, सुमित विक्रम का कौड़ीराम में, धनंजय यादव का बड़हलगंज में, विपुल कुमार मिश्रा का झंगहा में, मंजू सिंह का सरवन नगर कूड़ाघाट, राजेन्द्र नगर में, दीपशिखा पांडेय का जंगल सिकरी, सूर्यपाल का सिंघड़िया कूड़ाघाट में कार्यालय है।

# साइबर अपराधियों से सावधान! बोर्ड परीक्षाओं में प्रश्न पत्र के नाम पर हो रही जालसाजी, ऐसे बचे छात्र

**परीक्षा में अधिक नंबर दिलाने सहित अन्य तरीके से बनाते निशाना, वाट्सएप पर प्रारुप प्रश्न पत्र का लिंक भेजकर कर सकते हैं ठगी**

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

साइबर अपराधी प्रश्न पत्र (माडल क्वेश्चन पेपर) उपलब्ध कराने का झांसा देकर जालसाजी कर रहे हैं। शिक्षा विभाग और पुलिस अधिकारी छात्रों को साइबर जालसाजी से बचने के लिए सतर्क कर रहे हैं। किसी भी अंजान लिंक पर क्लिक न करें और परीक्षा से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए अपने स्कूल के शिक्षकों या संबंधित बोर्ड की अधिकृत वेबसाइट से संपर्क करें।

बोर्ड परीक्षाओं में पास कराने के नाम पर ठगी करने वाले साइबर अपराधियों ने अपना तौर तरीका बदल दिया है। अब वे परीक्षाओं के पहले प्रारूप प्रश्न (माडल क्वेश्चन पेपर) उपलब्ध कराने के बहाने जालसाजी करने लगे हैं। ऐसे में बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थी उनके झांसे में आकर नुकसान उठा सकते हैं।

विद्यार्थियों को साइबर जालसाजी से बचाने के लिए शिक्षा विभाग और पुलिस के अधिकारी



सतर्क कर रहे हैं। अपराध शाखा में तैनात विशेषज्ञ का कहना है कि अचानक फोन करके या मैसेज भेजकर प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने का झांसा देने वालों के चक्कर में न पड़ें। उनके द्वारा भेजे गए किसी अंजान लिंक को कतई क्लिक न करें। परीक्षा से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए अपने स्कूल के शिक्षकों, संबंधित बोर्ड की अधिकृत वेबसाइट पर ही संपर्क करें।


फरवरी माह में बोर्ड परीक्षाओं का दबाव हाई स्कूल और इंटर के विद्यार्थियों पर रहेगा। 15 फरवरी से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 24 फरवरी से प्रारंभ होंगी। इस तरह की परीक्षाओं के समय साइबर अपराधी भी अपना जाल फैलाकर ठगी करते हैं।

ऐसे में परीक्षा के प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने के नाम पर वह किसी विद्यार्थी या उनके अभिभावक को आसानी से अपना निशाना बना लेते हैं। अपराध शाखा स्थित साइबर सेल के विशेषज्ञ शशिशंकर राय और शशिकांत जायसवाल ने बताया कि हर परीक्षा में साइबर अपराधी अपनी सक्रियता दिखाते हैं।

वे कभी परीक्षा के गेस पेपर उपलब्ध कराने तो कभी अन्य तरह की मदद देने का झांसा देकर ठगी करते हैं। पूर्व में भी ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें परीक्षा के दौरान छात्रों से ठगी की गई है। परीक्षा के बाद अंक बढ़वाने के नाम पर भी साइबर अपराधी तमाम लोगों से ठगी कर चुके हैं। इसलिए सतर्क रहकर ही इस तरह के अपराध से बचा जा सकता है।

# गोरखपुर के कुख्यात 'सुल्तान गैंग' पर गैंगसटर एक्ट की कार्रवाई, पुलिस ने शुरू की अवैध संपत्तियों की जांच

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**




कुख्यात सुल्तान गैंग पर गैंग्स्टर एक्ट की कार्रवाई से शहर में चोरी की वारदातों पर लगाम लगी है। कोतवाली पुलिस ने सरगना और गिरोह के सदस्यों पर मुकदमा दर्ज कराया है। गैंग सुनियोजित तरीके से बड़े पैमाने पर चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। पुलिस ने करीब 37 लाख रुपये नकद सोने-चांदी के सिक्के भी बरामद किए हैं।

शहर में चोरी की वारदातों से दहशत फैलाने वाले %सुल्तान गैंग% पर कोतवली पुलिस ने गैंग्स्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली थाना छत्रपाल सिंह ने सरगना व गिरोह के सदस्यों पर मुकदमा दर्ज कराया।यह गैंग सुनियोजित तरीके से बड़े पैमाने पर चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। गिरोह का सरगना सुल्तान उर्फ राजू तिवारीपुर के घोषीपुर कर्बला का निवासी है, जो फिलहाल कांशीराम आवास योजना में रह रहा था। उसके खिलाफ 14 मुकदमे दर्ज हैं।

22 अक्टूबर 2024 को कोतवाली थाना क्षेत्र के दुर्गाबाड़ी स्थित खाटू श्याम इंटरप्राइजेज में बड़ी चोरी की घटना हुई। गोदाम के कैश बाक्स में रखे 45.40 लाख रुपये, आठ सोने और 31 चांदी के सिक्के गैंग के बदमाशों ने उड़ा लिए। सुबह तीन बजे चार चोर शटर का ताला तोड़कर अंदर घुसे और बड़ी सफाई से वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए।पुलिस ने इस सनसनीखेज चोरी की जांच तेज की और तीन नवंबर, 2025 को गैंग लीडर सुल्तान समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने करीब 37 लाख रुपये नकद, सोने-चांदी के सिक्के भी बरामद किए।सुल्तान गैंग में उसके अलावा मऊ जिले के मधुबन थानाक्षेत्र स्थित ह्दयपट्टी गांव का रहने वाला राजकुमार सिंह उर्फ टिंकू, चिलुआताल के नकहा नंबर एक गिदहा के रामरक्षा यादव उर्फ तेजू यादव व जौनपुर जिले के बक्सा, गोविंदपुर में रहने वाले आदर्श मिश्रा उर्फ सलोने सदस्य हैं।ये सभी मिलकर संगठित तरीके से भौतिक और अन्य लाभ के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे।

सुल्तान गैंग के विरुद्ध गैंग्स्टर एक्ट के तहत कार्रवाई कर इनकी अवैध संपत्तियों की जांच शुरू कर दी है। अपराध से अर्जित संपत्ति को कुर्क कराया जाएगा।- अभिनव त्यागी, एसपी सिटी।

बहुचर्चित किन्नर गुरु पूनम हत्याकांड में अपर सत्र न्यायाधीश अवनीश कुमार राय ने गुरुवार को फैसला सुनाया। देवरिया जिले के बरहज थाना क्षेत्र के सतरांव निवासी रामवृक्ष यादव को हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और 45 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है। अर्थदंड न चुकाने पर 135 दिन अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

हत्या का यह घटना 19-20 जुलाई 2015 की रात में हुई थी। जंगल मातादीन में रहने वाली मधु किन्नर ने शाहपुर थाना पुलिस को बताया था कि वह गुरु पूनम किन्नर के मकान में रहती थी। उसी रात अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से पूनम की हत्या कर दी। अगले दिन उनका शव बाथरूम में पड़ा मिला।

पूनम किन्नर समाज की मुखिया थीं। उनके चेले-चपाटी नाच-गाने और बधाई गीत से कमाए गए पैसे और जेवरात उन्हें सौंपते थे, जिससे उनके पास काफी संपत्ति रहती थी।30 वर्षों से पूनम किन्नर के यहां रामवृक्ष सेवादार के रूप में काम कर रहा था।

# गर्भवती महिला की ऑपरेशन के बाद मौत, डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक गर्भवती महिला की ऑपरेशन के बाद मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने बिना सूचना दिए ऑपरेशन किया और फिर शव को लेकर रात भर अस्पतालों में घूमता रहा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सहजनवां के चड़राव की रहने वाली गर्भवती महिला की गुरुवार को ऑपरेशन के बाद रात 11 बजे मौत हो गई। आरोप है कि चिकित्सक स्वजन को सूचना दिए बगैर शव को लेकर रात भर घूमते रहे। शुक्रवार की भोर में चार बजे जानकारी होने पर स्वजन लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। मौके पर पहुंची पीपीगंज पुलिस के समझाने पर मामला शांत हुआ। पति सुमंत गिरी ने थाने पर तहरीर दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। चड़राव के सुमंत ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी रेशमा देवी गर्भवती थी। गुरुवार को दोपर एक बजे रुटीन जांच के लिए वह पीपीगंज के जंगल कौड़िया स्थित निजी अस्पताल पर गये थे। अस्पताल के एक चिकित्सक ने दोपहर दो बजे उन्हें बिना सूचना दिए आपरेशन कर दिया। इसके बाद रात 11 बजे पत्नी की मृत्यु हो गई। चिकित्सक ने इमरजेंसी की बात कहते हुए अपनी गाड़ी पर पत्नी के शव को लादा और रात भर इधर-उधर शहर के अस्पतालों में घूमता रहा। इसके बाद गोरखनाथ क्षेत्र के एक अस्पताल में भर्ती कराकर फरार हो गया। जानकारी होने पर जब वह उस अस्पताल पहुंचे तो चिकित्सकों द्वारा बताया कि रेशमा की मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद वह एंबुलेंस से शव लेकर जंगल कौड़िया स्थित अस्पताल पहुंचे तो चिकित्सक वहां से फरार था। एसपी नार्थ जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पीपीगंज पुलिस को तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है। साक्ष्य और सबूतों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# होली से माउस के इशारे से चलने लगेंगी गोरखपुर की ट्रेनें, खत्म हो जाएगी रेलवे स्टेशन की यह बड़ी समस्या

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

होली से गोरखपुर की ट्रेनें माउस के इशारे से चलेंगी। इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम से सिग्नल और प्वाइंट बनेंगे जिससे दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा और समय पालन में सुधार होगा। यार्ड रिमाडलिंग और नॉन इंटरलॉकिंग के दौरान यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। गोरखपुर जंक्शन पर इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग (ईआइ) सिस्टम लगाया जाएगा। बोर्ड की अनुमति मिलते ही रिमाडलिंग का कार्य आरंभ हो जाएगा।

होली पर्व से गोरखपुर की ट्रेनें भी कंप्यूटर माउस के इशारे से चलने लगेंगी। माउस से ही रेलवे स्टेशन यार्ड के सिग्नल और प्वाइंट बनेंगे। सिग्नल और प्वाइंट फेल होने की समस्या तो समाप्त होगी ही, अधिक से अधिक ट्रेनें भी चलाई जा सकेंगी। गाड़ियों का परिचालन भी तेज होगा। ट्रेनों की रफ्तार बढ़ने के साथ समय पालन भी दुरुस्त होगा। दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा। स्टेशन यार्ड में रेल लाइन, प्वाइंट और सिग्नल सिस्टम में सुविधा के अनुसार बदलाव किया जा सकेगा। इसके लिए गोरखपुर जंक्शन पर इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग (ईआइ) सिस्टम लगाया जाएगा।

रेलवे स्टेशन की यार्ड रिमाडलिंग और नान इंटरलाकिंग के दौरान इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग (एनआइ) सिस्टम लग जाएगा। रेलवे प्रशासन ने रेलवे स्टेशन की यार्ड रिमाडलिंग का प्रस्ताव तैयार कर बोर्ड को भेज दिया है। बोर्ड की अनुमति मिलते ही रिमाडलिंग का कार्य आरंभ हो जाएगा। यार्ड रिमाडलिंग और नान इंटरलाकिंग जल्द आरंभ होने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि, इस दौरान दर्जनों की संख्या में ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। यात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। जानकारों का कहना है कि रेलवे स्टेशन की यार्ड रिमाडलिंग के दौरान इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग और तीसरी रेल लाइन (थर्ड लाइन) की नान इंटरलाकिंग होगी। रेलवे प्रशासन ने थर्ड लाइन के साथ इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग सिस्टम की नान इंटरलाकिंग की तैयारी भी लगभग पूरी कर ली है। नान इंटरलाकिंग के बाद गोरखपुर जंक्शन से गोरखपुर कैंट स्टेशन तक तीसरी रेल लाइन पर ट्रेनों का संचालन आरंभ हो जाएगा। साथ ही जंक्शन पर रूट रिले इंटरलाकिंग पैनल (आरआरआइ) की इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग सिस्टम भी कार्य करने लगेगा।

# पुलसिकर्मी की पत्नी से ठगी, बैंक मैनेजर बनकर भेजा फर्जी लिंक

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

शहर में जालसाजों ने पुलिस कर्मी की पत्नी को भी नहीं छोड़ा। उन्?हें झांसा देकर 40 हजार रुपये हड़प लिए। बताया जा रहा है कि? ठग ने खुद को बैंक मैनेजर बताकर पुलि?स की पत्?नी को झांसे में लिया और मोबाइल पर भेजे गए अंजान लिंक पर क्लिक करवाकर खाते से पैसे निकाल लिए। इस पर पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कराया है।

इन दिनों साइबर अपराधियों का जाल फैलता ही जा रहा है। साइबर अपराधियों में पुलिस का भी खौफ नहीं रहा। शहर में जालसाजों ने पुलिस कर्मी की पत्नी को भी नहीं छोड़ा। उन्हें झांसा देकर 40 हजार रुपये हड़प लिए।

बताया जा रहा है कि ठग ने खुद को बैंक मैनेजर बताकर पुलिस की पत्नी को झांसे में लिया और मोबाइल पर भेजे गए अंजान लिंक पर क्लिक करवाकर खाते से पैसे निकाल लिए। पीड़िता चांदनी सिंह, जो पुलिस लाइन में अपने पति आशुतोष सिंह के साथ रहती हैं, ने कैंट थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस कर्मी की पत्नी चांदनी सिंह ने बताया कि चार फरवरी को दोपहर 3:30 बजे उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई थी। दूसरी तरफ से बात करने वाले व्यक्ति ने खुद को बैंक का मैनेजर बताया और कहा कि उनके खाते से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण अपडेट हैं।

इसके बाद उसने एक लिंक भेजा और उस पर क्लिक करने के लिए कहा। जैसे ही उन्होंने लिंक पर क्लिक किया, कुछ ही देर में दो बार में उनके खाते से कुल 40 हजार रुपये कट गए। जब उन्होंने उस नंबर पर दोबारा कॉल करने की कोशिश की, तो फोन



स्विच ऑफ बताने लगा। सीओ कैंट योगेंद्र सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर मिली है। तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि साइबर ठगों द्वारा इस तरह की घटनाएं लगातार की जा रही हैं, इसलिए लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है।

### साइबर ठगी से बचाव के लिए जरूर बरतें ये सावधानियां

- बैंक या किसी अन्य संस्था का नाम लेकर आने वाली कॉल को पहले सत्यापित करें।
- किसी अज्ञात नंबर से भेजे गए लिंक को भूल से भी न खोलें, खासकर जब कॉलर उसे जरूरी बातें बताने का दबाव बनाए।
- कोई भी बैंक का ओटीपी, पिन या पासवर्ड मांगता नहीं है, ऐसे में अगर कोई मांगे तो समझ लें कि आपके साथ ठगी हो सकती है।
- अगर आपको किसी भी तरह की जालसाजी का संदेह हो तो तुरंत साइबर सेल या पुलिस से संपर्क करें। इन जरूरी टिप्स को अपनाकर आप ठगी से बच सकते हैं।

# भारत नेपाल मैत्री महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन


**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज सभागार में संस्कृति एवं पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश, जिला प्रशासन व एम एल के महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को भारत नेपाल मैत्री महोत्सव अंतर्गत विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अपने लोकगीत से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने वाली अंशिका उपाध्याय ने पहला स्थान प्राप्त किया। जानकारी के अनुसार 14 फरवरी को महाविद्यालय सभागार में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य एम एल के पी जी कॉलेज प्रो0 जे पी पाण्डेय महोत्सव संयोजक व संस्कार भारती के प्रदेश पदाधिकारी दिनेश प्रताप सिंह, प्रतियोगिता संयोजक लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान व प्रतियोगिता के निर्णायकों ने दीप प्रज्वलित व मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया। प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने कहा कि भारत-नेपाल का रिश्ता बहुत प्रगाढ़ रहा है और ऐसे आयोजनों से एक दूसरे की संस्कृति को जानने का अवसर पर विद्यार्थियों को प्राप्त होगा। विजयी प्रतिभागियों के नाम उदघोषित करते हुए, महाविद्यालय के मुख्य नियंता प्रो0 राघवेंद्र सिंह ने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महोत्सव संयोजक दिनेश प्रताप सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए, आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता के संयोजक महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के टिप्स दिए। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के सह परीक्षा प्रभारी डॉ सुनील कुमार शुक्ल ने किया। चित्रकला प्रतियोगिता की निर्णायक प्रो0 रेखा विश्वकर्मा ,डॉ वंदना सिंह व सिद्धार्थ मोहन्ता ने इंटर कॉलेज स्तर की प्रतियोगिता में संजना चौहान को प्रथम,खुशबू को द्वितीय व आदर्श मिश्र को तृतीय स्थान तथा डिग्री कॉलेज स्तर पर छवि चतुर्वेदी को प्रथम, शगुन पाठक को द्वितीय व कोमल चौरसिया को तृतीय स्थान के लिए चुना। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के निर्णायक डॉ स्वदेश भट्ट,मणिका मिश्रा व आशीष वर्मा ने देशभक्ति व लोकगीत आधारित थीम पर आयोजित एकल गायन में अंशिका उपाध्याय को प्रथम,सौम्य पाण्डेय को द्वितीय व कलीम को तृतीय स्थान, समूह गायन में एम एल के कॉलेज को प्रथम,बलरामपुर सिटी मांटेसरी को द्वितीय व बलरामपुर बालिका इंटर कॉलेज की प्रतिभागियों को तृतीय स्थान के लिए चुना। वहीं एकल नृत्य में पहला स्थान शिखा पाण्डेय (एमएलके) को ,दूसरा स्थान आशीष मिश्र (एमपीपी) को व तीसरा स्थान आराध्या (पायनियर) व प्रियांशी गुप्ता (मॉर्डन) को मिला, जबकि समूह नृत्य में बलरामपुर मॉर्डन स्कूल को क्रमशः प्रथम व द्वितीय तथा बलरामपुर सिटी मांटेसरी को तृतीय स्थान के लिए चुना गया। समस्त विजयी प्रतिभागियों को 15 फरवरी को एस एस बी ग्राउंड बलरामपुर में आयोजित भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जायेगा । कार्यक्रम के सफल आयोजन में अखिलेश श्रीवास्तव सहित महाविद्यालय व विभिन्न इंटर कॉलेजों के अध्यापकों का सराहनीय योगदान रहा।

# वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता अंतर्गत दो प्रतियोगिताओं का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके महाविद्यालय की वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता करतब, के अंतर्गत शुक्रवार को दो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । जानकारी के अनुसार 14 फरवरी को वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता करतब के अंतर्गत आयोजित महिला शतरंज प्रतियोगिता में ममता, मेहरून बानो और तान्या चौधरी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया । शतरंज पुरुष में निशांत शुक्ला को प्रथम, प्रियेश कुमार दुबे को द्वितीय, राहुल प्रजापति और हर्ष चौहान को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सिटी पैलेस के बैडमिंटन कोर्ट में चल रहे महिला सिंगल्स बैडमिंटन प्रतियोगिता में रूपाली पांडे को प्रथम, एकता तिवारी को द्वितीय तथा अमीषा वर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इन दोनों प्रतियोगिताओं के सफल संचालन में डॉ प्रखर त्रिपाठी, साक्षी शर्मा, श्रीनारायण सिंह एवं ज्योति सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# स्कूल गई छात्रा लापता, परिजनों ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस । आगरा**




पिनाहट कस्बा क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में पढ़ने के लिए घर से निकली छात्रा रहस्यमय तरीके से अचानक लापता हो गई। पीड़ित परिजनों ने छात्रा के घर न पहुंचने पर थाना बासौनी में लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार थाना बासौनी क्षेत्र के अंतर्गत गांव उमरेठा निवासी लगभग 18 वर्षीय छात्रा पिनाहट कस्बा क्षेत्र स्थित एक स्कूल में 12 वीं की छात्रा है। वह रोजाना की भांति घर से स्कूल पढ़ने के लिए आई थी।लेकिन छुट्टी के बाद घर नहीं पहुंची।जिस पर परिजन उसे तलाशते हुए स्कूल पहुंचे। लेकिन छात्रा का कोई सुराग नहीं लग सका। वहीं पीड़ित पिता ने घर से रोजाना स्कूल तक ले जाने वाले इको कार के चालक थाना पिनाहट व कल्याणपुरा निवासी निवासी एक युवक थाना पिनाहट पर उसे बहला फुसलाकर घर से नगदी व आभूषण सहित ले जाने का आरोप लगाया है। वहव रोजाना की भांति घर से स्कूल पढ़ने के लिए आई थी।लेकिन छुट्टी के बाद घर पर नहीं पहुंची।जिस पर परिजन उसे तलाशते हुए स्कूल पहुंचे। लेकिन छात्रा का कोई सुराग नहीं लग सका। वहीं पीड़ित पिता ने घर से रोजाना स्कूल तक ले जाने वाले इको कार के चालक थाना पिनाहट व कल्याणपुरा निवासी निवासी एक युवक थाना पिनाहट पर उसे बहला फुसलाकर घर से नगदी व आभूषण सहित ले जाने का आरोप लगाया है। हीं छात्रा के अचानक लापता होने पर परिजनों ने थाना बासौनी में छात्रा की दर्ज कराई है। वही इस मामले में थाना प्रभारी बासौनी सोहन पाल का कहना है कि एक छात्र लापता हुई है। परिजन ने तहरीर दीं हैं। परिजनों की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज की गई है।

# महिला आयोग की सदस्या ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के दो दिवसीय दौरे पर जिले में आईं राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति ने शुक्रवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला अस्पताल महज चार डॉक्टरों के भरोसे चलता पाया गया। अधिकतर चिकित्सक छुट्टी पर थे। दो ऐसे डॉक्टरों के बारे में निरीक्षण के दौरान जानकारी मिली, जो ज्वाइन करने के बाद ड्यूटी करने आए ही नहीं। किचन में गंदे बर्तन और प्रसव कक्ष में अनियमितताएं मिलने पर आयोग की सदस्या ने नाराजगी जताई। उन्होंने अस्पताल की गुणवत्ता को उच्च कोटि की बताते हुए साफ-सफाई की सराहना की।



जानकारी के अनुसार 14 फरवरी को राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति सुबह दस बजे संयुक्त जिला चिकित्सालय पहुंची। सबसे पहले उन्होंने ओपीडी का निरीक्षण किया। इस दौरान बाल रोग विशेषज्ञ डॉ नितिन चौधरी, हड्डीरोग विशेषज्ञ डॉ रमेश पाण्डेय, चेस्ट फिजीशियन डॉ शिव पूजन सिंह ड्यूटी पर नहीं थे। उन्होंने जब इसके बारे में जानकारी ली तो पता चला कि सभी चिकित्सक छुट्टी पर हैं। कई चिकित्सक एसआईटी की जांच में लखनऊ गए हुए हैं। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ राजेश कुमार चतुर्वेदी व अस्पताल क्वालिटी प्रबंधक डॉ रुचि पाण्डेय ने आयोग की सदस्या को चिकित्सालय की एक-एक व्यवस्थाओं की जानकारी दी। अस्पताल के सर्जन, फिजीशियन, आई सर्जन व एलएमओ मरीजों को चैम्बर में देख रहे थे। ओपीडी के बाद आयोग की सदस्या ने एक्स-रे एवं सीटी स्कैन सेंटर को भी देखा, उन्होंने यहां अभिलेखों का भी निरीक्षण किया। प्रसव कक्ष में अनियमितताएं मिलने पर सिस्टर इंचार्ज को फटकार लगाई। कहा कि संक्रमण के फैलाव को रोकने के लिए बेहतर व्यवस्थाएं रखी जाएं। अस्पताल के किचन में रखी थाली व बर्तन गंदे पाए गए, जिसको उन्होंने दोबारा धुलवाया। कहा कि मीनू के अनुसार मरीजों को गुणवत्ता परक खाना दिया जाए। उन्होंने अस्पताल की पैथॉलाजी व वार्डों का निरीक्षण कर मरीजों से बातचीत की। साथ ही अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी लिया। कहा कि अस्पताल में बाहर की जांच व दवाएं न लिखी जाएं। मरीजों को किसी प्रकार की कठिनाई न होने पाए। निरीक्षण के दौरान स्वासाशी राज्य मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार चतुर्वेदी, क्वालिटी प्रबंधक डॉ रुचि पाण्डेय, सर्जन डॉ आरडी रमन, जिला प्रोवेशन अधिकारी सुशील सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### महिला सर्जन सहित अन्य चिकित्सकों की उठी मांग

राज्य महिला आयोग की सदस्या को मेडिकल कॉलेज प्राचार्य व अस्पताल क्वालिटी प्रबंधक ने यह अवगत कराया कि अस्पताल में लम्बे समय से स्त्रीरोग विशेषज्ञ की तैनाती नहीं है, जिससे मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के बारे में भी अवगत कराया गया, जिस पर उन्होंने शासन को भेजे गए पत्रों की कॉपी ली। कहा कि चिकित्सकों की तैनाती के लिए शासन स्तर से पैरवी की जाएगी। संसाधनों एवं मैन पॉवर को उपलब्ध कराने के लिए शासन को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। अस्पताल की गुणवत्ता व साफ–सफाई व्यवस्था की आयोग की सदस्या ने सराहना की।

### ज्वाइन करने के बाद दो चिकित्सक ड्यूटी पर नहीं आए

राज्य महिला आयोग की सदस्या ने जब अस्पताल के उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया तो पता चला कि हड्डीरोग विशेषज्ञ डॉ केके बर्नवाल व एनेस्थेटिक्स डॉ तेजवीर सिंह लम्बे समय से अनुपस्थित चल रहे हैं। पता चला कि यह लोग ज्वाइन करने के बाद ड्यूटी पर नहीं आए हैं। इनके विरुद्ध अब तक क्या कार्रवाई की गई है, इसके बारे में उन्होंने जानकारी हासिल की। कहा कि इन चिकित्सकों के बारे में शासन को अवगत कराया जाएगा। अस्पताल के एकमात्र हड्डीरोग विशेषज्ञ डॉ राकेश पाण्डेय का भी स्थानांतरण हो गया है। ऐसे में अस्पताल में अब हड्डी का कोई भी डॉक्टर नहीं है, जिससे मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# केंद्रीय मंत्री ने बजट को बताया आम जन का हितैषी

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




भारतीय जनता पार्टी की ओर से पेश की गई बजट अभूतपूर्व है। 2047 में भारत विकासशील देश में शामिल हो जाएगा। पीएम मोदी के नेतृत्व में पेश बजट मील का पत्थर साबित होगा। यह बातें तुलसीपार्क स्थित अटल भवन कार्यालय पर शुक्रवार को आयोजित संगोष्ठी में शुक्रवार को मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह ने कही। कार्यक्रम के पूर्व प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जानकारी के अनुसार 14 फरवरी को मुख्य अतिथि श्री सिंह ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास के लिए कार्य कर रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 केन्द्रीय बजट विकसित भारत की गति को निर्धारित करने वाला है। देश की शक्ति उसकी भूमि में नहीं बल्कि लोगों में होती है। केन्द्रीय बजट चार प्रमुख इंजनों पर संचालित की गई है। कराधान, ऊर्जा क्षेत्र, शहरी विकास, वित्तीय क्षेत्र, नियामक सुधार एवं खनन रखा गया है। इस बजट का लक्ष्य एक व्यापक छह आयामी दृष्टिकोण पर आधारित है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज पर कर कटौती की सीमा की गई है। किराए पर टीडीएस की वापसी सीमा 2.40 लाख से बढ़ाकर 7 लाख कर दी गई है। वहीं मध्यम वर्ग में कर्मचारियों को 12 लाख तक की आय में कोई टैक्स नहीं देना पड़ेगा, जो एक बड़ा फैसला है। अन्नदाताओं के समग्र कल्याण के लिए प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना चलाई गई है। जिसमें 100 जिलों को चिन्हित कर कम उत्पादकता और कम बीमा कवरेज वाले कृषि जिलों को शामिल किया जाएगा। इसमें 1.7 करोड़ से अधिक अन्न दाताओं को लाभ मिलेगा। कृषि क्षेत्र में रोजगार की कमी को दूर करने के लिए एक व्यापक बहु क्षेत्रीय ग्रामीण समृद्धि और लचीलापन कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। इसमें कौशल विकास, निवेश एवं तकनीक के माध्यम से लोगों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसी के साथ ही सब्जियों एवं फलों के उत्पादन को बढ़ावा देना, मखाना बोर्ड स्थापित किया जाना सहित तमाम चीजें बजट में शामिल हैं। विश्व स्तरीय शिक्षा के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाया जाएगा। युवाओं को उन्नत कौशल से लैस किया जाएगा। अगले पांच वर्षों में 50 हजार अटल टिंकरिंग प्रयोगशालाएं खोली जाएंगी। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में ब्राड बैंड कनेक्टीविटी प्रदान की जाएगी। पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। यह केन्द्र युवाओं को मेक इन इंडिया, मेक फार द वर्ल्ड के तहत आवश्यक कौशल से सशक्त बनाएंगे। मेडिकल कॉलेज की सीटों की संख्या में 130 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी। वहीं अगले पांच वर्षों में सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 75 हजार नई सीटें जोड़ी जाएंगी। इसी तरह बजट में सभी वर्गों के कार्य किया गया है। इस अवसर सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी, जिला महामंत्री वरुण सिंह मोनू, बिन्दु विश्वकर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ललिता तिवारी, जिला मंत्री अवधेश तिवारी तरुण, अजय मिश्र, रमेश पहवा, अंशुमान शुक्ल, जिला मीडिया प्रभारी अवधेश पाण्डेय, मनीष तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# पांच माह बाद लूट का माल सहित एक आरोपी तमंचा के साथ गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

बीते पांच माह पूर्व कस्बा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक दंपति बाइक पर सवार होकर आ रहा था उसी दौरान रास्ते में बाइक सवार तीन बदमाशों ने उन्हें तमंचे की नोक पर रोक लिया था और दंपति से सोने के आभूषण लूटकर फरार हो गए थे इस संबंध में पीड़ित की शिकायत पर जैतपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर सर्विसलाइंस टीम के साथ आरोपियों की धर पकड़ के लिए टीम गठित कर ली थी जिसके चलते बीते रोज जैतपुर पुलिस और सर्विस लाइंस टीम के संयुक्त प्रयास से घटना का एक मुख्य आरोपी पुलिस ने पीली धातु एवं तमंचा व बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया और उसे कानूनी कार्रवाई कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार चित्राहाट थाना अंतर्गत आने वाले गांव नगला इमली निवासी सतीश कुमार सिंह 14 अगस्त की दोपहर अपनी पत्नी को बाह से दवा दिलवा कर वापस लौट रहे थे उसी दौरान पचपेड़ा स्थित दूध प्लांट के पास बाइक पर सवार तीन युवकों ने तमंचा दिखाकर दंपति को रोक लिया था इतना ही नहीं बाइक सवार लुटेरों ने महिला से कुंडल अंगूठी और मंगलसूत्र एवं सतीश के पास से पर्स छीन कर चित्राहाट की ओर तेज रफ्तार बाइक से भाग गए थे घटना से सहमे हुए दंपत्ति में जैतपुर थाने पर लूटरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था जिस पर पुलिस सर्विसलाइंस टीम के साथ मिलकर पिछले करीब 5 माह से अधिक समय से उक्त लुटेरों की धर पकड़ के लिए प्रयास कर रहे थे जिस पर बीते रोज मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त घटना में शामिल एक मुख्य आरोपी जैतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कमतरी की रेलवे पुलिया से गुजरने वाला है जो लुटे गए माल की बिक्री की फिराक में है सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर क्राइम सतीश सिंह अपने साथ पुलिस बल को लेकर मुखबिर द्वारा बताएं स्थान पर घेराबंदी करने पहुंच गए और कुछ ही समय में बताए गए हुलिया के आधार पर एक युवक बाइक पर आता दिखाई दिया जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया पुलिस ने जब पकड़े गए युवक की तलाशी ली तो उसके पास से पुलिस को दो टॉप्स, दो मंगलसूत्र अंगूठी एवं 315 बोर का एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए पुलिस युवक को गिरफ्तार कर थाने ले आई जहां पर उसने अपना नाम गौरव पुत्र जितेंद्र सिंह यादव निवासी ग्राम सलूकनगर थाना बरनाहल जिला मैनपुरी बताया है।

# पुष्टाहार वितरण में पारदर्शिता लाने को आयोजित हुई फेस ऑथेंटिकेशन कार्यशाला

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा गुरुवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के जय प्रकाश सभागार में मण्डलीय कार्याशाला का आयोजन किया गया कार्यशाला में आगरा मण्डल के समस्त जनपदों आगरा, मैनपुरी, फिरोजाबाद एवं मथुरा के जिला कार्यकम अधिकारियों, बाल विकास परियोजना अधिकारियों, मुख्य सेविकाओं एवं जिला समन्वयकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी हरीश कुमार मौर्य द्वारा बताया गया कि पोषण ट्रेकर पर फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्र के पंजीकृत वास्तविक लाभार्थियों में पुष्टाहार की पहुंच सुगम होगी। उन्होंने कहा कि मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) प्रतिभा सिंह के निर्देशन में पोषण ट्रेकर एप पर फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से कार्य करने का एक दिवसीय प्रशिक्षण निदेशालय बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उत्तर प्रदेश लखनऊ से नामित प्रशिक्षक विवेक कुमार पाण्डेय द्वारा दिया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी हरीश मौर्य ने बताया कि शीघ्र ही इन मास्टर ट्रेनर के माध्यम से पूरे जनपद की आगनवाड़ी कार्यकत्री को इस नए ऐप का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा जिससे लाभार्थियों का सत्यापन आसानी से होगा एवं पोषाहार वितरण में पारदर्शिता बढ़ेगी।जिला कार्यक्रम अधिकारी हरीश मौर्य ने बताया कि शीघ्र ही इन मास्टर ट्रेनर के माध्यम से पूरे जनपद की आगनवाड़ी कार्यकत्री को इस नए ऐप का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा जिससे लाभार्थियों का सत्यापन आसानी से होगा एवं पोषाहार वितरण में पारदर्शिता बढ़ेगी। फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से पुष्टाहार का वितरण कराये जाने का उद्देश्य आंगनबाड़ी केन्द्रों के लाभार्थियों गर्भवती, धात्री 07 माह से 03 वर्ष एवं 03 वर्ष से 06 वर्ष के बच्चों में पुष्टाहार वितरण को और पारदर्शी बताया जायेगा। कार्यशाला में आगरा मण्डल के समस्त जनपदों के जिला कार्यक्रम अधिकारियों, बाल विकास परियोजना अधिकारियों, मुख्य सेविकाओं एवं जिला समन्वयकों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।

# विदाई समारोह के साथ परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में शुक्रवार को इंटरमीडिएट के छत्र-छात्राओं का विदाई समारोह तथा परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

जानकारी के अनुसार 15 फरवरी, 2024 को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ0 एमपी तिवारी के निर्देशन में परीक्षा पर चर्चा के 8वें संस्करण 2025 का कार्यक्रम में इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा देने जा रहे छात्र-छात्राओं को परीक्षा की तैयारी और समय प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही परीक्षा पर चर्चा 2025 के आठवें संस्करण दिल्ली के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देशभर के अलग-अलग राज्यों से आये छात्रों से संवाद किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने एग्जाम वॉरियर्स (स्टूडेंट्स) द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर दिया वहीं अपने कई अनुभवों को साझा करते उन्हें मोटिवेट किया। छात्रों के साथ ही पी0एम0 ने माता-पिता एवं टीचर्स को भी स्टूडेंट्स को मोटिवेट करने का पाठ पढाया। प्रबन्ध निदेशक ने सभी छात्र-छात्राओं को बताया कि आप सभी परीक्षा के समय मानसिक तनाव न लें। पर्याप्त नींद लेना शरीर और दिमाग के लिए बहुत जरूरी है, यह आपकों तरोताजा और एकाग्र रखने में मदद करता है। धूप और ताजी हवा में समय बिताएं, प्रकृति के करीब रहने से मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है और तनाव कम होता है। अच्छे से पढ़ाई करें, पढाई करना परीक्षा में सफलता के लिए बहुत जरूरी है। यदि आप सभी को पढाई में कोई समस्या आती है, तो उन्हें अपने शिक्षकों या माता पिता से मदद लेने में संकोच न करें। परीक्षा के समय धैर्य बनाए रखना जरूरी है आप सभी को अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और हार नही माननी चाहिए। कार्यक्रम में कक्षा-12 के छात्र-छात्राओं के ''विदाई समारोह'' का आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण करके द्वीप प्रज्जवलित किया तथा कक्षा-12 के छात्र-छात्राओं को बताया कि विद्यालय में विदाई समारोह का दिन बेहद खास होता है जहाँ इस दिन सारे विद्यार्थी अपने जूनियर को एवं विद्यालय को अलविदा कहते है, वहीं शिक्षकों द्वारा कई वर्षो से उसी विद्यालय में पढ़ाये गये छात्र-छात्राओं के लिए यह एक विशेष दिन होता है, क्योंकि सालों से शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें दिया गया समय शिक्षकों के लिए भुलाना आसान नही होता। इसलिए इस अवसर पर एक शिक्षक की तरफ से छात्राओं के लिए विशेष समारोह होता है। कक्षा-11 के छात्र-छात्राओं ने अपने वरिष्ठ छात्र-छात्राओं का रोली-टीका लगाकर स्वागत किया। तत्पश्चात् प्रबन्ध निदेशक एवं कक्षा-12 के विद्यार्थियों द्वारा केक काटा गया और सभी अध्यापक/अध्यापिकाओं एवं कक्षा-12 के छात्र-छात्राओं में वितरित करके सभी लोगों का मुँह मीठा कराया गया। इसी क्रम में अध्यापक अध्यापिकाओं एवं कक्षा-12 के विद्यार्थियों सहित नृत्य का आयोजन किया गया जिसमें सभी लोगों ने अत्यन्त खुशी प्राप्त किया तथा सभी अध्यापक अध्यापिकाओं ने कक्षा-12 के विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना किया, और उन्हे आशीर्वाद देते हुए कहा कि आने वाले बोर्ड की परीक्षा अच्छे अंक प्रात्त करें। इसके बाद कक्षा-12 के छात्र-छात्राओं के रैंप वाक का आयोजन किया गया जिसमें उप प्रधानाचार्या प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी का एक निर्णायक मंडल बनाया गया, जिसके द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को प्राप्तांको के द्वारा मिस्टर पीपीएस एवं मिस पीपीएस विद्यालय के रीतिरिवाजों के सहित चुना गया, जिसमें मिस पीपीएस के रूप में अनम रिजवी ने अधिकतम अंक प्राप्त करके एवं मिस्टर पीपीएस प्रियश प्रसून मिश्रा ने अधिकतम अंक प्राप्त करके अपना-अपना स्थान ग्रहण किया। मिस्टर पीपीएस एवं मिस पीपीएस को विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक ने ताजपोशी किया एवं उपहार देकर सम्मानित किया। अंत में सभी अध्यापक/अध्यापिकाओं तथा कक्षा-11 के छात्र-छात्राओं ने मिस्टर पीपीएस एवं मिस पीपीएस को बधाइयाँ दी। इस विदाई समारोह में सारा विद्यालय परिवार तथा मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य भावुक हो गये। प्रबन्ध निदेशक ने कक्षा-12 के समस्त छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई देते हुए कहा कि आप लोगों ने यहाँ पर लगभग 12 वर्ष व्यतीत करने के बाद यहाँ से बाहर जाकर कॉलेज से जुड़ने व देखने के लिए वर्षो का इंतजार किया है आखिरकार इतना लम्बा समय व्यतीत करने के बाद अपने भविष्य को एक नया आयाम देंगे और विद्यालय परिवार यह उम्मीद करता है कि सभी लोग बोर्ड की परीक्षा में अधिकतम अंक प्राप्त करके अपना, अपने अभिभावक तथा इस विद्यालय का नाम रोशन करेंगे और आप ही लोगों में से ऊँचे ऊँचे पदो की गरिमा बढ़ायेंगे। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।



# ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का भव्य आयोजन






**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल, टनकपुर रोड ब्रांच में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी छात्रों की वैज्ञानिक सोच, कलात्मक अभिव्यक्ति और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों से जुड़े मॉडल्स और प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए, जिससे उनकी सृजनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया एवं भौतिक विज्ञान के प्रतिष्ठित शिक्षक लक्ष्मीकांत शर्मा रहे। प्रदर्शनी का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया। विद्यालय के प्रबंधकीय निदेशक देवेन्द्र सिंह छाबड़ा एवं प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को उनके प्रयासों के लिए सराहा।

### छात्रों की रचनात्मक प्रस्तुतियाँ....

प्रदर्शनी में अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, संगीत और कंप्यूटर जैसे विषयों से जुड़े रोचक और ज्ञानवर्धक मॉडल्स प्रस्तुत किए गए। छात्रों ने इन मॉडलों के माध्यम से अपनी नवाचार क्षमता और सृजनशीलता को प्रदर्शित किया।
मुख्य अतिथि विक्रम दहिया एवं लक्ष्मीकांत शर्मा ने विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा की और उन्हें भविष्य में भी नवाचार एवं अनुसंधान के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विशेष रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों अक्षरा राज और दिव्यांशी वर्मा को प्रशस्ति पत्र, डायरी और कलम प्रदान कर सम्मानित किया गया। लक्ष्मीकांत शर्मा ने छात्रों को सृजनात्मकता को बढ़ावा देने और अपने ज्ञान को और समृद्ध करने की प्रेरणा दी।

### अभिभावकों और शिक्षकों की भागीदारी

प्रदर्शनी को देखने के लिए अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों के मेहनत और सृजनात्मकता की सराहना की तथा विद्यालय प्रशासन से भविष्य में ऐसे आयोजनों की निरंतरता बनाए रखने का अनुरोध किया।
विद्यालय के शिक्षकगणों ने इस प्रदर्शनी को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट्स तैयार करने और वैज्ञानिक तथ्यों को सही ढंग से प्रस्तुत करने में मार्गदर्शन दिया।
ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल के इस शानदार आयोजन ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाया और उनकी बौद्धिक क्षमता को निखारने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# तराई के किसानों को उपलब्ध कराई जाए गन्ने की निरोग प्रजातियां

- आवास की सर्वे में फर्जीवाड़े कर अपात्रों को लाभ देने का आरोप, भाकियू कार्यकर्ताओं ने आठ सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



भाकियू कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं को लेकर आठ सूत्रीय जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह को सौंपा गया। शीघ्र ही समस्याओं के निस्तारण की मांग की।
भाकियू कार्यकर्ताओं की ओर से उप जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में बताया कि जनपद के गन्ना किसानों को निरोग प्रजातियों के बीज उपलब्ध कराया जाए। चीनी मिलों पर बकाया भुगतान गन्ना एक्ट के अनुसार किसानों को किया जाए। सभी तहसीलों में बेसहारा गोवंशों की भरमार है। बेसहारा पशु किसानों की फसलों का नुकसान पंहुचा रहे हैं। गोवंशीय पशुओं को पकड़वाकर गौशाला में भेजा जाए। गन्ना य केंद्रों पर हो रही घटतौली पर तत्काल रोक लगाई जाए । किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए सुबह 6 से शाम 6 बजे 12 घंटे तक बिना कटौती बिजली आपूर्ति दी जाए। ब्लाक में मनरेगा के तहत नाली निर्माण खड़ंजा, इंटरलाकिंग, सीमेंटेड सड़कों में भारी पैमाने पर घोटाले की जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई किए जाने, गांव में चल रहे आवासों के सर्वे में मनमानी की जा रही है। पात्रों के नाम काटकर अपात्रों को सूची में शामिल किया जा रहा है। जिस पर रोक लगाई जाए। ग्रामीण क्षेत्र में बिजली बिलों को समय से निकालकर खराब पड़े मीटर को बदलने, उपकेंद्रों पर कैंप लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को समाधान करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह, तहसील अध्यक्ष रेशमा वर्मा, जिला उपाध्यक्ष रामगोपाल वर्मा सहित मौजूद कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिला पंचायत की दुकानों की मनमाने तरह से छत तोड़कर शुरू किया निर्माण, रुकवाया

- दुकानों का स्वरूप न बदलने का अनुबंध पत्र में दिया हवाला, अधिकारियों ने शिकायत के बाद मौके पर भेजी राजस्व टीम

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



नगर के स्टेशन चौराहे पर स्थित जिला पंचायत की दुकानों की किराएदारों ने छत तोड़कर मनमाने तरह से निर्माण कार्य शुरू कर दिया।सूचना पर पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने निर्माण कार्य रुकवा दिया।नियम विरुद्ध छत तोड़कर निर्माण शुरू करने के मामले में जांच की बात कही जा रही है। नगर के स्टेशन चौराहे के पास जिला पंचायत की दुकानें बनी हुई हैं।इन सभी दुकानों को जिला पंचायत की ओर से किराए पर लोगों को आवंटित किया गया है। दुकानों की लंबे समय से मरम्मत नहीं हुई। जिससे दुकानों की छतें जर्जर होने लगी।बताया जा रहा है कि 8 जनवरी 2025 को दुकानों की मरम्मत करने का आदेश हुआ था।आवंटित किरायेदारों ने आदेश का उल्लंघन कर दुकानों का लिंटर तोड़कर दोबारा दुकान व लिंटर का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसकी अनुमति भी नहीं ली गई है, और वह अवैधानिक है। अनुबंध पत्र के अनुसार किराएदारों का दुकान परिवर्तित व परिबर्धन कराने का अधिकार नहीं है। आरोप है कि जिला पंचायत के अधिकारियों से मिलीभगत कर अवैधानिक तरीके से दुकानों का दोबारा निर्माण कराया जा रहा है। इसकी शिकायत तहसीलदार हबीब उर रहमान से की गई। उन्होंने राजस्व निरीक्षक गुरमेश चंद्र और लेखपाल को मौका पर भेजा। सूचना के बाद मौके पर पहुंची टीम ने वहां पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवा दिया। नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि सूचना पर टीम को भेजा गया। नियम विरुद्ध हो रहे निर्माण कार्य को रुकवाया गया है। नियम विरूद्ध तरीके से निर्माण करना गलत है। जांच की जाएगी।

# सीमावर्ती गांव में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

शुक्रवार को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नेपाल सीमा से सटे गांव टीला नंबर 4 में चाइल्ड हेल्पलाइन एवं थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता के निर्देशानुसार उच्च प्राथमिक विद्यालय, टीला नंबर 4 में संपन्न हुआ, जिसमें बच्चों एवं ग्रामीणों ने भाग लिया।इस अवसर पर सशस्त्र सीमा बल (स्स्ब) के जवानों ने भी सहभागिता की। चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना के प्रतिनिधि निर्वान सिंह ने महिला कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओंध मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग के सब इंस्पेक्टर रमाकांती ने सीमा पर मानव तस्करी से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि अगर कोई अज्ञात व्यक्ति बच्चों को लालच देकर या काम दिलाने के बहाने कहीं ले जाने की कोशिश करे, तो इसकी सूचना तुरंत निकटतम पुलिस थाना एवं सशस्त्र सीमा बल को दें। इस अवसर पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग कॉन्स्टेबल अमित कुमार, महिला कॉन्स्टेबल संध्या सिंह, सशस्त्र सीमा बल के एएसआई सत्यपाल सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नो हेलमेट-नो फ्यूल पॉलिसी का कड़ाई से पालन, 23 वाहन चालकों के कटे चालान






- यदि वे बिना हेलमेट पहने वाहन चालकों को पेट्रोल बेचते पाए गए, तो उनके खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी- वीरेंद्र सिंह

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जिलाधिकारी के निर्देशानुसार 26 जनवरी 2025 से जनपद में पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट-नो फ्यूल पॉलिसी लागू की गई है, जिसके तहत बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं दिया जा रहा है। हालांकि, ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ पेट्रोल पंपों द्वारा नियमों के उल्लंघन की शिकायतें मिल रही थीं।
इन शिकायतों के संज्ञान में आते ही एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने बरेली-सितारगंज मार्ग स्थित जहानाबाद के पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 23 दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट पेट्रोल खरीदते पाए गए, जिन पर चालान की कार्रवाई की गई।

### पेट्रोल पंप संचालकों को दी गई चेतावनी

निरीक्षण के दौरान पेट्रोल पंप संचालकों को कड़ी चेतावनी दी गई कि यदि वे बिना हेलमेट पहने वाहन चालकों को पेट्रोल बेचते पाए गए, तो उनके खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

### अन्य यातायात उल्लंघनों पर भी हुई कार्रवाई

इसी मार्ग पर अन्य वाहनों की भी चेकिंग की गई, जिसमें तीन ट्रक ओवरहाइट गन्ना लोड किए हुए पाए गए, जिन पर चालान की कार्रवाई की गई।
दो ऑटो टेंपो निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां ढो रहे थे, जिन पर भी चालान किया गया। वहीं एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# प्रेम प्रसंग में किशोरों ने मारी थी युवक को गोली

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

खुटहन पटैला मार्ग के तबेला मैदान के पास सेंवई नाला पुल पर तीन दिनों पूर्व साइकिल सवार युवक को बाइक से आये बदमाशों द्वारा जान से मारने की नीयत से तमंचा निकाल कमर पर गोली मारने के मामले में पुलिस ने घटना में सामिल तीन नाबालिग आरोपितों को गिरफ्तार कर पर्दाफाश कर दिया। आवश्यक लिखापढ़ी के बाद पकड़े गए तीनों किशोरों को सुधार गृह भेज दिया गया। प्रेम प्रसंग में आपसी विद्रोह के चलते घटना को अंजाम दिया गया।
मूलरूप से ख्वाजापुर गांव निवासी मुन्नीलाल लगभग छह वर्षों पूर्व रसूलपुर गांव में घर बनाकर परिवार सहित रह रहे हैं। वह सूरत शहर में रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनके दो बेटे और पत्नी घर पर रहते है। गत मंगलवार की सुबह उनका बड़ा पुत्र 22 वर्षीय सचिन मौर्या खेत में तैयार चुकंदर उखाड़ खुटहन मंडी में बेचने गया था। जहां से वह साइकिल से वापस लौट रहा था। उक्त नाले के पुल पर पीछे से आये बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उसे ओवरटेक कर रोक लिया था। वह कुछ समझ पाता कि पीछे बैठा बदमाश उसे लक्ष्य कर तमंचा से फायर कर दिया। गोली कमर में लगते ही सचिन लहुलुहान होकर सड़क पर गिर गया। दोनों बदमाश मौके से फरार हो गए।
पुलिस छानबीन के साथ साथ सर्विलांस की मदद से आरोपितों की तलाश में जुटी हुई थी। थाना अध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह ने बताया कि तभी सूचना मिली कि घायल सचिन का एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा है। जिसे आधार मान छानबीन आगे बढ़ाई गई तो घटना में कई नाम जुड़ते चले गए। पुलिस ने 17 वर्षीय अनुराग उर्फ मंगला, 17 वर्षीय छोटू उर्फ कृष्ण कुमार मिश्रा और 16 वर्षीय प्रिंस यादव निवासी गण रसूलपुर को शुक्रवार की भोर पटैला बाजार से हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपितों ने स्वीकार किया कि घायल सचिन का एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा है। जिसको लेकर उसे कई बार सचेत किया गया था कि वह उसका चक्कर छोड़ दे।

### शेरपुर रोड पर राहगीरों को हो रही काफी परेशानी

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर।** शेरपुर में टूटा पत्थर डालकर मार्ग छोड़ दिया गया। इससे राहगीरों को परेशानी हो रही है। हर समय धूल उड़ने से दुकानदार परेशान हैं। विभागीय अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे लोग परेशान है। पूरनपुर धनाराघाट दस किमी. लंबे मार्ग का हाटमिक्स से निर्माण किया जा रहा है। अन्य जगह निर्माण कर हो गया। लेकिन, शेरपुर में पत्थर डालकर ही मार्ग छोड़ दिया गया। दो माह से मार्ग पर काम बंद हैं। पत्थर में वाहन फिसल रहे हैं। दुकानदारों को भी लग रहे हैं। अक्सर दुर्घटनाएं हो रही है। दुपहिया वाहन स्वामी परेशान हैं। इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। दुकानदार और ग्राहकों को मार्ग पर वाहनों के चलते उड़ती धूल से बीमारी फैलने की भी संभावना है। लोगों को पत्थर और मिट्टी पर पानी का छिड़काव करना पड़ता है। पूर्व प्रधान हाजी रियाजत नूर खान, रजा खान, साजिद खान, अयाज, फैजान, रजवल खान, फहीम खान, अदीब खान, शब्बीर, सलमान खान ने अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी राजेश चौधरी से शीघ्र ही आधे अधूरे छोड़े गए मार्ग का कार्य पूर्ण किए जाने की पत्र भेजकर मांग की है।

# पीलीभीत शहर और जहानाबाद कस्वे में सड़को के निर्माण को शासन से 20 करोड़ की मिली मंजूरी

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



''मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिनबस्ती विकास योजना अन्तर्गत प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी द्वारा सड़को आदि के विकास कार्यो के लिए लगभग 20 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है इससे न सिर्फ क्षेत्र की जनता लाभांवित होगी बल्कि शहर व कस्वे में विकास कार्यो को नये आयाम मिलेगें। इसके लिए मुख्यमंत्री जी का हृदतल से आभार''

**संजय सिंह गंगवार**
**राज्यमंत्री, गन्ना विकास एंव चीनी मिले उ0प्र0 सरकार।**

गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने अपने विधानसभा के पीलीभीत शहर एवं जहानाबाद कस्वे में सड़कों के निर्माण आदि कार्यो के लिए लगभग 20 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति शासन से मंजूर करायी है। सड़कों के निर्माण, इण्टरलाकिंग एंव पथ प्रकाश आदि व्यवस्थायें होने से आमजनों को लाभ मिलेगा। क्षेत्र भ्रमण के दौरान क्षेत्र के लोगो ने राज्यमंत्री श्री गंगवार से मंजूरशुदा सड़को की एक अरसे से मांग की जाती रही है। सड़को के उक्त निर्माण की जिम्मेदारी जिला नगरीये विकास अभिकरण (डूडा) को सौपी गई है।
मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित एंव मलिन बस्ती विकास योजना के अन्तर्गत शासन ने सड़को के निर्माण आदि कार्य कराये जाने हेतु स्वीकृत धनराशि में से 50 प्रतिशत धनराशि विभाग को निर्गत कर दी गई है। पीलीभीत शहर के मोहल्ला विश्वनाथ पुरम कालोनी में देश दीपक मिश्रा के घर से श्री धर्मेन्द्र मौर्य जी के घर तक, सरीफ खॉ चौराहे से देश नगर की मठिया तक, झण्डे वाले चौराहे से सरीफ खा चौराहे तक, पीलीभीत बारात घर से मदनलाल के घर तक, देश नगर मठिया से गैस चौराहे तक, धुनोवाली चौराहे से वाल्मीकि मन्दिर तक, गौड़ी चौराहे से बिजली घर तक और मोहल्ला सुनगढ़ी में नवीन कन्फैश्नरी से हिन्दी भवन तक सड़को का निर्माण, इण्टरलाकिंग आदि का कार्य कराया जाना स्वीकृत हुआ है।
इसी तरह नगर पंचायत जहानाबाद अन्तर्गत कस्वे के वार्ड न0 6 मोहल्ला मिश्रायन टोला में लालमन के मकान से अशोक राजपूत के मकान तक, वार्ड न0 10 मोहल्ला मनिहारान में केदारी लाल के मकान से ट्रांसफार्मर तक और वार्ड न0 8 में मोहल्ला विलाई में जमील के मकान से डा.आशिक के मकान तक सड़क, इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण आदि के कार्य कराये जाना स्वीकृत हुआ है।

# जिलाधिकारी ने माधौटांडा स्वास्थ्य केंद्र में क्षय रोगियों को वितरित की पोषण पोटली



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने माधौटांडा स्वास्थ्य केंद्र का दौरा कर क्षय रोग (टीबी) से पीड़ित मरीजों को पोषण पोटली वितरित की। इस अवसर पर उन्होंने विनीत गुप्ता, मोहम्मद शकील, बाली, गुलजरीन और छोटे लाल को पोषण किट प्रदान की। जिलाधिकारी ने मरीजों को संतुलित आहार और नियमित दवा सेवन के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली और सही पोषण टीबी से उबरने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रशासन क्षय रोग उन्मूलन मिशन के तहत मरीजों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### मरीजों के लिए सरकारी योजनाएं

उन्होंने बताया कि सरकार टीबी मरीजों को मुफ्त इलाज, दवाएं और पोषण सहायता उपलब्ध करा रही है। उन्होंने लोगों से समय पर जांच कराने और उपचार में लापरवाही न बरतने की अपील की, ताकि टीबी उन्मूलन अभियान को सफल बनाया जा सके।

### स्वास्थ्य विभाग की भागीदारी

इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों, उप जिलाधिकारी कलीनगर और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने भी भाग लिया। उन्होंने मरीजों को टीबी के लक्षण, बचाव और इलाज के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशासन का यह प्रयास न केवल टीबी मरीजों को पोषण संबंधी लाभ प्रदान करेगा, बल्कि उन्हें मानसिक रूप से भी सशक्त बनाएगा। यह स्वस्थ और समृद्ध समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# बेटियों की शिक्षा आज की बड़ी जरूरत है, गिरीश चंद्र

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**




खेतासराय। प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि आधुनिकता के इस दौर में बेटियों की शिक्षा बड़ी जरूरत है। टेक्निकल शिक्षा हासिल करके बेटियां देश और समाज में इलाके का नाम रोशन करती हैं। अच्छे समाज के निर्माण के लिए विद्यालयों की भूमिका महत्वपूर्ण है। स्व.राजेंद्र सोनी ने इस क़स्बे में विद्यालय की नींव डालकर ग्रामीणांचल के प्रतिभा को समाज में बेहतर दिशा देने का कार्य किया है।
वह शुक्रवार को खेतासराय कस्बा स्थित केडी इंटर कॉलेज के वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। प्रदेश सरकार का बखान करते हुए मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में जिले में बेहतर कार्य किया है। जिले के विकास में निरंतर प्रयासरत हूँ। मेडिकल कॉलेज में जल्द ही सारी सहूलियत मुकम्मल तौर से मिलनी शुरू हो जाएगी। विद्यालय के प्रतिभाशाली बच्चों की प्रतिभा को सराहते हुए राज्यमंत्री श्री यादव ने कहा कि यहां के बच्चों में अद्भुत प्रतिभाएं हैं। यह आगे चलकर देश और समाज के नाम को बढ़ाने में मददगार साबित होंगे। इसके पहले श्री यादव ने अपने निधि से बने एक कक्ष का लोकार्पण किया। समारोह में छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। छात्राओ ने नाटक, क़व्वाली, गीत सहित कई संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी। छात्रा वन्दना और उनके टीम द्वारा देश भक्ति गीत धरती पर वरदान है खूब सराहा गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई।
छात्रा राधिका और संचिका ने गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य अनिल उपाध्याय ने किया। संचालन डॉ नीरज सोनी के किया। प्रधानाचार्या नीतू सेठ ने सभी के प्रति व्यक्त किया।
इस अवसर पर प्रमुख रूप से उमाशंकर मिश्र, पत्रकार यूसुफ खान, संजय विश्वकर्मा, डॉ चन्द्रजीत मौर्य, मो अरशद, साकिब ज़कारिया, डॉ रामसूरत बिंद, भाजपा नेता रूपेश गुप्ता, जगदम्बा प्रसाद पांडेय, शुभम जायसवाल समेत भारी संख्या में लोग शामिल रहे।

### जौनपुर में हत्यारोपी को आजीवन कारावास

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर।** उत्तरप्रदेश में जौनपुर जिले के अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ रूपाली सक्सेना की अदालत ने शुक्रवार को 21 वर्ष पूर्व मामूली विवाद में गोली मारकर हत्या करने के आरोपी को दोषसिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास व 5 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन के अनुसार वादी मुकदमा डॉक्टर वकील अहमद निवासी खेतासराय ने स्थानीय थाने में अभियोग पंजीकृत करवाया कि 10 जून 2004 को शाम 4.00 बजे मेरा ड्राइवर अलाउद्दीन विद्यालय परिसर में मेरी कार साफ कर रहा था तभी अब्दुल मन्नान उर्फ मुन्ना सरकार पुत्र रेहान निवासी मानीकला अपनी मारुति कार लेकर विद्यालय में आए और मेरे ड्राइवर से अपनी गाड़ी लेकर कहीं चलने के लिए कहा। ड्राइवर ने कहा कि मैं डाक्टर साहब को लेकर जा रहा हूं। तब उसने न चलने पर मेरे ड्राइवर को जान से मारने की धमकी दिया। पुन: गाड़ी चलाने से इनकार करने पर अब्दुल मन्नान ने अपने लाइसेंसी रिवाल्वर से अलाउद्दीन को गोली मार दिया।

# प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर में शारदा संगोष्ठी और वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया





**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के रसूलपुर प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नीलम कनौजिया द्वारा अपनी माँ की पुण्य स्मृति में विद्यालय में पढ़ने वाले सभी बच्चों के लिए बैठने के लिए डेस्क और बेंच बनवा दी प्रधानाध्यापिका का कहना है प्रेरणा स्रोत थी उनकी माँ उनके लिए माँ को नही पसंद था की स्कूल के बच्चे ज़मीन पर चटाई पर बैठ कर पढ़े, पिछले दिनों एक कार्यक्रम में विद्यालय आई हुई थी उन्होंने कहा था कि बच्चे जमीन पर ना बैठे हैं उनके लिए फर्नीचर बनवाना है कुछ दिनों बाद उनकी हार्ट अटैक से मौत हो गई थी अब अपनी मां की कहीं हुई बात पूरा करते हुए बच्चों को बैठने के लिए फर्नीचर उपलब्ध कराया इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह विधि विधान से पूजन कर बच्चों को समर्पित किया कार्य क्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह प्रधानपति अरविंद कुमार पाल द्वारा माँ सरस्वती के माल्यार्पण व पूजन द्वारा किया विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्य क्रम किया गया । कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों की 50 मीटर की रेस कराई गई जिसमे आशुतोष प्रथम और राज़ सक्सेना द्वितीय रोहन त्रितीय रहे

विद्यालय में इको क्लब संचालित किया गया जिसकी जानकारी प्रबंध समिति व अभिभावकों को दी गई। कार्य क्रम को लेकर बच्चों के अंदर बहुत उत्साह था। पहली बार स्कूल में डेस्क बेंच पर बैठेंगे इसको लेकर बहुत खुश थे।

अभिभावक भी बहुत खुश नज़र आ रहे थे

उनको बोले अब ये विद्यालय किसी प्राइवेट स्कूल से कम नही है। इस अवसर पर नोड़ल संकुल शिक्षक चंद्र प्रकाश, भीस्म कुमार, अशोक कुमार, सहायक अध्यापक हेमंत कटियार, एमडीएम प्रभारी शशांक दिवेदी, प्रधानपति रसूलपुर अरविंद पाल, आगन वाडी राम रोशनी, रानी, सरिता, एसएमसी अध्यक्ष महेश चंद्र आदि उपस्थित रहे।

## चौबेपुर कस्बे में खाली मकान में घुसे चोर लाखों का माल पार

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो।** बिल्हौर तहसील के चौबेपुर कस्बे के ओमनगर में गृह स्वामी आशुतोष पटेल अपनी वृद्ध मां के साथ अकेला रहता है। तथा क्षेत्र की ही एक फैक्ट्री में नौकरी करता है। उसकी वृद्ध मां का कुछ दिन पहले मोतियाबिंद के चलते आंखों का ऑपरेशन होने के चलते वह अपनी बेटी बिल्हौर के यहां गई हुई थी। आशुतोष हमेशा की तरह गुरुवार शाम भी घर में ताला बंद कर नाइट ड्यूटी के लिए फैक्ट्री गया हुआ था। देर रात घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घुसे चोरों ने घर में रखी लगभग 60 हजार रुपए की नगदी और चार-पांच लाख रुपए का जेवर चोरी कर लिया। इसी बीच खट-पट की आवाज सुनकर जागे पड़ोसियों के शोर मचाने चोर फरार हो गए। पड़ोसियों की सूचना पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की। पूरी घटना पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। छानबीन में जुटी पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू की। उधर तरीपाठकपुर गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को चोरों ने निशाना बनाया जहां से बैटरी सहित अन्य जरूरी सामान पार कर दिया।

# चौधरी आसिफ अली ऑल इंडिया क्रिकेट लीग का शुभारंभ आज

- विजेता टीम को 1.5 लाख व रनर टीम को मिलेगी 75 हज़ार रुपए की ईनामी धन राशि

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**



शुक्रवार को शहर के एक रेस्टोरेंट में बाराबंकी जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित की गई। यह प्रेस वार्ता आगमी 15 फरवरी से शुरू हो रहे 18 चौधरी आसिफ अली मेमोरियल आल इंडिया क्रिकेट लीग के लिए आयोजित की गई। इस मौके पर बाराबंकी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव डॉक्टर सी.ए. जावेद ने बताया कि आगमी 15 फरवरी से के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में 18 चौधरी आसिफ अली आल इंडिया क्रिकेट लीग का शुभारंभ हो रहा है। जिसका शुभारंभ पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप द्वारा किया जाएगा। इस लीग में राष्ट्रीय स्तर की 6 टीम प्रतिभा कर रही हैं जिसमें दिल्ली हरियाणा मुरादाबाद क्रिकेट एसोसिएशन मेरठ क्रिकेट एसोसिएशन जालौन डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन प्रतिभाग कर रही हैं। लीग का शुभारम्भ 15 से हो कर फाइनल मैच 23 फरवरी को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेला जाएगा प्रतिदिन एक मैच होगा। जो की 50-50 ओवर का खेला जाएगा। इस बार यह पहली बार हो रहा है की आल इंडिया क्रिकेट लीग 50-50 ओवर की सफेद गेंद से हो रही है। श्री जावेद ने बताया कि जीतने वाली टीम को 1.5 लाख एवं रनर टीम को 75 हज़ार रुपए की इनामी धन राशि दी जायेगी बाराबंकी डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजेश अरोरा बब्बू जी ने पत्रकार बंधुओ को जानकारी दी कि श्री साईं विजय अरोरा लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार अनिल सागर एवं नसीम कीर्ति को दिया जायेगा। इस अवसर पर बाराबंकी डिस्ट्रिक्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अख्तर अजीज़ खान, उपाध्यक्ष राजेश अरोरा बब्बू, तारिक़ जिलानी, अफाक अली, रवि श्रीवास्तव, मोहम्मद आसिफ, जतिन चौधरी, वीरेंद्र प्रताप यादव, सरफ़राज़ अतीक अहमद, शददान गौरव तिवारी, हिज़ाल बारी किदवई आदि मौजूद रहे।

## बोरों की छल्ली लगाते तीन मजदूर दबे

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज।** कन्नौज जिले के छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र में ग्राम दिलू नगला रोड पर स्थित एक धान मिल में छल्ली लगाते समय छल्ली गिर गई। इसके नीचे दबने से दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक मजदूर घायल हो गया। घायल को 100 शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, हादसे के बाद मिल ताला बंद कराके चले गए।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दोपहर लगभग एक बजे नगला दिलु रोड पर धान मिल में छल्ली गिरने से कांशीराम कॉलोनी निवासी राजेंद्र (50) और बहबालपुर निवासी ब्रजेश (25) की दबकर मौत हो गई। वहीं, एक मजदूर घायल हो गया। मृतकों के परिजनों ने धान मिल के मुख्य गेट पर हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर सीओ ओंकारनाथ शर्मा सहित भारी पुलिस बल पहुंचा।

# आदिशक्ति सेवा संस्थान ने किया पत्रकार मनीष व शिवम सिंह का सम्मान





**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

आदिशक्ति सेवा संस्थान के बैनर तले बुद्धजीवियो का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे अधिवक्ता समेत खबरनवीसो का अंगवस्त्र व मोमटो भेंटकर सम्मान किया गया। सम्मान समारोह का संचालन एडवोकेट भूपिन्दर पाल सिंह शैन्की व नवीन सेठ द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। शहर के एक लॉन पर आयोजित सम्मान समारोह मे एडवोकेट सरदार जसमीत सिंह को सिक्खे कौमे हिन्द बाराबंकी पद से नवाजा गया। इसके साथ ही पत्रकार शिवम सिंह, मनीष सिंह को अंगवस्त्र व मोमेटो भेटकर सम्मानित किया गया। साथ ही श्री गुरु सिंह सभा लाजपत नगर बाराबंकी के पूर्व प्रधान सरदार स्वर्ण सिंह, पूर्व महामंत्री सुनीत अवस्थी, अध्यक्ष प्रत्याशी जिला बार एसोसिएशन सुरेश चन्द्र गौतम, एडवोकेट सरदार सुरजीत सिंह, अवधेश सिंह, नवीन सेठ को अंगवस्त्र भेटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बार अध्यक्ष हिसाल बारी किदवाई, नंदराम वर्मा, सरदार कंवर सिंह पीयूष, सरदार जितेन्द्र सिंह मिन्दे, सरदार जसबीर सिंह विक्की, सरदार परमजीत सिंह राजे, सरदार परमीत सिंह, विभव मिश्रा, प्रधानाचार्य विजय प्रताप सिंह, सरदार गुरुमीत सिंह, सरदार नरेन्द्र सिंह निन्दी, सरदार हरमिन्दर सिंह सोनू, सरदार गगनप्रीत सिंह कैनी, रविन्दर पाल सिंह, मनमीत सिंह, फुरकान राईन, अवधेश टण्डन, अभिषेक गौतम, दान बहादुर सिंह, सतनाम सिंह खालसा, गुरुप्रीत सिंह सोनू आदि लोग मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने दी पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

**शुक्लागंज।** पुलवामा आतंकी हमले में अपने प्राणों की आहुति देने वाले मां भारती के वीर जवान शहीदों को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को आनंद घाट स्थित राष्ट्रीय ध्वज के नीचे मोमबत्ती जलाकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी जिला सचिव पुत्तीलाल वर्मा ने कहा अमर जवानों का यह बलिदान राष्ट्र सेवा का सर्वोच्च प्रतिमान है हमारे राष्ट्र के लिए उनकी सेवा और बलिदानों को हमेशा याद रखा जाएगा। नगर अध्यक्ष मयंक वाजपेई जी ने कहा हमारे देश के वीर जवान हमारी रक्षा करते हुए अपने प्राण तक निछावर कर देते हैं उनकी यह कुर्बानी कभी भी बेकार नहीं जाएगी आज पूरा देश उनको नमन करता है।

नगर महामंत्री रवि शंकर गुप्ता ने कहा पुलवामा हमले को 6 साल बीत गए लेकिन आज भी यह घटना दिल को इस तरह दहला देती है जैसे कि यह सब अभी-अभी हुआ हो 14 फरवरी 2019 एक तारीख जिसे भारत कभी नहीं भुला सकता।

नगर महासचिव जयपाल साहू ने कहा कि आतंकवादियों द्वारा कायराना हमला बहुत निंदनीय है।

श्रद्धांजलि देने वालों में संजय सिंह, मुन्ना सोनी, पिंटू तिवारी, माली बाबा, रामचेतन भास्कर आदि उपस्थित रहे हैं।

# साहिल की सामाजिक सेवाओं ने समाज में अमिट छाप छोड़ी है- पाटेश्वरी



**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद भारत सरकार के सलाहकार एवं प्रतिष्ठित समाजसेवी एस.एम साहिल का जन्मदिन साहिल फाउण्डेशन ने बड़े धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर संस्था द्वारा सफेदाबाद स्थित मातृ-पितृ सदन वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को भोजन कराया। फाउंडेशन के अध्यक्ष पाटेश्वरी प्रसाद ने साहिल की लंबी आयु की कामना की। उन्होंने कहा कि साहिल एक प्रखर वक्ता और सामाजिक व्यक्ति है। उनमें राजनीति की बहुत गहरी और व्यवहारिक समझ है, साथ ही वह दोस्तों के बीच बेहद अपनेपन से रहने वाले दिलचस्प इंसान हैं। सामाजिक जीवन में खड़ा व्यक्ति अक्सर अपने परिवार से कटने लगता है मगर साहिल ने जिस तरह अपने परिवार को ऊँचे रखा है, वह सीखने वाला है। उनकी सामाजिक सेवाओं ने समाज में अमिट छाप छोड़ी है। श्री प्रसाद ने बताया कि साहिल फाउण्डेशन विगत कई वर्षों से शिक्षा, चिकित्सा और स्वच्छता के प्रति जनमानस को जागरूक करता आ रहा है। फाउण्डेशन द्वारा विशेष अभियान चलाकर इन बिन्दुओं पर क्रियान्वित करने का काम किया जा रहा है।यही नहीं, संस्था गरीब बच्चों की पढाई एवं निर्धनों की बेटियों के वैवाहिक संस्कारों में बढ-चढकर हिस्सेदारी करती है। संस्था के संस्थापक एस.एम. साहिल एक जिम्मेदार पद पर रहते हुए सामाजिक सरोकार में बढ़-चढ़ कर सहभागिता करते है। गरीबों के हितार्थ श्री साहिल उनकी हर संभव सहायता करने के लिए सदैव तैयार रहते है। इस मौके पर समाजसेवी दानिश वारसी, सपा नेता उमानाथ यादव, मनीष सिंह, मो अदीब इकबाल, मो. वसीक अहमद, विजय कनौजिया, अपिल यादव, संतोष कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# वसीम राईन ने कांग्रेस व सपा पर कसा तंज

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**



कांग्रेस से लेकर समाजवादी पार्टी ने पसमांदा मुसलमान को सिर्फ वोटबैंक बनाकर रखा। उसे सत्ता पाने के लिए इस्तेमाल किया। जब कुछ करने की बारी आई मुंह फेर लिया। इन दलों की राह पर भाजपा को नही चलना चाहिए। पसमांदा को साथ लेने का एक मतलब यह भी है कि केन्द्र सरकार में किसी पसमांदा चेहरे को शामिल किया जाए जो अब तक नही हुआ है। भाजपा को इस बारे में सोचना होगा। उक्त बात आल शुक्रवार को इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से की। श्री राईन ने आगे कहा कि समाजवादी पार्टी वादा कर मुकर जाने में बेहद माहिर है, इस दल के नेताओ ने कहा कि समितियों की सिफारिश लागू की जाएगी पर ऐसा नही हुआ। किसी पसमांदा चेहरे को राज्यसभा पहुँचने नही दिया बस बयानबाजी करते रहे और वोट लेकर राज करते आये। यह भूल गए कि सत्ता तक पहुंचने में पसमांदा मुसलमान ने कितनी बड़ी भूमिका निभाई। यही हाल कांग्रेस ने भी किया, सत्ता, सदन संगठन में कहीं भी रहने नही दिया। धर्मनिरपेक्ष होने का ढोंग करते रहे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि इन दोनों फरेबी दलों से मुंह मोड़ कर बैठे पसमांदा मुसलमान में भाजपा ने आस जगाई और साथ लेकर चलने की बात कहकर उम्मीद से वास्ता कराया पर करीबी अब तक कहीं दिखाई नही दी।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भानपुर में भ्रष्टाचार को लेकर बजरंग दल ने की शिकायत



**जन एक्सप्रेस । बस्ती**

शुक्रवार को बजरंग दल के जिला संयोजक मनमोहन त्रिपाठी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने मण्डलायुक्त को सम्बोधित ज्ञापन अपर आयुक्त को सौंपा। मांग किया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भानपुर में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई हो जिससे मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर लाभ मिल सके। ज्ञापन में 9 सूत्रीय ज्ञापन में कहा गया है कि इसके पूर्व भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भानपुर में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर जिलाधिकारी को अवगत कराया गया था किन्तु कोई कार्रवाई न होने से भ्रष्टाचारियो का मनोबल और बढ गया है। ज्ञापन में मेडिको लीगल के नाम पर दो से तीन हजार रूपये लिये जाने, डाक्टर द्वारा बाहर की दवा लिखे जाने, मरहम, पट्टी, फ्लूकोज, इंजेक्शन लगाने के नाम पर वसूली करने, जनरेटर नहीं चलता फिर भी डीजल का पैसा निकाल लिये जाने, चिकित्सक रात्रि में नहीं रूकते, इसकी व्यवस्था कराने, डा.सचिन चौधरी के आय की जांच कराकर उनका यहां से स्थानान्तरण किये जाने आदि की मांग शामिल है। बजरंग दल नेताओं ने चेतावनी दिया कि यदि मांगे न मानी गई तो वे धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में स्नेह पाण्डेय, धर्मेन्द्र कन्नौजिया, राहुल कुमार, सोनू चौहान, अनिल प्रजापति आदि शामिल रहे।

# पालिका के तेवर लगातार सख्त, तीन दिन में अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

शुक्लागंज। नगर में बड़े हुए अतिक्रमण और राजधानी मार्ग, फोरलेन पर रोजाना लगने वाले जाम से निपटने के लिए पालिका प्रशासन ने अब सख्त रवैया अपनाया है। शुक्रवार को नगर पालिका प्रशासन ने स्थायी और अस्थायी अतिक्रमणकारियों को तीन दिनों के भीतर स्वयं अपना अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया। इसके साथ ही फोरलेन पर एनाउंसमेंट कराकर लोगों को सचेत किया गया, जिससे अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा ने जाम की समस्या को गंभीरता से लेते हुए यह अभियान शुरू करने का निर्णय लिया। शाम के समय फोरलेन पर पालिका कर्मचारियों की टीम ने लाउडस्पीकर से एनाउंसमेंट कर लोगों को अवैध कब्जा हटाने की चेतावनी दी। नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो सक्षम प्राधिकारी और मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में पालिका और पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा। साथ ही संबंधित अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि यदि किसी दुकानदार या व्यक्ति का अतिक्रमण जबरन हटाया जाता है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी उसी की होगी। यह अभियान मुख्य मार्गों, बाजारों, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर हो रहे अवैध कब्जों को हटाने के लिए चलाया जाएगा। नगर में लगातार बढ़ती जाम की समस्या से स्थानीय लोग परेशान हैं। अतिक्रमण हटाने की इस कार्रवाई से नगरवासियों को राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं, अतिक्रमणकारियों में पालिका प्रशासन की इस सख्ती को लेकर चिंता बढ़ गई है।

# धर्म-आस्था के प्रति दृढ़ संकल्पित विधायक, 3600 श्रद्धालुओं को किया रवाना






**जन एक्सप्रेस । बस्ती**

धर्म और आस्था के प्रति संकल्पित हर्रैया विधायक अजय सिंह के नेतृत्व में श्रद्धालुओं को धर्म और आस्था से जोड़ने के संकल्प के तहत निःशुल्क रामलला दर्शन और महाकुंभ स्नान तीर्थ यात्रा लगातार जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को हर्रैया विधानसभा के लगभग 3600 तीर्थयात्री 60 बसों के माध्यम से हरैया विधानसभा के रामजानकी मार्ग स्थित रूपगढ से रवाना हुए। विधायक ने यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया और सभी श्रद्धालुओं को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। विधायक ने यात्रा के लिए आवश्यक वस्तुओं का वितरण भी श्रद्धालुओं में किया। विधायक ने कहा इस भव्य यात्रा का उद्देश्य जन-जन को धर्म, संस्कृति और आस्था से जोड़ते हुए प्रभु श्री रामलला के दर्शन एवं महाकुंभ स्नान का पुण्य लाभ दिलाना है। यात्रा में शामिल श्रद्धालु पवित्र संगम स्नान करेंगे और श्री राम लला दर्शन अयोध्या धाम दर्शन कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करेंगे। कहा कि हमारी संस्कृति और आस्था की यह यात्रा सिर्फ एक धार्मिक अभियान नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और संस्कारों को आगे बढ़ाने का एक प्रयास है। कहा कि क्षेत्र वासियों के लिए यह सुविधा महाकुंभ के अंतिम स्नान महाशिवरात्रि तक जारी रहेगी। इस अवसर पर कृष्ण कुमार सिंह, रघुनाथ सिंह, अखिलेश सिंह, अर्जुन सिंह, परशुराम वर्मा, मुक्ति नाथ वर्मा, बृजेश मिश्रा, राम मणि मिश्रा, पंकज मिश्रा, रमाकांत सिंह, सरोज मिश्र बाबा, अखिलेश सिंह, शिव प्रसाद सिंह, भगौती गुप्ता, सन्तोष सिंह, अंतेश सिंह, मनोज सिंह, बड़े सिंह, परवीन कुमार, अंबुज, सुरेन्द्र सिंह, धर्मध्वज सिंह, गिरिजेश बहादुर सिंह, विवेक कान्त पाण्डेय, मनीष पाण्डेय, वेद प्रकाश मिश्र, संदीप सिंह, अविनाश सिंह, आनंद सिंह डेविड, आदित्य सिंह, रमा शंकर सिंह, अरुणेंद्र सिंह, आशीष सिंह, मन्नी सिंह, अनिल सिंह, नन्दलाल, राजेश सिंह, श्रीराम सिंह, सुरेश सिंह, बेचू सिंह, ज्ञान विक्रम सिंह, धन प्राप्त वर्मा, लाल बहादुर, मोहन मिश्रा, पंकज, राजन पाण्डेय, विनोद गुप्ता, मुन्ना सिंह, संदीप, राजू, नन्दलाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, समाजसेवी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# वेलेंटाइन डे पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस मुस्तैद दिखी

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

**शुक्लागंज।** फरवरी का महीना शुरू होते ही प्रेमी जोड़ों में खासा उत्साह देखने को मिलता है। पूरा सप्ताह प्यार के इजहार और जज्बातों को समर्पित होता है, जिसका समापन वेलेंटाइन डे पर होता है। शुक्रवार को वेलेंटाइन डे के अवसर पर प्रेमियों ने दिल खोलकर अपने जज्बातों का इजहार किया और दिनभर उत्सव का माहौल बना रहा सुबह से ही प्रेमी जोड़े इस खास दिन को मनाने के लिए घरों से निकल पड़े। कुछ ने कानपुर के होटलों और रेस्टोरेंट में रोमांटिक लंच और डिनर किया, तो कुछ ने नगर के सिनेमाहॉल में फिल्म देखकर दिन का लुत्फ उठाया। वहीं, कई प्रेमी जोड़े हाईवे पर लॉन्ग ड्राइव का आनंद लेते नजर आए। शहर की फूल दुकानों पर सुबह से ही चहल-पहल रही, जहां युवा गुलाब के फूल और बुके खरीदते देखे गए। वेलेंटाइन डे की धूम केवल अविवाहित जोड़ों तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि शादीशुदा लोगों ने भी इसे पूरे जोश के साथ मनाया। पति-पत्नी ने एक-दूसरे को गुलाब के फूल देकर प्यार जताया और साथ में खास लम्हे बिताए। बुजुर्गों ने भी इस दिन को खास बनाते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर वेलेंटाइन डे मनाया। हालांकि, कुछ जगहों पर पारंपरिक विचारधारा के लोगों ने इस दिन का विरोध भी किया, लेकिन प्रेमी जोड़ों के जोश और जज्बातों के आगे सब फीका पड़ गया। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस भी मुस्तैद रही, जिससे कहीं कोई अप्रिय घटना न हो। कुल मिलाकर, शुक्लागंज और आसपास के क्षेत्रों में वेलेंटाइन डे का उत्सव जोश और उमंग से भरा रहा।

## किराना दुकान से चोरी करने में तीन किशोर पकड़े

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज।** किराना दुकान में नकब लगाकर 30 हजार की चोरी करने में पुलिस ने तीन किशोरों को पकड़ लिया। तीनों को कोर्ट में पेश करने के बाद बाल सुधार गृह भेज दिया। इनके पास से पुलिस ने 29,845 की नकदी बरामद की। छिबरामऊ कोतवाली के मोहल्ला कटरा बख्शी निवासी विशाल गोयल की गुड मंडी में किराना की दुकान है। 11 फरवरी को दुकान में नकब लगाकर चोर 30 हजार की नकदी चोरी हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर तीन किशोरों को पकड़ लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने इनकी निशानदेही पर चोरी के 29845 रुपये बरामद कर लिए। घटना में प्रयुक्त सरिया भी पुलिस ने बरामद कर ली। कोतवाल अजय अवस्थी ने बताया कि किराना दुकानदार के यहां नकब लगाकर चोरी करने में तीन को पकड़ कर बाल सुधार गृह भेजा गया है।

## दावत खाकर लौट रहे युवक की हादसे में मौत

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज। गुरसहायगंज।** दावत खाकर लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी। घायल को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के मसीदपुर्वा निवासी करने सिंह ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि बुधवार को भाई अमर सिंह गांव के ही तीन लड़कों के साथ शाम को पड़ोसी गांव मदारपुर में भंडारा खाने गया था।

# मोदी मुझसे बेहतर नेगोशिएटर: ट्रंप

## पीएम मोदी अमेरिका से दिल्ली रवाना, भारत को एफ-35 फाइटर जेट देने के लिए अमेरिका तैयार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वॉशिंगटन डीसी।

पीएम नरेंद्र मोदी का अमेरिका दौरा खत्म कर दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। पीएम मोदी शुक्रवार देर रात 3 बजे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मिलने व्हाइट हाउस पहुंचे। दोनों नेता करीब ढाई घंटे तक साथ रहे। इस दौरान दोनों के बीच द्विपक्षीय बातचीत हुई। ट्रम्प-मोदी ने 2 बार मीडिया से बात की। ट्रम्प ने टैरिफ मामले पर मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें एक टफ नेगोशिएटर (मोलभाव करने वाला) बताया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी उनके अच्छे दोस्त हैं और वे अच्छा काम कर रहे हैं। वो मुझसे भी बेहतर नेगोशिएटर हैं। ट्रम्प ने भारत को एफ-35 फाइटर जेट देने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने 2008 में मुंबई हमले के आतंकी तहव्वुर राणा को भारत भेजने की बात कही। वहीं, पीएम मोदी ने दूसरी बार अमेरिका का राष्ट्रपति चुने जाने पर ट्रम्प को बधाई दी। मोदी ने कहा कि यह खुशी की बात है कि मुझे ट्रम्प के साथ दोबारा काम करने का अवसर मिला है। मेरे और ट्रम्प के मिलने का मतलब एक और एक ग्यारह है।



### ट्रम्प ने दुनियाभर में टैरिफ लगाया

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ने पीएम मोदी से मुलाकात के 2 घंटे पहले भारत समेत सभी देशों पर जैसे को तैसा टैरिफ (रेसिप्रोकल टैरिफ) लगाने का ऐलान किया। रेसिप्रोकल टैरिफ यानी जो देश अमेरिकी सामान पर जितना टैरिफ लगाएगा, अमेरिका भी उस देश के सामान पर उतना ही टैरिफ लगाएगा। ट्रम्प ने भारत पर बहुत ज्यादा टैरिफ लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा- भारत टैरिफ लगाने के मामले में सबसे ऊपर है। कुछ छोटे देश हैं जो इससे भी ज्यादा टैरिफ लगाते हैं, लेकिन भारत का टैरिफ बहुत अधिक है। मुझे याद है कि जब हार्ले डेविडसन भारत में अपनी मोटरबाइक नहीं बेच पा रहा था, क्योंकि भारत में टैक्स बहुत ज्यादा था, टैरिफ बहुत ज्यादा था। लिहाजा हार्ले को निर्माण बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ा। मुझे लगता है कि टैरिफ का भुगतान करने से बचने के लिए उन्हें भारत में एक कारखाना बनाना पड़ा।

### मोदी के बयान की प्रमुख बातें

- अवैध अप्रवासी जो लोग अवैध रूप से दूसरे देशों में रहते हैं, उन्हें वहां रहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। हमने हमेशा कहा है कि जो लोग भारत के नागरिक हैं और अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे हैं, उन्हें वापस लाने के लिए तैयार हैं।
- मानव तस्करी सामान्य परिवारों के लोगों को बड़े-बड़े सपने दिखाए जाते हैं। उनमें से ज्यादातर को गुमराह करके लाया जाता है। अमेरिका और भारत दोनों को मिलकर इस सिस्टम को जड़ से खत्म करने की कोशिश करनी चाहिए।
- आतंकवाद हम इस बात पर सहमत हैं कि सीमा के दूसरी तरफ से पैदा होने वाले आतंकवाद को खत्म करने के लिए ठोस कार्रवाई की जानी चाहिए। भारत में नरसंहार करने वाले एक अपराधी को प्रत्यर्पित करने के फैसले की तारीफ करता हूं।
- रूस-यूक्रेन जंग दुनिया का नजरिया है कि भारत न्यूट्रल है, लेकिन भारत न्यूट्रल नहीं है, भारत का अपना पक्ष है शांति। समस्याओं का समाधान जंग से नहीं निकलता। वह टेबल पर चर्चा करके ही निकलता है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने शांति का जो इनीशिएटिव लिया है, मैं उसका पूरी तरह से समर्थन करता हूं।

### ट्रम्प के बयान की प्रमुख बातें

- **टैरिफ:** इस मीटिंग में हमने हर पहलू पर चर्चा की है। हम भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी बढ़ाते रहेंगे। भारत 70 प्रतिशत टैरिफ लगाता है।
- **खालिस्तान:** मुझे नहीं लगता के भारत के बाइडेन प्रशासन के साथ अच्छे संबंध थे। ऐसी बहुत चीजें हुईं, जो ठीक नहीं थी। हम अपराध को काबू करने के लिए भारत के साथ मिलकर काम करेंगे।
- **भारत पर सख्ती:** भारत के साथ सख्ती दिखाकर चीन को कैसे हराएंगे? इसके जवाब में उन्होंने कहा- हम किसी को भी मात दे सकते हैं, लेकिन हम किसी को मात देने के बारे में नहीं सोचते।
- **भारत से व्यापार घाटा:** हम तेल, गैस और एलएनजी की बिक्री के साथ घाटे के अंतर को बहुत आसानी से पूरा कर सकते हैं। इसके लिए हमने एक अहम समझौते पर दस्तखत किया है।
- **बांग्लादेश:** बांग्लादेश में जारी सियासी उथल पुथल को लेकर राष्ट्रपति ने कहा कि मैं मैं बांग्लादेश का मुद्दा पीएम मोदी पर छोड़ता हूं।

### राष्ट्रपति ट्रम्प के बयान की 7 अहम बातें

- मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को भारत भेजा जाएगा।
- इस्लामिक आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ेंगे।
- एशिया पैसेफिक के लिए भारत अहम देश।
- भारत के साथ डिफेंस बिजनेस और बढ़ाएंगे।
- भारत को तेल और एनर्जी सप्लाई करने पर सहमत हुए हैं।
- एआई डेवलपमेंट के लिए साथ में मिलकर काम करेंगे।
- अमेरिका का भारत के साथ व्यापार घाटा को कम करने पर समहति हुई।

### मोदी के बयान की 5 अहम बातें

- अमेरिकी भाषा में विकसित भारत मतलब मेक इंडिया ग्रेट अगेन।
- एनर्जी और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में निवेश बढ़ाएंगे।
- एआई, सेमीकंडक्टर और क्वांटम पर मिलकर काम करेंगे।
- न्यूक्लियर स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर बनाने की दिशा में सहयोग पर बात।
- लॉस एंजिलिस और बॉस्टन में नए कॉन्सुलेट खोलेंगे।

### रूस-यूक्रेन जंग पर मोदी बोले- भारत शांति का पक्षधर

पीएम नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन जंग पर कहा कि दुनिया का नजरिया है कि भारत न्यूट्रल है, लेकिन भारत न्यूट्रल नहीं है, भारत का अपना पक्ष है शांति। पहले दिन से ही वे यह कहते आ रहे हैं कि समस्याओं का समाधान जंग से नहीं निकलता है। वह टेबल पर चर्चा करके ही निकलता है।

### अमेरिकी रक्षा विभाग का सबसे महंगा विमान एफ-35

एफ-35 लड़ाकू विमान 5वीं जनरेशन का विमान है। इसे लॉकहीड मार्टिन ने डेवलप किया है। इस प्लेन को 2006 से बनाना शुरू किया गया था। 2015 से यह अमेरिकी वायुसेना का एक अहम हिस्सा है। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन के इतिहास में सबसे महंगा विमान एफ-35 ही है। अमेरिका एक एफ-35 फाइटर प्लेन पर 82.5 मिलियन डॉलर (करीब 715 करोड़ रुपए) खर्च करता है।

# पैठ बाजारों को व्यवस्थित करने को लेकर प्रशासनिक कवायद शुरू



- निगम सभागार में नगरायुक्त और प्रशासनिक अधिकारियों की बड़ी बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

गाजियाबाद में पैठ बाजारों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का दौर लगातार चल रहा है। जिसके लिए पुरानी टाउन वेंडिंग कमेटी की सुध एकबार आई है। साप्ताहिक बाजारों को लेकर भाजपा विधायक नन्द किशोर गुर्जर के आंदोलन और प्रमुख सचिव मनोज कुमार सिंह के निर्देश के बाद नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की सक्रियता बढ़ गई है। इसी क्रम में शुक्रवार को निगम मुख्यालय सभागार में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें 2017 के टाऊन वेंडिंग कमेटी के सदस्यों समेत निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिन मुद्दों पर सहमति उनमें सर्वप्रथम बिंदु के रूप में 15 दिन के अंदर नई टाउन वेंडिंग कमेटी के गठन का गठन प्रमुख रूप से करने पर सहमति बनी। दूसरे महत्वपूर्ण बिंदु के रूप जब तक टाउन वेंडिंग कमेटी का निर्णय नहीं होता तब तक मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के निर्देशों के अनुसार यथावत साप्ताहिक बाजार यथा स्थान लगते रहेंगे।

तीसरे महत्वपूर्ण बिंदु के रूप में सड़को से साइड होकर पैठ बाजारों के व्यवस्थित करने पर भी सहमति बनी। जिसके लिए निगम के पांचों जोनों के निर्माण विभाग और स्थानीय पुलिस , यातायात के साथ विभागीय अधिकारी शामिल रहेंगे।

चौथे बिंदु के रूप सभी जोनल कार्यालय अपने अपने क्षेत्र में पैठ बाज़ार वाले विक्रेताओं को पहचान करके परिचय पत्र जारी करेंगे। उसके बाद उनसे यूजर चार्ज भी वसूलेंगे। जिसकी योजना बनाई जा रही है। बैठक में बाहरी व्यापारियों के मुद्दे को टाउन वेंडिंग कमेटी के गठन तक छोड़ दिया गया है। जिसके बाद उनके समक्ष विचार करके अग्रिम कार्यवाही की बात हुई।बैठक में अपर जिलाधिकारी गम्भीर सिंह, एसपी ट्रैफिक जियाउद्दीन अहमद समेत पुलिस और संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# वकीलों को जाति-धर्म के आधार पर नहीं बांट सकते अदालत बोली, बार संघ चुनाव में आरक्षण नहीं होगा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अधिवक्ता संघ चुनाव में वकीलों को जाति के आधार पर आरक्षण देने से इनकार कर दिया। बंगलूरू अधिवक्ता संघ चुनाव को लेकर एनजीओ एडवोकेट्स फॉर सोशल जस्टिस की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह ने कहा कि हम अधिवक्ताओं को जातिगत आधार पर बंटने नहीं देंगे और न ही हम इस मुद्दे का राजनीतिकरण होने देंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह संवेदनशील मुद्दा है। यह एक पिटारा खोल देगा और हमें लगता है कि बिना किसी आंकड़े के ऐसा नहीं किया जाना चाहिए। महिलाओं के लिए सीट आरक्षित करना अलग बात थी। हम बार के सदस्यों को जाति के आधार पर बंटने नहीं देंगे। इस मुद्दे का हम राजनीतिकरण नहीं होने देंगे। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि हम किसी भी प्रासंगिक आंकड़े के बिना ऐसा करने में सक्षम नहीं हैं। देश के सांसद विभिन्न मुद्दों और समुदायों का प्रतिनिधित्व करने के लिए संवेदनशील हैं। उन्होंने कहा कि जब भी आरक्षण को लेकर कोई विधेयक आता है, तो इससे विशेषज्ञ बहुत सारी बहस और विचार-विमर्श करते हैं। अलग-अलग आंकड़े जुटाए जाते हैं। आप इसे देखकर निर्णय ले



सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि आज हम बिना किसी उचित डाटा के ऐसा करने में अक्षम हैं। इस मामले गंभीर प्रश्न मानते हुए बार एसोसिएशन से जुड़ी अन्य लंबित याचिकाओं के साथ जांच करेंगे। ऐसे मामलों के लिए उचित आंकड़ें और विश्लेषण की जरूरत होती है। हम जानना चाहते हैं कि कानूनी पेशे में विशेष समुदाय से कितने लोग हैं और उनका प्रतिनिधित्व कहां तक कम है।

### याचिका में यह मांग की गई

याचिका में एनजीओ एडवोकेट्स फॉर सोशल जस्टिस ने मांग की है कि बंगलूरू अधिवक्ता संघ चुनाव में एससी-एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण का प्रावधान किया जाए। इस पर पीठ ने कहा कि यह दोनों पक्षों की ओर से बहस योग्य मुद्दे उठाए गए हैं। इस पर स्वस्थ वातावरण में बात की जानी चाहिए। हम बार निकायों को ऐसे मुद्दों बंटने नहीं देना चाहते। यह हमारा इरादा नहीं है। पीठ ने इस मुद्दे को लंबित चल रहे बार एसोसिएशन को मजबूत करने के मामलों के साथ जोड़ दिया। इस पर 17 फरवरी को सुनवाई होगी। एनजीओ की ओर से याचिकाकर्ता वरिष्ठ अधिवक्ता माधवी दीवान ने कहा कि पिछले 50 साल से बंगलूरू अधिवक्ता संघ के कार्यकारी निकाय में एससी-एसटी और ओबीसी श्रेणी से एक भी सदस्य की नियुक्ति नहीं हुई है। अन्य देशों में बार निकाय चुनाव में आरक्षण और अन्य सकारात्मक कार्य किए जाते है। इससे युवाओं को बार के सदस्य के रूप में आगे आने का मौका मिलता है।

### कर्नाटक हाईकोर्ट ने खारिज कर दी थी याचिका

इससे पहले कर्नाटक हाईकोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया था। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को मामला सुप्रीम कोर्ट में ले जाने की सलाह दी थी। वहीं 28 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने अपने 24 जनवरी के आदेश में संशोधन करते हुए कहा कि अधिवक्ता संघ में उपाध्यक्ष का अतिरिक्त पद सृजित किया जाए। कोर्ट ने पहले आदेश दिया था कि अधिवक्ता संघ में कोषाध्यक्ष का पद महिला उम्मीदवार के लिए आरक्षित होगा। मगर तब तक तमाम पुरुष अधिवक्ता इस पद के लिए नामांकन कर चुके थे। कोर्ट के आदेश को लेकर अधिवक्ता संघ के वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट में आवेदन किए थे।

# पीएम के जन्मदिन पर मोदी महोत्सव मनाएगा नमो केंद्र

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

नरेंद्र मोदी अध्ययन केंद्र (नमो केंद्र) ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर किताबें लिखने वाले देश-दुनिया के लेखकों, प्रकाशन संस्थाओं को सम्मानित करेगा। प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर सोमवार को नई दिल्ली में एक सम्मेलन मोदी महोत्सव आयोजित किया जाएगा, जिसमें इन लेखकों व प्रकाशन संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। नमो केंद्र के मुख्य ट्रस्टी जसीम मोहम्मद ने इस पहल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक मजबूत और विकसित भारत के दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। लेखकों ने विभिन्न भाषाओं में उनकी जीवन यात्रा, नीतियों और नेतृत्व का दस्तावेजीकरण किया है। हम उनके प्रयासों और योगदान को मान्यता देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि किताबें इतिहास को आकार देने में अहम भूमिका निभाती हैं और प्रधानमंत्री मोदी पर लिखी गई किताबें आने वाली पीढ़ियों के लिए महत्वपूर्ण संदर्भ एवं शोध के रूप में काम करेंगी। उन्होंने कहा, यह केंद्र विभिन्न पृष्ठभूमि के लेखकों, शोधकर्ताओं और विद्वानों से संपर्क कर रहा है, जिन्होंने मोदी के शासन, राजनीतिक दर्शन और वैश्विक प्रभाव के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन किया है। विशेषज्ञों, राजनयिकों और नीति निर्माताओं से जुड़ने का एक मंच प्रदान करेगा।

# थोक व्यापारी को लूटने वाले पांच बदमाश गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

गाजियाबाद परिक्षेत्र में बृहस्पतिवार रात्रि को हुई थोक व्यापारी से लूट की घटना को रिकॉर्ड समय में खुलसा करते हुए पुलिस ने मुठभेड़ के बाद पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जबकि एक बदमाश भगाने में सफल रहा। पुलिस की इस कार्यवाही से क्षेत्रीय जनता ने खुशी व्यक्त किया है। घटना के सम्बंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष मोहित गर्ग के पिता सतीश चंद्र गर्ग अपने दुकान बंद करके घर को वापस लौट रहे थे। जिनके साथ उनका मुनीम



बबलू भी था। तभी रात्रि लगभग 8 से 9 के बीच बदमाशों ने तमंचे के बल पर उनसे लूटपाट किया और गोली तक चलाई जिसमें मुनीम बबलू घायल हो गया था। जिसके बाद पूरे क्षेत्र के व्यापारी और राजनीतिक वर्ग में पुलिस व्यवस्था को लेकर आक्रोश व्याप्त होने लगा। जिसके क्रम में स्थानीय पुलिस अधिकारियों की टीम ने तड़के से ही अभियान शुरू कर दिया और गंग नहर के पास 2 मोटरसाइकिल से सवार 6 लोग आते दिखाई दिए। जिनकी गतिविधि संदेहास्पद थी। जिसके बाद पुलिस ने धरपकड़ हेतु पीछा किया जिसमें पुलिस पर ही बदमाशों ने फायर करने लगे। जिसके बाद आत्मरक्षार्थ पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग करते हुए चार बदमाशों को काबू किया जबकि 1 बदमाश पकड़ा गया। जबकि 1 बदमाश भागने में सफल रहा। एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि बदमाशों को पकड़ने के लिए कई टीम गठित किया गया था। स्वाट टीम और मुरादनगर पुलिस के संयुक्त प्रयास से पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

# शरद पवार हमारे पिता समान उनसे कोई नाराजगी नहीं: संजय राउत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

राष्ट्र गौरव पुरस्कार विवाद को लेकर महाराष्ट्र की सियासत में गर्माहट तेज है। इसी बीच शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के सहयोगी एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार के प्रति कोई नाराजगी नहीं है, भले ही उन्होंने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को महादजी शिंदे राष्ट्र गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया। राउत ने पत्रकारों से कहा कि यह पुरस्कार देने से इनकार करना उस व्यक्ति का अपमान होगा जिसके नाम पर यह पुरस्कार दिया



जाता है। संजय राउत ने कहा कि पवार साहब के प्रति कोई नाराजगी नहीं है। उनका सम्मान करना जरूरी है और पुरस्कार न देना उस व्यक्ति का अपमान होगा जिसके नाम पर यह पुरस्कार दिया जाता है। उन्होंने कहा कि पवार साहब हमारे लिए पिता समान हैं। राउत ने यह भी कहा कि जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह महाराष्ट्र आते हैं और शरद पवार के खिलाफ बयान देते हैं, तो इस पर शरद पवार के समर्थक कुछ नहीं कहते। साथ ही राउत ने पूछा कि वे तब कहां चले गए थे? बता दें कि यह बयान शरद पवार द्वारा एकनाथ शिंदे को महादजी शिंदे राष्ट्र गौरव पुरस्कार देने के बाद आया है, जो 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के दौरान नई दिल्ली में हुआ था। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन कार्यक्रम के दौरान शरद पवार और एकनाथ शिंदे ने मंच साझा किया।

### आदित्य ठाकरे ने भी किया था हमला

इससे पहले, शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने एकनाथ शिंदे पर हमला करते हुए उन्हें महाराष्ट्र के औद्योगिकीकरण को नुकसान पहुंचाने और शिवसेना में विभाजन पैदा करने का आरोप लगाया। ठाकरे ने कहा कि उनके सिद्धांत उन्हें एकनाथ शिंदे जैसे व्यक्ति को सम्मानित करने की अनुमति नहीं देंगे। उन्होंने कहा, जो महाराष्ट्र द्रोही है, वह देश द्रोही भी होता है।

# न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक का निदेशक मंडल 12 महीने के लिए भंग, परेशान ग्राहक दिखे नाराज

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

रिजर्व बैंक ने न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, मुंबई के निदेशक मंडल को 12 महीने के लिए भंग कर दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस अवधि के दौरान बैंक के कामकाज का प्रबंधन करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के पूर्व मुख्य महाप्रबंधक श्रीकांत को प्रशासक नियुक्त किया है। 14 फरवरी, 2025 न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, मुंबई के निदेशक मंडल को बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 (सहकारी समितियों पर लागू) की धारा 56 के साथ पठित धारा 36 एए के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भंग किया गया है। रिजर्व बैंक ने प्रशासक को उसके कर्तव्यों के निर्वहन में सहायता के लिए सलाहकारों की एक समिति भी नियुक्त की है। सलाहकार समिति में रवींद्र सपरा (पूर्व महाप्रबंधक, एसबीआई) और अभिजीत देशमुख (चार्टर्ड अकाउंटेंट) को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। बैंक में देखे गए खराब प्रशासनिक गड़बड़ियों को




देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

### क्या है पूरा मामला

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मुंबई स्थित न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक पैसे निकालने, जमा करने, लोन देने और किसी प्रकार के लिए लेनदेन पर प्रतिबंध लगा दिया है। आरबीआई ने गुरुवार शाम को जारी अपने निर्देशों में कहा, बैंक में हाल ही में हुए महत्वपूर्ण घटनाक्रमों से उत्पन्न पर्यवेक्षी चिंताओं और बैंक के जमाकर्ताओं के हितों की रक्षा के कारण ये निर्देश आवश्यक हैं। बैंक की सबसे अधिक शाखाएं मुंबई और ठाणे में स्थित हैं और बैंक के कुल जमाकर्ताओं की संख्या 3 लाख से अधिक है। बैंक के ग्राहक एवं जमाकर्ता विश्वास उटजी ने अमर उजाला डॉटकॉम को बताया कि इस घटना को लेकर बैंक के सभी जमाकर्ता रविवार को गारेगांव में मीटिंग करने वाले हैं। हमारे खातों में पड़े पैसों को लेकर हमने अपने बैंक से भी बात की है, जहां से हमें अभी तक कोई जवाब नहीं मिली है।

### बैंक के जमाकर्ता काफी सदमे में, लोगों में नाराजगी

फिलहाल रिजर्व बैंक की गाइडलाइन के अनुसार हमारी जमा राशि के केवल पांच लाख रुपये दिए जाएंगे, लेकिन यह कब और कैसे मिलेंगे इस पर अभी तक कोई स्पष्टता नहीं मिली है। वे कहते हैं कि बैंक में केवल एक ग्राहक की नहीं कई संगठनों, संस्थाओं और कई वरिष्ठ नागरिक भी हैं, जिनकी जीवन भर की पूंजी इस बैंक के फिक्सड डिपॉजिट में है। कुछ ने तो अपने बच्चों की शादी के लिए पैसे जमा करके रखें है, तो कुछ ग्राहकों ने एक दिन पहले ही फिक्सड डिपॉजिट करवाया है। बैंक या आरबीआई केवल पांच लाख रुपये वापस करेगी बाकी के पैसों को क्या होगा, जो हमारी जीवन भर की कमाई है। उनका कहना है कि सरकार एक और बैंकों की वित्तीय स्थिति अच्छी कर रही है और दूसरी और बैंकों को बंद भी कर रही, बाकी बचा हुआ पैसा क्या बड़े बैंकों दिया जाएगा। इसका जवाब कौन देगा। ऐसे में बैंक के जमाकर्ता काफी सदमे में है। एक अन्य बैंक के जमाकर्ता जयेश शाह बताते हैं कि उन्होंने गुरुवार की सुबह ही 50 लाख रुपये का बैंक में जमा किए थे, वे कहते हैं यह पैसे मैंने अपनी बेटी की शादी पर खर्च करने के लिए रखे थे, मई में शादी है अब क्या होगा यह समझ में नहीं आ रहा है। लोग कह रहे हैं कि केवल 5 लाख रुपये की मिलेंगे, लेकिन अब मैं शादी के लिए कहां से पैसे लाऊंगा। उनका कहना है कि यदि बैंको गुरुवार को आरबीआई की ओर से नोटिस मिला था, तो उसने हमारे पैसे कैसे जमा किए, इसका कौन जवाब देगा। देश में अभी तक 450 सहकारी बैंकों को बंद किया जा चुका है

### सहकारी बैंकों का अनिश्चित भविष्य

बैंक विशेषज्ञ एवं जानकार रमेश जैन बताते हैं कि बैंकों को कई अन्य कारणों से अनिश्चित भविष्य का सामना करना पड़ रहा है। आरबीआई की बैंकों को लेकर दी गई रिपोर्ट को देखे तो पता चलता है कि2021 में अब तक, केंद्रीय बैंक ने यूसीबी को कम से कम 48 निर्देश जारी किए हैं, या तो नए विनियामक उपाय लागू किए हैं या मौजूदा उपायों को बढ़ाया है। इसके अलावा, ऐसे 75 मामले हैं जब यूसीबी को गैर-अनुपालन के लिए दंडित किया गया, जबकि 2020 में केवल 23 और 2019 में केवल सात मामले थे। अधिकतर सहकारी बैंक विषम बैंकिंग संरचना में असहज स्थिति में काम करते हैं। जबकि बड़े बैंकस में यह परेशानी नहीं होती, सहकारी बैंक जो ग्रामीण आबादी को ऋण वितरित करने और वित्तीय समावेशन में योगदान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, वे अलोकप्रिय स्थिति में हैं। रिपोर्ट को देखे तो पता चलता है कि 31 मई, 2021 तक, 1,531 शहरी सहकारी बैंक (यूसीबी) और 97,006 ग्रामीण सहकारी बैंक हैं, जिनमें से ग्रामीण सहकारी बैंकों की हिस्सेदारी सभी सहकारी समितियों की कुल संपत्ति का 65 प्रतिशत है।

### 20 साल में 450 सहकारी बैंकों को बंद किया जा चुका

भारतीय बैंक एसोसिएशन के सदस्य कहते हैं कि देश में 20 साल में 450 सहकारी बैंकों को बंद किया जा चुका है। जिसमें ग्रामीण सहकारी बैंक और शहरी सहकारी बैंक शामिल हैं। जुलाई 2024 में आरबीआई ने बनारस मर्केंटाइल को-ऑपरेटिव बैंक की बिगड़ती वित्तीय स्थिति की वजह से उसका लाइसेंस रद्द कर दिया। इसके अलावा जून में आरबीआई ने अपर्याप्त पूंजी और कमाई की वजह से मुंबई के को-ऑपरेटिव बैंक और उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में पूर्वांचल को-ऑपरेटिव बैंक के लाइसेंस रद्द कर दिए थे। आरबीआई के आंकड़ों से पता चलता है कि साल 2023 में 17 बैंकों ने अपने कारोबार को बंद कर दिया। जिसमें आधा दर्जन बैंक शहरी सहकारी बैंक (यूसीबी) थे। 2014 के बाद कुल 60 सहकारी बैंक जिसमें शहरी और ग्रामीण दोनों की शामिल हैं उनको बंद कर दिया गया। 2022 में कुल 12 सहकारी बैंकों को बंद किया जा चुका है। वहीं महाराष्ट्र इस कैटेगरी में सबसे आगे है जहां 2014 से अब तक 36 सहकारी बैंकों को बंद किया जा चुका है। साल 2023 में पंजाब और महराष्ट्र सहकारी बैंक के फेल होने के बाद 2020 से 5 लाख रुपये का जमा राशि का बीमा किया जाता है। यानी यदि कोई बैंक बंद हो जाती है या डूब जाती है, तो जमाकर्ता को 5 लाख रुपये दिए जाएंगे।

### एनपीए के साथ घाटा बढ़ा

आरबीआई की रिपोर्ट के अनुसार साल 2022-23 में सहकारी बैंकों के पोर्टफोलियों में फंसे कर्ज की हिस्सेदारी 8.8 प्रतिशत थी, जो 2013-14 में 5.7 प्रतिशत थी। फंसे कर्ज का अनुपात यानी एनपीए की ऑडिटिंग के बाद 2022-23 में 2.1 प्रतिशत था। सितंबर 2023 को आरबीआई के गवर्नर ने सहकारी बैंकों के बेड लोन अथवा फंसे लोन को लेकर चिंता जाताई थी। उसी साल केंद्रिय बैंक ने ऐसे बैंकों को मजबूत करने के उपायों को नोटिफाई भी किया था। बैंकों द्वारा दिए गए लोन की वैल्यू 2013-14 के बाद 65 प्रतिशत बढ़कर 3.3 लाख करोड़ रुपये हो गई है। जमा की वैल्यू 68 प्रतिशत बढ़कर 5.3 करोड़ रुपये हो गई है। साल 2023 में पंजाब और महाराष्ट्र सहकारी बैंक के फेल होने के बाद 2020 से 5 लाख रुपये का जमा राशि का बीमा किया जाता है। यानी यदि कोई बैंक बंद हो जाती है या डूब जाती है, तो जमाकर्ता को 5 लाख रुपये दिए जाएंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)